Page 11 खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09 देश




**पाकिस्तानी शो विवाद पर सुनील गावस्कर ने तोड़ी चुप्पी, आलोचना पर दिया बड़ा बयान**



**पंजाब सरकार के खिलाफ एकजुट हुआ विपक्ष, कांग्रेस और बीजेपी ने बुलाई आपातकालीन बैठक**


मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, कृतिका, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • सोमवार • 23 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 110 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,33,800 | ₹ 2,45,000 |

## आज का इतिहास

**1889 : मिर्ज़ा ग़ुलाम अहमद , ने ब्रिटिश भारत में अहमदिया इस्लामिक कृषि आंदोलन की स्थापना की।**

**1931 : भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महान क्रांतिकारी नेता भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव को फांसी दी गई।**

## न्यूज बाइट्स

### सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले नेता बने पीएम नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली (ए.)।** भारत की राजनीति में एक नया इतिहास रचते हुए नरेन्द्र मोदी अब देश में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले नेता बन गए हैं। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनका कुल कार्यकाल अब लगभग 24 साल 5 महीने का हो चुका है, जो किसी भी भारतीय नेता के लिए अब तक का सबसे लंबा शासनकाल माना जा रहा है। खास बात यह है कि यह सफर वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुआ था और तब से लेकर आज तक उन्होंने लगातार सत्ता में बने रहकर एक अनोखी राजनीतिक निरंतरता कायम की है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने 2001 से 2014 तक राज्य की कमान संभाली और इसके बाद 2014 में देश के प्रधानमंत्री बने। तब से लेकर अब तक वे लगातार प्रधानमंत्री पद पर बने हुए हैं।

### ग्रामीण सड़कों को दो लेन करने का काम जल्द शुरू होगा : मंत्री


**पटना (नि.सं.)।** ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने कहा है कि बिहार की ग्रामीण सड़कों पर विकास का रथ तेज गति के साथ दौड़ रहा है। राज्य की ग्रामीण सड़कों को दो लेन में तब्दील किया जा रहा है। जल्द ही यह काम शुरू होगा। गांधी मैदान में ग्रामीण कार्य विभाग के पवेलियन के उद्घाटन पर मंत्री ने कहा कि 21 साल पहले बिहार में ग्रामीण सड़कों की कुल लम्बाई महज सात हजार किलोमीटर थी। अब 1.20 लाख किलोमीटर है। 2893 ग्रामीण पुल बने हैं। ऐसी कोई भी ग्रामीण बसावट नहीं है, जो पक्की बारहमासी सड़क न हो।

पश्चिम एशिया संकट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उच्चस्तरीय बैठक

# पीएम ने की ईंधन और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति पर मंथन

- देश में तेल, गैस और खाद की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर
- उपभोक्ताओं और उद्योगों के हितों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता
- कई देशों के नेताओं से प्रधानमंत्री की बातचीत

एजेंसी | नई दिल्ली




पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें देश में पेट्रोलियम, बिजली और उर्वरक जैसे अहम क्षेत्रों की स्थिति की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों ने भाग लिया और वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत की ऊर्जा एवं आपूर्ति व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सूत्रों के अनुसार इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि देश में तेल, गैस और खाद जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति निर्बाध बनी रहे। सरकार उपभोक्ताओं और उद्योगों के हितों को ध्यान में रखते हुए वैश्विक घटनाक्रमों पर लगातार नजर बनाए हुए है और आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाओं से निपटने के उपायों पर काम कर रही है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा था कि इस युद्ध ने दुनिया भर में ऊर्जा संकट की स्थिति पैदा कर दी है और यह एक कठिन चुनौती है, जिससे निपटने के लिए धैर्य और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है।

सरकार का फोकस इस बात पर है कि अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में आई रुकावटों को कैसे दूर किया जाए और देश के भीतर आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता प्रभावित न हो। इसी दिशा में लगातार रणनीतिक कदम उठाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन, फ्रांस, मलेशिया, इजरायल और ईरान समेत कई देशों के नेताओं से बातचीत की है, ताकि स्थिति को समझा जा सके और संभावित प्रभावों से निपटने की रणनीति तैयार की जा सके। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है, इस समय संकट के केंद्र में है। इस मार्ग से दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत ऊर्जा आपूर्ति होती है, लेकिन मौजूदा हालात में यहां से जहाजों की आवाजाही सीमित हो गई है, जिससे वैश्विक बाजार में अस्थिरता बढ़ने की आशंका है। ऐसे परिदृश्य में केंद्र सरकार की यह बैठक काफी अहम मानी जा रही है, जिसमें देश की ऊर्जा सुरक्षा और आवश्यक आपूर्ति को बनाए रखने के लिए ठोस रणनीति पर काम किया जा रहा है।

# ईरान-अमेरिका तनाव के बीच सीजफायर की कोशिशें तेज, शर्तों पर अटका मामला

- ईरान की शर्त—पहले युद्ध रोका जाए और नुकसान का मुआवजा मिले
- भविष्य में हमले नहीं होंगे, इसकी ठोस गारंटी की मांग
- ट्रम्प मुआवजे समेत सभी शर्तें मानने को तैयार नहीं





एजेंसी | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच युद्धविराम को लेकर कूटनीतिक हलचल तेज हो गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, डोनाल्ड ट्रम्प की टीम ईरान के साथ सीजफायर वार्ता शुरू करने की कोशिश में जुटी है। इस पहल में उनके सलाहकार जेरेड कुशनर और स्टीव विटकॉफ भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि ईरान ने बातचीत के लिए कड़ी शर्तें रख दी हैं। तेहरान का कहना है कि पहले युद्ध पूरी तरह रोका जाए और उसे हुए नुकसान का मुआवजा दिया जाए। साथ ही भविष्य में किसी भी तरह के हमले नहीं होने की ठोस गारंटी भी मांगी गई है। दूसरी ओर, ट्रम्प ने संकेत दिया है कि अमेरिका फिलहाल ईरान की सभी शर्तें मानने को तैयार नहीं है, खासकर मुआवजे की मांग पर असहमति बनी हुई है। दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष वार्ता अभी नहीं हो रही है, लेकिन मिस्र, कतर और ब्रिटेन जैसे देश मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। कूटनीतिक स्तर पर बातचीत जारी है, लेकिन शर्तों के कारण सहमति बनना फिलहाल मुश्किल दिख रहा है।

अमेरिका की ओर से ईरान के सामने कुछ सख्त मांगें भी रखी गई हैं, जिनमें मिसाइल कार्यक्रम को अस्थायी रूप से रोकना, यूरेनियम संवर्धन बंद करना और परमाणु ठिकानों को निष्क्रिय करना शामिल है। इसके अलावा, ईरान से हिजबुल्लाह और हमास जैसे संगठनों को आर्थिक सहायता बंद करने की भी अपेक्षा जताई गई है।

इस बीच मसूज पजशकियान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत कर ब्रिक्स देशों से इस संघर्ष को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों को स्वतंत्र रूप से आगे आकर शांति स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। ईरान के राष्ट्रपति ने यह भी सुझाव दिया कि मध्य-पूर्व के देशों को मिलकर एक नया क्षेत्रीय सुरक्षा तंत्र विकसित करना चाहिए, जिससे इलाके में स्थिरता बनी रहे और बाहरी हस्तक्षेप कम हो सके। मौजूदा हालात में सीजफायर की संभावना बनी हुई है, लेकिन दोनों पक्षों के बीच शर्तों को लेकर बनी दूरी इस दिशा में सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है।

## पर्यावरण जागरूकता स्टॉल का आयोजन, प्रदूषण नियंत्रण के लिए दी गई अहम जानकारी



निज संवाददाता | पटना

बिहार दिवस के अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से गांधी मैदान, पटना में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में एक विशेष पर्यावरण संरक्षण जागरूकता स्टॉल का आयोजन किया गया। इस स्टॉल के माध्यम से आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। स्टॉल पर आठ प्रमुख पर्यावरणीय विषयों से संबंधित रंगीन और जानकारीपूर्ण फोल्डर उपलब्ध कराए गए। इनमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन, वाहन प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली 2000, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, ई-अपशिष्ट प्रबंधन तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। इन सामग्रियों के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के उपायों और नियमों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। विशेष रूप से, पर्षद द्वारा तैयार किए गए प्रकाशनों के लिए अलग-अलग क्यूआर कोड भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिन्हें स्कैन कर लोग आसानी से संबंधित जानकारी डाउनलोड कर सकते हैं। यह पहल डिजिटल माध्यम से जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम मानी जा रही है। स्टॉल पर वायु प्रदूषण से जुड़े पहलुओं को समझाने के लिए वातावरण में मौजूद सूक्ष्म कण जैसे पीएम10 और पीएम2-5 के नमूना संग्रह करने वाले यंत्रों का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही ध्वनि स्तर मापने वाले यंत्र का संचालन कर आगंतुकों को इसकी कार्यप्रणाली भी समझाई गई, जिससे वे प्रदूषण के स्तर को व्यावहारिक रूप से समझ सकें। पर्षद के वैज्ञानिक एवं तकनीकी कर्मियों द्वारा स्टॉल पर उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जा रहा है। वे प्रदूषण नियंत्रण के उपायों, उपकरणों के उपयोग तथा पर्यावरणीय नियमों से संबंधित सवालों का विस्तार से जवाब दे रहे हैं, जिससे आम लोगों में जागरूकता बढ़ रही है।

इसके अतिरिक्त, विभिन्न विषयों पर तैयार रंगीन स्टैंडियों का भी प्रदर्शन किया गया है, जिनमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल प्रदूषण और "मिशन लाइफ" जैसे अभियानों से संबंधित संदेश शामिल हैं। इन प्रदर्शनों के जरिए लोगों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने आम नागरिकों से अपील भी की कि वे हर रविवार को "नो हॉर्न डे" के रूप में मनाएं और सप्ताह के अन्य दिनों में भी अनावश्यक हॉर्न बजाने से बचें। पर्षद का मानना है कि छोटे-छोटे प्रयासों से ही प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

## नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ चैती छठ महापर्व

निज संवाददाता | पटना



आस्था, पवित्रता और संयम का प्रतीक चैती छठ महापर्व रविवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। भरणी नक्षत्र और वैधृति योग के संयोग में चार दिवसीय इस अनुष्ठान की शुरुआत होते ही गंगा घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। व्रती गंगा स्नान कर पूजा-अर्चना के बाद व्रत का संकल्प लेते नजर आए, वहीं घरों में पारंपरिक तरीके से प्रसाद बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। पहले दिन नहाय-खाय के अवसर पर व्रती गंगा घाट पहुंचे, जहां पूजा में उपयोग होने वाले बर्तनों को गंगा की मिट्टी और जल से शुद्ध किया गया। इसके बाद स्नान कर विधि-विधान से पूजा कर व्रत का संकल्प लिया गया। इस दौरान सुहागन महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं देती दिखीं। पूजा के बाद श्रद्धालु गंगाजल लेकर अपने घर लौटे, जहां कद्दू-भात का प्रसाद बनाया जाएगा। चैती छठ का पर्व न केवल बिहार और पूर्वांचल बल्कि पूरे देश में गहरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व प्रकृति, सूर्य और जल के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का प्रतीक माना जाता है।

चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में अस्ताचलगामी और उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा वैदिक आस्था को दर्शाती है। व्रती सुकृति सिंह ने बताया कि वह सुबह ही अपने परिवार के साथ गंगा घाट पहुंच गई थीं और पूजा के लिए गंगाजल घर भिजवाया गया है। उन्होंने कहा कि छठ पर्व में पूरा परिवार एक साथ जुटता है, जिससे घर में विशेष उत्साह और रौनक बनी रहती है। वहीं घाट पर पहुंचे बच्चों ने भी इस पर्व को अपना पसंदीदा बताते हुए कहा कि छठ पूजा में परिवार के साथ समय बिताने और ठेकुआ खाने का अलग ही आनंद होता है। पंडित राकेश झा के अनुसार छठ महापर्व की शुरुआत स्नान और शुद्धता के साथ होती है। व्रत के प्रसाद के लिए लाए गए गेहूं को गंगाजल से धोकर सुखाया जाता है और उसकी शुद्धता बनाए रखने के लिए विशेष सावधानी बरती जाती है। उन्होंने बताया कि नहाय-खाय के दिन लौकी की सब्जी, अरवा चावल, चने की दाल और आंवला की चासनी के सेवन का विशेष महत्व है।




## संक्षिप्त समाचार

### सूर्योपासना के चार दिवसीय चैती छठ पूजा प्रारम्भ

**नारदीगंज (नवादा)।** सूर्योपासना के चार दिवसीय चैती छठपूजा रविवार को नहाय खाय के साथ शुरु हो गया। प्रखंड के ऐतिहासिक व द्वापरकालीन हंडिया गांव स्थित सूर्य मंदिर,ओड़ो,रामे,कोसला, नारदीगंज ढ़ाढर नदी समेत सूर्य घाट के अलावा विभिन्न गांवों में छठव्रती व श्रद्धालुओं ने पवित्रता के साथ स्नान कर नहाय खाय के बाद व्रत का शुरुआत किये। उसके उपरांत पवित्रता के साथ कदू,अरवा चावल,चना खेसारी के दाल समेत अन्य व्यंजनों को बनाकर ग्रहण किये। पहले अपने प्रसाद ग्रहण कर फिर परिवार इष्ट मित्रों को प्रसाद खिलाने का क्रम चला। आगामी 25 मार्च 2026 को उगते सूर्य को अर्ध्यदान कर छठव्रती पारण कर व्रत को समापन करेंगे। सूर्य मंदिर हंड़िया के अध्यक्ष रौशन कुमार उप मुखिया सह ग्रामीण संतोष कुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया ग्रामीण स्तर पर लोग व्यवस्था करते हैं, लेकिन प्रशासन व सरकार की ओर से यहां कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा यहां पर पेयजल संकट है। छठपूजा में विभाग के माध्यम से दो ट्रंकर पानी की व्यवस्था होना चाहिए। ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़े। बिजली के तार पाल की भी जरूरत है। कहा गया जब बिजली विभाग के कनीय अभियंता से तार पाल लगाने की बात कही गई तो कनेक्शन लेने की बात कहते हैं। ऐसे में परेशानी बढ़ी हुई है।

### बिहार दिवस के अवसर पर DIET, नवादा में कार्यक्रम आयोजित, कई शिक्षाविद हुए सम्मानित




**नवादा।** बिहार दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET), नवादा के सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी, ने कहा कि— "आज हम सभी बिहार का 114वां स्थापना दिवस अत्यंत हर्ष एवं गर्व के साथ मना रहे हैं।आप सभी न केवल अपने परिवार या विद्यालय का, बल्कि पूरे बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। हम जहाँ भी रहते हैं—चाहे बिहार में हों, देश के अन्य भागों में या विदेश में—हम अपने राज्य के 'ब्रांड एंबेसडर' होते हैं। हमारा आचरण, हमारे कार्य एवं हमारी उपलब्धियाँ बिहार की छवि को प्रदर्शित करती हैं। आप सभी विद्यार्थी शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। आपके प्रत्येक प्रयास में बिहार का उज्ज्वल भविष्य निहित है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने भविष्य का निर्माण करते हुए राज्य एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।" इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक एवं प्रेरणादायक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।साथ ही, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चयनित शिक्षकों को जिला पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्थापना प्रभारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रभारी सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### छोटा शेखपुरा पहुचें प्रशांत किशोर, हुआ भव्य स्वागत



प्रशांत किशोर का स्वागत करते नेता एवं कार्यकर्ता

**नरहट (नवादा)।** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर रविवार को नवादा जिले के छोटा शेखपुरा गांव पहुंचे जहां पार्टी के प्रवक्ता मसीह उद्दीन समेत दर्जनों नेता एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मिली जानकारी के अनुसार जनसुराज के प्रवक्ता मसीह उद्दीन का घर छोटा शेखपुरा है और उनके आग्रह पर रात्रि भोज में शामिल होने प्रशांत किशोर शेखपुरा पहुचे। आपको बताते चले कि जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वे हर जिले में जाकर संगठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में वे रविवार को नवादा पहुंचे, जहां उन्होंने जवाहर नगर स्थित 'द बुद्धा रीजेंसी' में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किए। बैठक के बाद देर शाम छोटा शेखपुरा गांव पहुचे जहां नेता और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री दसई चौधरी, डॉ अनुज कुमार, पूर्व मुखिया मो हामिद अंसारी, कमल यादव, चुन्नू आलम, सोना सिंह, अखिलेश यादव, महेंद्र यादव, जमाल उद्दीन समेत सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद थे।

### रजौली में चौकीदारों व दफादारों की हुंकार,एसीपी लाभ और सम्मान की रक्षा हेतु भरी बैठक में आवाज



बैठक में शामिल थाना क्षेत्र के चौकीदार व दफादार

**रजौली।** रजौली प्रखंड अंतर्गत ब्लॉक रोड स्थित देवराज पार्क में रविवार को रजौली थाना क्षेत्र के सभी दफादारों और चौकीदारों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें प्रशासन के विरुद्ध गहरा असंतोष प्रकट किया गया।बैठक की अध्यक्षता कर रहे दफादार बृजनंदन गिरी ने विभाग पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए स्पष्ट किया कि लंबे सेवा काल के बावजूद आज तक कर्मियों को एसीपी का लाभ नहीं दिया गया है,जबकि नियमानुसार अब तक उन्हें तीन बार यह लाभ मिल जाना चाहिए था।एसीपी जैसे वित्तीय अधिकारों से वंचित रखे जाने के साथ-साथ वक्ताओं ने अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कथित शोषण पर भी कड़ी आपत्ति जताई और इसे तत्काल बंद करने की मांग की। बैठक में एक अनोखा और कड़ा प्रस्ताव भी रखा गया कि यदि कोई चौकीदार या दफादार भूलवश कोई गलती करता है,तो उसका निर्णय सामाजिक स्तर पर निर्धारित होना चाहिए,किसी भी पदाधिकारी द्वारा सीधे दंडात्मक कार्रवाई करना उन्हें स्वीकार्य नहीं है और इसे अशोभनीय माना जाएगा।इस विरोध सभा में दफेदार बृजनंदन गिरी और दयानंद पासवान के नेतृत्व में राजनंदन प्रसाद, मनोज कुमार,कृष्णनंदन प्रसाद गोप, सिकंदर कुमार, चिराग पासवान, शंकर यादव, मिथलेश पासवान, श्याम बिहारी, मिथिलेश कुमार और धर्मेंद्र कुमार समेत क्षेत्र के दर्जनों चौकीदार अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने हेतु उपस्थित रहे।

# रजौली नगर में एक तरफ हो रही छठ घाटों की सफाई दूसरी तरफ सड़कों पर बह रहा नालियों का गंदा पानी

## छठ व्रतियों समेत नगरवासियों में रोष

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ की शुरुआत रविवार को नहाय खाय से शुरू हो गया है। छठ को लेकर एक तरफ रजौली नगर पंचायत के अंतर्गत आनेवाले लगभग 8 छठ घाटों की सफाई का कार्य जेसीबी एवं सफाईकर्मियों की मदद से की जा रही है,तो दूसरी ओर सड़कों पर बहता नालियों का गंदा पानी नगरवासियों को मुंह चिढ़ा रहा है। सोनार पट्टी रोड में भीआईपी टेंट हाउस के समीप बीते एक माह से नालियों का गंदा पानी लगभग 150 से 200 मीटर तक सड़क पर बह रहा है।

**8 छठ घाटों की हो रही सफाई :-** छठ को देखते हुए प्राणचक,विनोबा नगर,पुरानी बस स्टैंड,कुंडला मोहल्ला,कर्बला नगर एवं अंबेडकर नगर समेत लगभग 8 घाटों की सफाई का कार्य सुपरवाइजर प्रद्युम्न कुमार,मनोज कुमार,आशीष सिंह,आदित्य कुमार एवं निकेश कुमार के देखरेख में सफाई का काम किया जा रहा है। छठ घाटों की सफाई के लिए चार जेसीबी एवं दर्जनों महिला पुरुष सफाईकर्मी जुटे हुए हैं।

**सड़कों पर बहते पानी से लोग परेशान :-** स्थानीय दुकानदार मो. इरफान मियां ने बताया कि नालियों के साफ-सफाई के अभाव में नालियां जाम पड़ी हुई है और विगत एक माह से अधिक समय से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। सड़क पर बहते नालियों के गंदे पानी से दर्जनों दुकानदारों के अलावे आवागमन करने वाले बाजारवासियों एवं ग्रामीणों को काफी जिल्लत का समाना उठाना



छठ घाटों की सफाई में जुटे कर्मी

पड़ रहा है। दूसरी ओर गोपाल नगर मोहल्ले वासी पिंकू लाल ने कहा कि यह एक पोश इलाका कहलाता है,जिसमें आवागमन के लिए तीन रास्ते हैं। सभी रास्तों पर नालियों का गंदा पानी बहते रहता है,जिसके कारण मोहल्लेवासियों के पैर बिना गंदा हुए आवागमन नहीं हो सकता है।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी :-** इस संबंध में प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने कहा कि छठ घाटों की सफाई कार्य जोर-शोर से चल रहा है। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि बाजार की सड़कों पर बह रहे पानी की समस्या का निवारण जल्द किया जाएगा,ताकि छठ व्रती समेत नगरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

## आवारा कुत्ते के आतंक से आधा दर्जन लोग जख्मी, अस्पताल में चला इलाज




अनुमंडलीय अस्पताल की तस्वीर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली और आसपास के ग्रामीण इलाकों में रविवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब कई जगहों पर पागल कुत्ते ने राह चलते कई लोगों को अपना शिकार बनाकर लहूलुहान कर दिया,जिसके बाद आनन-फानन में सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉक्टर रौशन कुमार ने सक्रियता दिखाते हुए न केवल सभी घायलों के जख्मों का प्राथमिक उपचार किया,बल्कि संक्रमण के खतरे को देखते हुए तत्काल सभी को एंटी-रेबीज वैक्सीन की डोज भी दी।इस हमले में मुख्य रूप से हरदिया निवासी सुमित कुमार,सलेमपुर के सचिन कुमार, मुरहेना गांव के कपिल यादव,माधोरामपुर के गौतम कुमार और रजौली ऊपर टांडा के चंदन कुमार गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं, जिन्हें चिकित्सक ने उचित परामर्श के साथ फिलहाल घर भेज दिया है लेकिन क्षेत्र में बढ़ते कुत्तों के हमले से स्थानीय ग्रामीणों के बीच गहरा खौफ बना हुआ है।

# अवैध नर्सिंग होम में महिला की मौत के जिम्मेदार एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजा गया जेल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र में दर्जनों अवैध नर्सिंग होम कुकुरमुत्ते की तरह खुल गए हैं,जहां बिना प्रशासन के खौफ के मरीजों और उसके परिजनों से लूट होड़ मची हुई है। इस बीच कभी-कभार मरीज की मौत पर हो-हंगामा होने के बाद पुलिस प्रशासन जागती है और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हैं। पुलिस बलों ने ऐसे ही लापरवाही के कारण एक गर्भवती महिला की मौत के जिम्मेदार आरोपी को गिरफ्तार किया है।

**चार वर्षों से फरार अभियुक्त गिरफ्तार :-** इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बीते वर्ष 2022 के 2 मार्च की सुबह पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पुरानी बस स्टैंड के सती स्थान मोहल्ले में अवस्थित



थाना परिसर जेल जाता गिरफ्तार आरोपी

एक अवैध क्लिनिक में एक महिला की मौत प्रसव के दौरान हो गई है। पुलिस बल जब घटनास्थल पर पहुंची,तो पाया कि मुरहेना गांव निवासी टिकल चौधरी की पत्नी खुशबू कुमारी गर्भवती थी,जिसका ऑपरेशन बीते 1 मार्च की रात्रि को हुआ था। ऑपरेशन के बाद चिकित्सक डॉ. अजीत कुमार,नर्स बसंती कुमारी एवं आशा कर्मी प्रमिला कुमारी समेत अन्य लोगों द्वारा बरती गई लापरवाही से खुशबू कुमारी की मौत हुई थी। घटना को लेकर दफेदार बृजनंदन गिरी के द्वारा प्राप्त लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस अनुसंधान में जुटी हुई थी। इसी बीच गुप्त गुप्त सूचना के आलोक में फरार चल रहे आरोपी गया जिले के गुरुप्पा थाना क्षेत्र के आभगट्टी गांव निवासी केदार राजवंशी के पुत्र चंदन कुमार को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**जांच कर कार्रवाई करने की मांग :-** अवैध नर्सिंग होम में गरीब और लाचार मरीजों एवं उसके परिजनों को मूर्ख बनाकर कम खर्च में इलाज के नाम पर भर्ती तो करवा लेते हीं,किंतु भर्ती किए जाने के बाद मरीजों के परिजनों से विभिन्न चीजों के नाम पर पैसें ऐंठना शुरू कर देते हैं। मामला इतने पर ही नहीं रुकता है,बल्कि जब परिजन पैसों का इंतजाम करने में देरी करते हैं,तो नर्सिंग होम वाले कथित चिकित्सक समेत अन्य नर्सिंग स्टाफ लापरवाही बरतने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। लोगों की मानें तो नर्सिंग वाले पैसें ऐंठने के लिए परिजनों को खूब डराते हैं। इस बीच किसी नर्सिंग होम में किसी की मौत होती है,तो वे दूसरे भवन में अपना क्लिनिक खोलकर फिर से गोरखधंधा में जुड़ जाते हैं। स्थानीय लोगों ने रजौली में चल रहे अवैध नर्सिंग होम के विरुद्ध प्रशासनिक जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# बिहार का पढ़ा-लिखा लड़का करेगा मजदूरी और नेता का बेटा बनेगा नेता

## निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री पर बोले प्रशांत किशोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर रविवार को नवादा जिले में पहुंचे। दरअसल, वे बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वे हर जिले में जाकर संगठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में वे आज नवादा पहुंचे, जहां उन्होंने जवाहर नगर स्थित 'द बुद्धा रीजेंसी' में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

इस दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद जन सुराज के नेताओं ने पश्चिम चंपारण स्थित गांधी भितिहरवा आश्रम में एक दिन का उपवास रखा था। उस समय जन सुराज की ओर से यह घोषणा की गई थी कि बिहार में जो नई सरकार बनी है, उसे अपने वादों को पूरा करने के लिए छह महीने का समय दिया जाएगा। इसके बाद बिहार नवनिर्माण अभियान के तहत जन सुराज के कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता के बीच अपनी बात रखेंगे। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार नवनिर्माण अभियान को अगले पांच वर्षों तक प्रभावी ढंग से




चलाने के लिए वे हर जिले में जाकर संगठन को पुनर्गठित करने का काम कर रहे हैं।

वहीं, नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने और बिहार में नए मुख्यमंत्री को लेकर प्रशांत किशोर ने कहा कि आने वाले समय में पहली बार बिहार को गुजरात से चलाया जाएगा। गुजरात के हितों को ध्यान में रखकर बिहार को संचालित किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बिहार में फैक्ट्रियां न लगें, ताकि बिहार से करोड़ों युवा 10-15 हजार रुपये के लिए सस्ते मजदूर बनकर पूरे देश की फैक्ट्रियों में काम कर सकें। अगर बिहार में फैक्ट्रियां लग जाएंगी तो सूरत, जामनगर, तमिलनाडु और पंजाब में 15 हजार रुपये में काम करने वाले मजदूर नहीं मिलेंगे।

इसके साथ ही निशांत कुमार के राजनीति में आने को लेकर प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरी तरफ से उन्हें शुभकामनाएं हैं। लेकिन जब मुख्यमंत्री का बेटा राजनीति में आ रहा है, तो बिहार की जनता को यह सोचना चाहिए कि जो बात जन सुराज कहता रहा है नेता का बेटा नेता बनेगा और सामान्य परिवार के पढ़े-लिखे बच्चे या तो मजदूरी करेंगे या बेरोजगार रहेंगे। उन्होंने कहा कि नेता चाहे समाजवादी हो, भाजपाई हो, कांग्रेसी हो या राजद का, बूढ़ा हो या युवा, अगड़ा हो या पिछड़ा, सभी नेता अपने बच्चों के लिए राजसिंहासन की तैयारी कर रहे हैं। आप अपने बच्चों की चिंता कीजिए, नहीं तो आपके बच्चे पढ़-लिखकर भी मजदूर ही बनेंगे। उन्होंने आगे कहा कि जन सुराज पिछले तीन वर्षों से यही बात कह रहा है कि नेताओं का चेहरा देखकर वोट मत दीजिए। नेता और उनका बेटा कभी बेरोजगार नहीं होगा, न ही मजदूरी करने जाएगा, लेकिन आपके बच्चों को मजबूरी में मजदूरी करनी पड़ेगी।

नीतीश कुमार जीवनभर यह दावा करते रहे कि उन्होंने अपने परिवार के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन अब उनका बेटा सीधे राजनीति में आ रहा है। जैसा कि संभावना है कि, वे जनता दल (यूनाइटेड) के नेता के तौर पर सामने आ रहे हैं। अब उनकी योग्यता क्या है और समाज के प्रति उनका क्या योगदान है, यह जनता को देखना है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार भी वही कर रहे हैं, जो अन्य नेताओं लालू यादव और कांग्रेस के नेताओं ने किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने की। मौके पर पूर्व मंत्री दसई चौधरी, पूर्व एमएलसी रामबली सिंह चंद्रवंशी, पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, जेपी सिंह, मसीहउद्दीन, डॉ अनुज कुमार, उमेश यादव, सूर्य देव वर्मा, पूनम देवी, नरेश चौधरी, उमेश सिंह चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद थे।

## नरहट कांड पीड़िता से मिले भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक

### दोषियों पर कार्रवाई की किया मांग



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जिले के नरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत हामिदपुर बारा गांव में चंद्रवंशी समाज के लोगों पर हुए कथित उत्पीड़न और अत्याचार के मामले ने तूल पकड़ लिया है। भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए इसे मानवता को शर्मसार करने वाला बताया है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि मामले में शामिल सभी दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने पुलिस महानिदेशक विनय कुमार से दूरभाष पर बात कर मामले की शीघ्र सुनवाई के लिए स्पीडी ट्रायल कोर्ट में कार्रवाई सुनिश्चित कराने का आग्रह किया। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि एक प्रेम प्रसंग के मामले को आधार बनाकर पूरे समाज को निशाना बनाया जाना अत्यंत निंदनीय है। ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत समिति सदस्य प्रवेश यादव के नेतृत्व में दबंगों ने जेसीबी मशीन से गणेश चंद्रवंशी के पक्के मकान को ध्वस्त कर दिया। साथ ही पीड़ित परिवार के अनुसार पांच मवेशी, टोटो गाड़ी एवं घर में रखे जेवरात भी लूट लिए गए। महिलाओं के साथ छेड़खानी और बदसलूकी के

**आरोप भी सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन की सरकार में इस प्रकार की घटनाएं:** दुर्भाग्यपूर्ण हैं और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के दौरान एक बच्ची को परीक्षा देने से रोका गया,

जो अत्यंत गंभीर और अस्वीकार्य है। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने बताया कि वे वर्तमान में बिहार से बाहर हैं, जिस कारण घटना स्थल पर नहीं पहुंच सके, लेकिन उनकी संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र स्पीडी ट्रायल के माध्यम से दोषियों को सजा नहीं दिलाई गई, तो चंद्रवंशी चेतना परिषद इस मुद्दे को लेकर व्यापक जन आंदोलन करने को बाध्य होगी।

# दिल्ली सेन्ट्रल स्कूल का 21वां वार्षिकोत्सव धूम धाम से सम्पन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** शिक्षक बच्चों के शैक्षणिक भविष्य के निर्माणकर्ता तो होते ही हैं शिक्षा के साथ संस्कार और प्रतिभा के समन्वय का अद्भुत नजारा उस समय देखने को मिला ज़ब नवादा -कादिरगंज पथ के कोनिया पर स्थित दिल्ली सेन्ट्रल स्कूल का 21वां वार्षिकोत्सव समारोह विद्यालय परिसर में धूमधाम एवं भव्यता के साथ आयोजित किया गया। रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक मंच सज्जा और उत्साह से लबरेज बच्चों की प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्सव में तब्दील कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र से लोकप्रिय विधायक श्री मति विनीता मेहता, केएसएस नवादा जिलाध्यक्ष श्री मति ललिता कुमारी, एके गुरु एवं विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रेम






सिन्हा तथा अर्चना सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

समारोह में स्वागत गान की प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने नृत्य, समूह गीत, लघु नाटक, देशभक्ति एवं बिहार गीत की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे बच्चों की आकर्षक वेशभूषा और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुति पर अभिभावक झूम उठे और तालियों

## बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

की गड़गड़ाहट से पूरा प्रांगण गूंजता रहा। ख़ासकर ग्रुप नृत्य में नव्या, सिम्मी, सृष्टि, आरुषि, खुशी, वंदना, काव्या एवं एकल गायन में मौसम ने हर करम अपना करेंगे ये वतन तेरे लिये दिल दिया है जान भी देंगे की बेहतरीन प्रस्तुति दिया। कल्चर ऑफ़ बिहार की प्रस्तुति चंदन ग्रुप एवं सोलो डांस, बाल श्रम नही शिक्षा मेरा अधिकार की प्रस्तुति सुमिती, हंसीका, अंजलि, प्रियदार्शनी, आरुषि, राजनंदन, निर्जला, निक्की आदि दर्जनों बच्चों ने अपनी बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुति से मन मोह लिया। मुख्य अतिथि श्री मति विनीता मेहता ने अपने संबोधन में विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली सेन्ट्रल स्कूल पिछले 21बर्षो से ग्रामीण प्रतिभाओं को तराशने का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि 21 वर्षों में विद्यालय ने जिस तरह शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और संस्कार के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है, वह सराहनीय है। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को मंच मिलता है और उनका सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के प्रयासों को सराहते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में अभिभावकों, शिक्षकों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों की बड़ी भागीदारी रही।विद्यालय निदेशक ने मुख्य अतिथि सहित दर्जनों शिक्षाविदों को प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में लोकगायक धर्मेंद्र जितेंद्र ने भी अपनी प्रस्तुति देकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मौके पर डॉ भोला प्रसाद कुशवाहा, सुरभि कुमारी, महेशवर प्रसाद, यमुना प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, एसडीएन मौर्य, विशुनदेव प्रसाद सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकायें तथा सैकड़ो अविभावक मौजूद थे।

# नालंदा में गौरव के साथ मनाया बिहार दिवसः विकास की प्रदर्शनी-सम्मान समारोह रहा मुख्य आकर्षण







सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में आज बिहार दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। संबोधन के दौरान जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बिहार के स्वर्णिम इतिहास और सांस्कृतिक गौरव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस हमें अपनी विरासत को याद करने के साथ-साथ राज्य की विकास यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने जिले के विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों और स्कूली बच्चों ने लोक संस्कृति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। परिसर में अलग-अलग विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनियों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया, जिसका अधिकारियों ने बारीकी से निरीक्षण किया और आगंतुकों को सरल भाषा में जानकारी देने के निर्देश दिए।

**बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को किया सम्मानितः** समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इनमें राजस्व कार्यों के लिए सवीना खातून और शिव शंकर कुमार को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया। महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अर्चना और रेणु कुमारी को सम्मानित किया गया। रेणु कुमारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लक्ष्य के खिलाफ 193 प्रतिशत की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा जिला समन्वयक रामप्रकाश कुमार सिन्हा और महिला पर्यवेक्षिका अंजलि कुमारी को भी उनके विशिष्ट कार्यों के लिए पुरस्कृत किया गया। सामाजिक कल्याण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिला प्रशासन की ओर से बड़ी संख्या में लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत बिल्टु चौधरी, रिंकी कुमारी, धर्मवीर जमादार और कारू रविदास सहित कुल 19 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए।

अंतरजातीय विवाह योजना के अंतर्गत सोनी कुमारी, स्वेता कुमारी और काजल कुमारी को भी एक-एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। कार्यक्रम के अंत में दिव्यांगजनों की गतिशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से रहुई प्रखंड के सरीला देवी, ममता देवी, दीपक कुमार, सिंटू कुमार, ब्रजेश चौधरी और विजय रविदास को माननीय सांसद और विधायक के हाथों बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरित की गई। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में आम नागरिक, छात्र-छात्राएं और जिला प्रशासन के सभी आला अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार, बिहार शरीफ विधायक डॉ. सुनील कुमार, महापौर अनीता देवी, जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पूरा परिसर 'बिहार दिवस' के उल्लास से सराबोर रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी में 'रन फॉर बिहार' का आयोजन, टावर चौक से गांधी मैदान तक मैराथन दौड़, स्कूली बच्चे हुए शामिल




**गयाजी**। गयाजी में बिहार दिवस पर 'रन फॉर बिहार' का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी सह मैराथन टावर चौक से शुरू होकर हरिहर सुब्रमण्यम स्टेडियम, गांधी मैदान तक आयोजित की गई। इसमें बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं और स्थानीय लोगों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य बिहार दिवस के प्रति जागरूकता फैलाना था। हालांकि, इस कार्यक्रम के दौरान लापरवाही भी सामने आई। किसी सीनियर अधिकारी की ओर से हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। औपचारिक हरी झंडी दिखाए बिना ही प्रभात फेरी शुरू कर दी गई, जिससे आयोजन की व्यवस्था पर सवाल उठे। प्रभात फेरी में जिले के कई प्रमुख विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें प्लस टू जिला स्कूल, प्लस टू कन्या उच्च विद्यालय, महावीर इंटर कॉलेज, पंचमहल्ला कन्या उच्च विद्यालय और प्लस टू हरिदास सेमिनरी स्कूल जैसे शैक्षणिक संस्थान शामिल थे। छात्रों में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखा गया। सुरक्षा-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था। शुरुआती लापरवाही के बावजूद, यह आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक बिहार दिवस मनाया। गया जिले में बिहार दिवस के अवसर पर अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। समाहरणालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक शामिल होंगे। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने सभी नागरिकों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में एकता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा मिलता है।

### गयाजी में एलपीजी संकट का असर, 5 रुपए वाली चाय बंद, दुकानदारों को अब डीजल भट्टी का सहारा



**गयाजी**। गयाजी में कामर्शियल गैस की किल्लत अब सीधे आम लोगों की जेब पर असर डालने लगी है। शहर के रेस्टोरेंट, मिठाई दुकान व छोटे चाय स्टॉल संचालक परेशान हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि कई दुकानदारों ने 5 रुपए वाली चाय बनाना बंद कर दिया है। वहीं कई दुकानदार डीजल वाली भट्ठी के सहारे कारोबार को गति देने के मूड में हैं। दुकानदारों का साफ कहना है कि गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिल रहा है। मिल भी रहा है तो महंगा मिल रहा है। ऐसे में सस्ती चाय बेचकर गुजारा मुश्किल हो गया है। यही वजह है कि अब कई जगहों पर डीजल भट्ठी का सहारा लिया जा रहा है। शहर के मिर्जा गालिब कालेज स्थित देव होटल संचालक का कहना है कि किल्लत के बीच किसी तरह से भागदौड़ कर के कामर्शियल सिलेंडर का स्टॉक बना हुआ है। उन्होंने बताया कि समोसा, छोले भटूरे व चाय को छोड़कर सारे प्रोडक्ट कोयला भट्ठी की मदद से तैयार किया जा रहा है। फिलहाल कोई खास परेशानी नहीं है। किल्लत के पहले रोज जितना प्रोडक्ट तैयार किया जाता था। उतना ही आज भी तैयार किए जा रहे है। लेकिन इस बीच 5 रुपए वाली चाय पूरी तरह से बंद कर दी गई है। अब केवल 10 रुपए वाली चाय हमारे यहां बेची जा रही है। जब तक क्राइसिस रहेगा । तब तक यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि अब तक न तो किसी उत्पाद की कीमत बढ़ाई गई है और न ही उसके दाम बढ़ाए गए हैं। देव ने बताया कि 5 रुपए में चाय बेचने पर अब नुकसान हो रहा था। दूध, चीनी और गैस तीनों के दाम बढ़ गए हैं। ऐसे में मजबूरी में 5 रुपए वाली चाय बंद करनी पड़ी। पिरमंसूर रॉड स्थित बड़े होटल वंदना स्वीट्स एंड नमकीन के संचालक राहुल गुप्ता ने बताया कि फिलहाल स्थिति काबू में हैं। कामर्शियल सिलेंडर की अब तक सप्लाई जारी है। लेकिन किल्लत को देखते हुए हमने डीजल भट्ठी की तैयारी कर ली है। हमारे पास डीजल भट्ठी लेकिन उसका इस्तेमाल अभी नहीं किया गया है। क्राइसिस बड़बने पर उसकी मदद ली जाएगी। उन्होंने बताया कि कई होटल व रेस्टोरेंट संचालक के पास डीजल चूल्हा है। वे काम भी ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमारे यहां की हॉट सेलिंग में समोसा है। इसके प्रोडक्शन में न तो कमी की गई है और न ही इसके दाम बधाई गए हैं। ऐसा करना अभी उचित नहीं है। क्योंकि प्रोडक्शन कास्ट में अब तक वैरिएशन नहीं आया है। आगे देखा जाएगा। गैस किल्लत का सीधा असर आम लोगों पर ही पड़ रहा है। सस्ती चाय अब मिलना मुश्किल हो गया है। लोगों को ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। अगर जल्द ही सप्लाई व्यवस्था ठीक नहीं हुई, तो शहर में खाने-पीने के दाम और बढ़ सकते हैं।

### नालंदा में अपराधियों ने सीने में मारी गोली, पुलिस की थ्योरी पर उठे सवाल



**नालंदा**। नालंदा में शनिवार देर शाम अपराधियों ने निर्माण कार्य में लगे एक पोकलेन ऑपरेटर को गोली मार दी। मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान झारखंड के चतरा जिला निवासी कुलदीप यादव(30) के तौर पर हुई है। घटना हिलसा थाना क्षेत्र की है। मर्डर की सूचना मिलते ही हिलसा डीएसपी-1 शैलजा मौके पर पहुंची। डीएसपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच और आसपास के लोगों के बयान से यह बात सामने आई है कि पास के गांव में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर झड़प हुई थी। अपराधी उसी झड़प के संबंध में पूछताछ करने आए थे। इसी दौरान फायरिंग की गई। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार कुलदीप पिछले 6-7 महीनों से 'हरी कंस्ट्रक्शन' में पोकलेन ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। कुछ दिन पहले अपने गांव से होली की छुट्टी मनाकर काम पर लौटा था। प्रत्यक्षदर्शियों और मृतक के परिजनों के मुताबिक, अपराधी साइट पर पहुंचे और वहां मौजूद इंजीनियर पर पिस्टल तान दी। अचानक अपराधियों ने साइट इंजीनियर को छोड़कर कुलदीप के सीने में गोली दाग दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के जीजा उपेंद्र यादव ने बताया कि कुलदीप अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। घर में पत्नी, एक साल की मासूम बेटी और बुजुर्ग माता-पिता हैं। परिजनों ने प्रशासन और कंपनी से उचित मुआवजे की गुहार लगाई है, ताकि पीड़ित परिवार का भरण-पोषण हो सके।

## पटना-रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस के पहिए में लगी आग, ब्रेक बाइंडिंग होने से निकलने लगा धुआं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गया**। पटना-रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस में रविवार सुबह हड़कंप मच गया। बंधुआ स्टेशन के पास ट्रेन के एक कोच के पहिए से आग और धुआं निकलने लगा। यह नजारा देखते ही यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कई यात्री डर के मारे कोच छोड़ बाहर भागने लगे। घटना सुबह करीब 10 बजे की है। जानकारी के मुताबिक ब्रेक बाइंडिंग के कारण ब्रेकवैन से तीसरे कोच, बी-16 (बोगी नंबर EC 246998) के पहिए से धुआं और आग की लपटें उठने लगी। स्थिति को भांपते ही लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन रोक दी। गाड़ी रूकते ही यात्री जान बचाने के लिए नीचे उतर कर दूर भागने लगे। मौके पर मौजूद आरपीएफ जवान वीपी सिंह और आरबी मीणा ने स्थिति संभाली।

**30 मिनट बाद गाड़ी रवानाः** रेलवे के स्टाफ फायर सेफ्टी मशीन से आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलते ही स्टेशन पर तैनात एसएस बाबू कुमार और पॉइंटमैन महेंद्र कुमार भी पहुंच गए। सभी ने मिलकर कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया। तकनीकी जांच और स्थिति सामान्य होने के बाद गाड़ी को रांची के लिए रवाना किया गया। करीब 30 मिनट तक ट्रेन रुकी रही।

**गर्मी के समय पहिए घर्षण बढ़ जाती हैः** रेल ट्रैफिक अधिकारी नीरज सिन्हा ने बताया कि यह मामला ब्रेक बाइडिंग का है। इसमें ब्रेक सिस्टम में लगे रबर युक्त यंत्र के लगातार घर्षण से पहिए में गर्मी बढ़ जाती है। इसी कारण कभी-कभी धुआं या आग जैसी स्थिति बन जाती है। फिलहाल सबकुछ सामान्य है।

## जंक्शन पर 48.43 लीटर शराब बरामद, 53 हजार रुपए की अंग्रेजी शराब जब्त

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया**। पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (RPF) पोस्ट गया ने आज 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत कार्रवाई की है। इसमें 48.430 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गी है। बरामद शराब की कुल कीमत लगभग 53,360 आंकी गई है। आरपीएफ थाना अध्यक्ष बनारसी यादव ने बताया कि आज रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की संयुक्त टीम गया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर गश्त और जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान गाड़ी संख्या 13009 अप दून एक्सप्रेस के कोच संख्या S/8 में चेकिंग की गई।

**दो पिट्ठू बैग और दो थैले लावारिस अवस्था में मिलेः** जांच के क्रम में कोच के दिल्ली छोर गेट के पास दो पिट्ठू बैग और दो थैले लावारिस अवस्था में मिले। संदिग्ध स्थिति को देखते हुए टीम ने कोच में मौजूद यात्रियों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी इन सामानों पर अपना दावा नहीं किया। इसके बाद सभी बैग और थैलों को प्लेटफॉर्म पर उतारकर विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान रॉयल स्टेज, ब्लेंडर्स प्राइड, ऑफिसर्स चॉइस और आइकॉनिक जैसे विभिन्न ब्रांड की भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। सभी बैगों से कुल 48.430 लीटर शराब जब्त की गई।

कार्रवाई के दौरान मौके पर ही जब्ती सूची तैयार की गई। जब्त शराब को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी थाना, गया को सौंप दिया गया। इस संबंध में जीआरपी थाना गया में मामला संख्या 78/26 दिनांक 22.03.2026 के तहत बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(a) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी ने बताया कि 'ऑपरेशन सतर्क' के तहत लगातार अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। भविष्य में भी इस तरह की सघन जांच जारी रहेगी ताकि रेल परिसरों में अपराध और अवैध तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

## नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व की शुरुआत, मंदिर और घाटों पर उमड़ी भीड़

### व्रती बोलीं- परिवार में सुख-शांति के लिए पूजा कर रही हूं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**गया**। नहाय-खाय के साथ 4 दिन तक चलने वाले चैती छठ महापर्व की शुरुआत हो गई है। इस अवसर पर गयाजी में छत्रपति समेत कई घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। व्रतियों ने गंगा स्नान कर घाट किनारे पूजा-अर्चना किया। फिर मिट्टी के चूल्हे पर लौकी की सब्जी, चने की दाल और चावल बनाकर सात्विक भोजन ग्रहण कर व्रत का संकल्प लिया। संजू देवी ने कहा, 'छठ सिर्फ पूजा नहीं, जीवन का संस्कार है। परिवार की सुख-शांति के लिए किया जाता है। पहली बार चैती छठ कर रही हूं। घर में छठ गीत गूंज रहे हैं। गेहूं धोकर प्रसाद बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। हर नियम का पालन किया जा रहा है। व्रती इंदु शर्मा ने बताया कि छठ नियम और अनुशासन का पर्व है। यह पर्व गांव, घर, परिवार की खुशहाली और मनोकामना पूर्ति के लिए किया जाता है।

**36 घंटे का निर्जला उपवासः** दूसरे दिन 23 मार्च को खरना है। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद शाम को मिट्टी के चूल्हे पर गन्ने के रस में बनी खीर, रोटी बनाकर सूर्य भगवान को अर्पित करेंगे। प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती 36 घंटे के कठिन निर्जला उपवास का संकल्प लेंगे। तीसरे दिन 24 मार्च को डूबते सूर्य और 25 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन होगा।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः** चैती छठ महापर्व पर जिला प्रशासन अलर्ट मोड में हैं। घाटों की सफाई कराई गई है। सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। बैरिकेडिंग, लाइटिंग और गोताखोर की व्यवस्था की गई है। ताकि व्रतियों को कोई परेशानी न हो।

## गया में इनकम टैक्स एक्ट 2025 पर सेमिनार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया**। गया में द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सीपीई स्टडी चैप्टर की ओर से आज इनकम टैक्स एक्ट 2025 और 1 अप्रैल से लागू होने वाले नए आयकर कानून पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर के काशीनाथ मोड़ के पास स्थित एक निजी होटल में हुआ। इस महत्वपूर्ण सेमिनार में के कई चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और टैक्स प्रोफेशनल्स ने भाग लिया। दिल्ली से आए टैक्स और फाइनेंस विशेषज्ञ विनोद रावत मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ डिप्टी कन्वेनर रोहित कुमार सिन्हा और कन्वेनर दीपक कुमार भी मौजूद थे।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद नए आयकर कानून पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य वक्ता विनोद रावत ने अपने संबोधन में कहा कि 1 अप्रैल से लागू होने वाला इनकम टैक्स एक्ट 2025 कई महत्वपूर्ण बदलाव ला रहा है, जिन्हें समझना हर टैक्स प्रोफेशनल के लिए आवश्यक है।

**टीडीएस काटने की प्रक्रिया में होगा बदलावः** रावत ने बताया कि अब टीडीएस काटने और जमा करने की प्रक्रिया पूरी तरह से बदल जाएगी। इसके लिए नए फॉर्म और नई प्रक्रिया अपनानी होगी, जिससे कर प्रणाली में पारदर्शिता और सरलता बढ़ेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य टैक्स प्रणाली को सरल और अधिक प्रभावी बनाना है। वित्त मंत्रालय की ओर से नए कानून में कई सुधार किए गए हैं, जिनमें करदाताओं को राहत देने के लिए विभिन्न प्रकार की छूट और प्रावधान शामिल हैं, जिससे आम लोगों को लाभ मिलने की संभावना है।

इस अवसर पर उपस्थित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भी अपने सवाल रखे और विशेषज्ञों से समाधान हासिल किए। सेमिनार के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की उम्मीद जताई, ताकि प्रोफेशनल्स समय-समय पर अपडेट रह सकें।

**पुराने नियमों को भूलकर नई व्यवस्था को अपनानाः** सीए रोहित कुमार सिन्हा, सीए दीपक कुमार ने कहा कि नए कानून के लागू होने के बाद पुराने नियमों को भूलकर नई व्यवस्था को अपनाना होगा। इसके लिए सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को अभी से तैयारी शुरू करनी चाहिए। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य भी यही था कि प्रोफेशनल्स को समय रहते नए प्रावधानों की जानकारी दी जा सके। सेमिनार के दौरान विशेष रूप से टीडीएस (TDS) प्रणाली में होने वाले बदलावों पर प्रकाश डाला गया। इस तरह यह सेमिनार न केवल जानकारीवर्धक रहा, बल्कि आने वाले नए आयकर कानून को समझने में भी बेहद उपयोगी साबित होगा। इस मौके पर सीए संजीव सिन्हा, सीए अनूप कुमार, विजय कुमार, शशांक सिन्हा, उटपक कुमार, अभिषेक कुमार और विवेक कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## बंद घर से 30 लाख के जेवर की चौरी, नालंदा से पत्नी का इलाज कराने गए थे देवघर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

### पीछे से चोरों ने वारदात को दिया अंजाम



**नालंदा**। नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र के बेरौटी टोला इंदरपुर गांव में चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाकर लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित अंजनी कुमार विद्यार्थी जब सपरिवार देवघर से वापस लौटे, तो घर का नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। चोरों ने घर का ताला तोड़कर करीब 200 ग्राम सोना (बाजार मूल्य लगभग 30 लाख रुपये), 16,000 रुपये नकद और जमीन व गाड़ी के कीमती कागजात चोरी कर लिए हैं।

**इलाज कराने गए थे देवघर, पीछे से चोरीः** पीड़ित अंजनी कुमार विद्यार्थी ने बताया कि वे बीते 16 मार्च को अपनी पत्नी के इलाज के लिए घर में ताला बंद कर देवघर (झारखंड) गए हुए थे। उन्होंने जाने से पूर्व घर की सुरक्षा सुनिश्चित की थी और पड़ोसियों को भी इसकी जानकारी थी। आज जब वे वापस लौटे, तो देखा कि मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है।

**कमरों और गोदरेज के ताले टूटे, सामान बिखरा मिलाः** घर के अंदर प्रवेश करने पर स्थिति और भी भयावह थी। चोरों ने न केवल मुख्य द्वार, बल्कि अंदर के हर कमरे, बक्से और गोदरेज के ताले भी तोड़ डाले थे। पीड़ित के अनुसार, चोरों ने अलमारी में रखे सोने के जेवरात और नकदी के साथ-साथ घर, खेत और गाड़ी के महत्वपूर्ण दस्तावेज भी गायब कर दिए हैं। पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था।

**पड़ोसियों पर मिलीभगत का आरोपः** अंजनी कुमार ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए पड़ोस के ही कुछ लोगों पर शक जाहिर किया है। उनका कहना है कि जब उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की, तो किसी ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि किसी करीबी या पड़ोसी की मुखबिरी या सहयोग से ही इस बड़ी लूट को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि लिखित आवेदन मिल गया है और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# काराकाट नगर पंचायत का 41 करोड़ का बजट 'चुपके से' पारित, बिक्रमगंज में हंगामा क्यों?

## काराकाट नगर पंचायत : 41 करोड़ बजट 'गुप्त सत्र' में पारित,ईओ पर मीडिया-अनदेखी के सवाल बुलंद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास।** नगर पंचायत काराकाट को जनता ने विकास के वादों के साथ चुना था,लेकिन तीन साल बाद भी कोई ठोस प्रगति नजर नहीं आ रही । झाड़ू लगाने तक सीमित रह गया सफाई का काम,जबकि असली विकास सपनों से परे लग रहा है । इसी बीच वित्तीय वर्ष 2026-27 का 41 करोड़ रुपये का बजट 17 मार्च को सशक्त बैठक में पारित कर दिया गया,लेकिन शहरवासियों को भनक तक नहीं दी गई । न प्रिंट-इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को सूचना,न विधायक-सांसद को आमंत्रित । क्या यह पारदर्शिता की कमी का संकेत है ?

**बिक्रमगंज नगर परिषद में बजट सत्र पर खूब बवालः** शनिवार को बिक्रमगंज नगर परिषद के बजट सत्र में वार्ड पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) पर भारी हंगामा मचाया । पार्षदों ने सवाल दागे कि बजट पेश करने से पहले क्या मीडिया,विधायक और सांसद को जानकारी दी गई ? ईओ की खामोशी ने हंगामे को भड़का दिया । पार्षदों का कहना था,"यह बजट सत्र शहर के विकास का सुनहरा मौका है । जनता को पूरे साल की योजनाओं का हक है । जानकारी छिपाना रणनीति लगता है ।"

**काराकाट में भी वही 'गुप्त' खेल ?:** काराकाट नगर पंचायत के ईओ ने भी बिक्रमगंज की तर्ज पर बजट सत्र को गुप्त रखा । गुप्त सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 41 करोड़ के बजट में कई विकास योजनाएं शामिल हैं,लेकिन शहरवासियों को कुछ पता ही नहीं । नोटिस जारी नहीं,न आमंत्रण । जनता सवाल उठा रही है-आखिर विकास की योजनाएं क्यों छिपाई जा रही हैं ? क्या यह भ्रष्टाचार का रास्ता तैयार कर रहा है ?




**पुरानी जांच में भी गड़बड़ी का खुलासाः** कुछ महीने पहले बिक्रमगंज एसडीएम प्रभात कुमार ने काराकाट नगर पंचायत के ईओ के खिलाफ मैनपॉवर आउटसोर्सिंग में अनियमितता की जांच की । रिपोर्ट में 1.49 लाख रुपये का अतिरिक्त भुगतान सामने आया । एसडीएम ने रिपोर्ट जिलाधिकारी रोहतास को भेज दी,लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं । जिला प्रशासन की चुप्पी सवालों को जन्म दे रही है ।

**पार्षदों की जंग या जनता का हक ?:** बिक्रमगंज में पार्षदों ने ईओ के खिलाफ जंग छेड़ दी,जो विकास या पारदर्शिता के लिए हो । लेकिन काराकाट में ऐसी आवाज क्यों नहीं ? नगरवासी कहते हैं,बजट सत्र में मीडिया को बुलाना जरूरी है ताकि हर योजना की जानकारी जनता तक पहुंचे । अन्यथा विकास के नाम पर भ्रष्टाचार ही पनपेगा । बहरहाल दोनों जगह पारदर्शिता की कमी ने स्थानीय प्रशासन पर सवाल खड़े कर दिए हैं । क्या जिला प्रशासन इस पर ध्यान देगा ?

**मीडिया-अनदेखी : भ्रष्टाचार का संकेत ?:** बजट सत्र पूरे साल का रोडमैप होता है । मीडिया को सूचना देकर जनता तक योजनाएं पहुंचानी चाहिएं । बिक्रमगंज में पार्षदों ने ईओ को कटघरे में खड़ा किया,लेकिन काराकाट में सन्नाटा क्यों ? ईओ,एक पत्रकार को भी न बुलाना कहीं बड़ा घोटाले का आगाज तो नहीं ? शहरवासी जागें,पारदर्शिता मांगें । जिला प्रशासन सोचें- क्या समय आ गया जांच का ? ईओ से सवाल : बजट गुप्त क्यों ? मीडिया को 'खबर' कब ?

# संक्षिप्त समाचार

## पुलिस टीम पर हमला में प्रमुख सहित 13 पर प्रथमिकी दर्ज

**केसरिया, पू.च।** पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में केसरिया प्रखंड प्रमुख आलिया प्रवीण उनके पति नाज अहमद खान सहित 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला केसरिया थानाध्यक्ष राहुल कुमार के आवेदन पर दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार, आर्म्स लाइसेंस के लिए फर्जी लेटर बनाने के मामले में पुलिस टीम शनिवार को जनसुराज पार्टी के केसरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सह प्रखंड प्रमुख पति नाज अहमद खान उर्फ पप्पू खान के बैरिया स्थित घर पर छापेमारी करने पहुंची थी। आरोप है कि छापेमारी के दौरान पप्पू खान, उनकी पत्नी आलिया प्रवीण तथा घर के अन्य लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया और सरकारी कार्य में बाधा डाली। इस दौरान थानाध्यक्ष, अपर थानाध्यक्ष सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 13 नामजद एवं 25 से 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

## 454 ग्राम गांजा के साथ एक दुकानदार गिरफ्तार



**केसरिया, पू.च।** बीजधरी थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गांजा बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बुधन साह रामपुर कोडर थाना बीजधरी के रूप में की गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त व्यक्ति अपनी मिठाई की दुकान की आड़ में अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी की, जहां से अभियुक्त को रंगे हाथों पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से कुल 454 ग्राम गांजा बरामद किया गया। थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा जब्त गांजा को कब्जे में लेकर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे कारोबार में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बिहार दिवस व विश्व जल दिवस महात्मा बुद्ध पब्लिक स्कूल ने धुमधाम से मनाया




**केसरिया, पू.च।** महात्मा बुद्ध पब्लिक स्कूल बेनीपुर खिजिरपुरा के निदेशक सुजीत कुमार के निर्देशन में बिहार दिवस एवं विश्व जल दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनमें बिहार की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और गौरव की झलक देखने को मिली। साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "जल ही जीवन है" संदेश के साथ विद्यार्थियों ने जल बचाने एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने छात्रों को बिहार के गौरवशाली अतीत तथा जल के महत्व के बारे में प्रेरणादायक जानकारी दी।

## क्रिकेट एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारीगण मिले सांसद से

**मोतिहारी।** रविवार को पूर्वी चंपारण जिला क्रिकेट एसोसिएशन के नव निर्वाचित सभी पदाधिकारीगण के द्वारा स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह से बेलबनवा स्थित भाजपा कार्यालय में मुलाक़ात कर उनको पुष्प गुच्छ एवम शॉल दे कर सम्मानित किया गया। नव निर्वाचित सदस्यों ने स्थानीय सांसद से पूर्वी चंपारण में क्रिकेट के विकास पर गहन चर्चा की। वही सांसद ने हर संभव सहयोग का आवासन दिया। मौके पर पूर्वी चंपारण जिला क्रिकेट एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष नवीन मिश्रा, उपाध्यक्ष अजय कुमार, सचिव रवि राज, संजुक्त सचिव अयाज अहमद, कोषाध्यक्ष कन्हैया प्रसाद, वरीय खिलाड़ी मधुरेंद्र सिंह, संजय कुमार टुन्ना, सुबोध कुमार, विश्वनाथ प्रसाद, कुमार राज, आशीष रंजन, इत्यादि मौजूद थे ।

## हार्डवेयर व्यवसायी कामता मिश्र के घर पर हुई फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार

**मोतिहारी।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र के उज्जैन लोहियार निवासी हार्डवेयर व्यवसायी कामता मिश्र के घर पर हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने दो अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कुख्यात अपराधी शहर के हवाई अड्डा निवासी ठेकेदार सुरेन्द्र सिंह व कल्याणपुर थाना क्षेत्र के सिसवा खरार निवासी कुख्यात अपराधी बब्लू दूबे का भाई डब्लू दूबे बताया गया है।जिसे एस आईटी ने धर दबोचा है। यहां बताते चलें कि 19 मार्च की रात्रि उज्जैन लोहियार स्थित कामता मिश्र के घर पर अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत फैलाया था। हालांकि इस दौरान किसी प्रकार की कोई हताहत नहीं हुई। चर्चा का विषय यह है कि पूर्व में भी हार्डवेयर व्यवसायी कामता मिश्र के दूकान पर अपराधियों ने दिनदहाड़े फायरिंग किया था। जिसमें व्यवसायी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जानकारी देते हुए अरेराज डीएसपी रवि कुमार ने बताया कि लेन देन के 7 लाख रूपये के लिए ठेकेदार सुरेन्द्र सिंह ने हार्डवेयर व्यवसाई कामाता मिश्र की हत्या की रची थी साजिश ।पकड़े जाने के बाद ठेकेदार ने किया खुलासा।

## शर्मा चौक पर वाहन जांच के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

**घोड़ासहन।** कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के शर्मा चौक पर चल रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जांच के क्रम में HHD मशीन से सत्यापन करने पर एक मोटरसाइकिल चोरी की पाई गई, जिसकी नंबर प्लेट भी बदली हुई थी। इस मामले में पुलिस ने मौके से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजू सिंह, पिता शंभू सिंह, निवासी हसीमा, थाना बैरगनिया, जिला सीतामढ़ी के रूप में की गई है। पुलिस द्वारा पूछताछ में सामने आया कि उक्त मोटरसाइकिल चोरी की है और आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है।थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार युवक का आपराधिक इतिहास पहले से रहा है। उसके खिलाफ बैरगनिया थाना कांड संख्या 256/24, दिनांक 05.10.2024 के तहत NDPS एक्ट की धारा 8(सी)/20(बी)(ii)(a) के अलावा लूट समेत अन्य कई गंभीर मामले दर्ज हैं। इससे स्पष्ट होता है कि आरोपी संगठित अपराधों में भी शामिल रहा है।पुलिस ने बताया कि नियमित वाहन जांच अभियान के दौरान तकनीकी उपकरण HHD मशीन का उपयोग कर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है, जिससे इस प्रकार के मामलों का खुलासा संभव हो पा रहा है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है।पूछताछ पूरी करने के बाद गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया जा सके और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

# सोलर ऊर्जा से सशक्त बनें उपभोक्ता, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का उठाएं लाभ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज/ रोहतास।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह जानकारी विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ता अपनी छतों पर सोलर पैनल स्थापित कर प्रतिमाह लगभग 300 यूनिट तक निःशुल्क बिजली का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र सरकार द्वारा इस योजना में आकर्षक सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जिससे सोलर पैनल स्थापना की लागत कम होकर आम लोगों की पहुँच में आ रही है। उन्होंने आगे बताया कि नेट मीटरिंग की सुविधा के माध्यम से उपभोक्ता अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर अतिरिक्त लाभ भी अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ तथा स्वच्छ ऊर्जा को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। सौर ऊर्जा को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उन्होंने इसके अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया। उन्होंने जानकारी दी कि एपीएल उपभोक्ताओं के लिए प्रति किलोवाट सोलर स्थापना की लागत लगभग 70000 आती है, जिस पर सरकार द्वारा 30000 प्रति किलोवाट तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। 2 किलोवाट पर 60000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक पर 78000 तक की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सोलर ऊर्जा अपनाने से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में कमी, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, कम रखरखाव एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। सोलर पैनल की आयु लगभग 25 वर्ष होती है तथा लगभग 5 वर्षों में इसकी लागत की भरपाई संभव है।

# बिहार दिवस पर एसडीएम ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज :** बिहार दिवस की 114 वीं वर्षगांठ के अवसर पर बिक्रमगंज अनुमंडल स्तरीय कार्यक्रम तहत प्रभात फेरी को एसडीएम प्रभात कुमार ने अपने आवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । प्रभात फेरी तेंदुनी चौक होते हुए काली स्थान पर बिहार गीत के साथ संपन्न हुआ । प्रभात फेरी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुर्यपूरा मनोज कुमार एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बिक्रमगंज रितेश कुमार की देखरेख में निकाला गया । कार्यक्रम में उद्घघोषक का दायित्व मो.शमशाद अली प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय घुसियां कला ने निभाया । इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बिक्रमगंज की शिक्षिका अमृता कुमारी, ज्योति, सुलक्षणा कुमारी, शीला कुमारी, शिक्षक जयप्रकाश, प्रधानाध्यापक रामाधार सिंह उच्च विद्यालय कौसर परवीन,उच्च माध्यमिक विद्यालय बिक्रमगंज की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी,उच्च विद्यालय तेंदुनी के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुमुद रंजन तिवारी, संगीत शिक्षक राजीव रंजन सिंह, टोला सेवक शैलेंद्र कुमार,अमित कुमार एवं तालिमी मरकज गुलाम अली, जूनियर अंसारी, मोहम्मद जाकिर हुसैन, अन्य शिक्षक, शिक्षिका एवं टोला सेवक उपस्थित थे । प्रभात फेरी एसडीएम आवास से शहीद बाबा पड़ाव, शहीद चौक, तेंदुनी चौक होते हुए काली स्थान डुमरांव रोड पहुंच कर संपन्न हुआ । जिसमें सभी विद्यालयों के बच्चे एवं एनसीसी कैडेट के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । उक्त अवसर पर सभी बच्चों को बिहार गाथा एवं बिहार के गौरव से परिचित कराया गया ।

# बिक्रमगंज अनुमंडल स्तरीय कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी को अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज द्वारा आपने आवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बिक्रमगंज / रोहतास ।** बिहार दिवस की114 वीं वर्षगांठ के अवसर पर बिक्रमगंज अनुमंडल स्तरीय कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी को अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज द्वारा आपने आवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । प्रभात फेरी तेन्दूनी चौक होते हुए काली स्थान पर बिहार गीत के साथ समाप्त हुआ । प्रभात फेरी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुर्यपूरा श्री मनोज कुमार एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बिक्रमगंज श्री रितेश कुमार के देखरेख में निकाला गया । कार्यक्रम में उद्घघोषक का दायित्व मो. शमशाद अली प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय, घुसिया कलाँ ने निभाया ।

इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की शिक्षिका अमृता कुमारी ज्योति,सुलक्षणा कुमारी, शीला कुमारी,शिक्षक जयप्रकाश,प्रधानाध्यापक राम आधार सिंह उच्च विद्यालय कौसर परवीन, सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल के प्राचार्य संग्राम सिंह, उच्च माध्यमिक विद्यालय बिक्रमगंज की प्रभारी सीमा कुमारी,उच्च विद्यालय तेन्दूनी के प्रभारी कुमुद रंजन तिवारी, संगीत शिक्षक राजीव रंजन सिंह टोला सेवक शैलेंद्र कुमार अमित कुमार एवं तालिमी मरकज गुलाम अली जूनियर अंसारी मोहम्मद जाकिर हुसैन अन्य शिक्षक / शिक्षिका टोला सेवक उपस्थित थे । प्रभात फेरी अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज के आवास से शहीद बाबा पड़ाव शहीद चौक से तेन्दूनीं चौक होते हुए काली स्थान डुमराँव रोड पहुंच कर समाप्त किया गया ।rकस्तूरबा की बालिकाएं, सर्वोदय ज्ञान पब्लिक स्कूल के बच्चे,रामाधार सिंह उच्च विद्यालय की बच्चियों, उच्च विद्यालय तेन्दनी के बच्चे एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय बिक्रमगंज के बच्चे एवं एनसीसी कैडेट ने भाग लिया ।बच्चों को बिहार गाथा एवं बिहार के गौरव से परिचित कराया गया ।

# उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात किये, जदयू प्रदेश नेता आशुतोष सिंह

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम / रोहतास।** बिहार के उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी से शिष्टाचार मुलाकात किये जदयू प्रदेश नेता अधिवक्ता आशुतोष सिंह,बिहार में अच्छे कानून व्यवस्था पर बात करते और रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में डीआईजी ऑफिस और एसपी ऑफिस डेहरी से सासाराम जिला मुख्यालय में लाने की मांग करते,जनता दल यू के प्रदेश नेता अधिवक्ता आशुतोष सिंह,ने कहा कि रोहतास जिला का जिला मुख्यालय सासाराम है परंतु डी0आइ0जी ऑफिस और एसपी ऑफिस डेहरी 20 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है इसलिए दोनों ऑफिस जिला मुख्यालय सासाराम में रहना चाहिए



बिहार के उप मुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने शांतिपूर्वक बातों को सुना,इस अवसर पर अधिवक्ता आशुतोष सिंह जदयू के प्रदेश नेता ने कहा कि एनडीए गठबंधन बहुत ही मजबूत होगी और आगे बिहार के लिए NDA बीजेपी जदयू नीतीश कुमार जी आने वाले चुनाव में बहुत ही एनडिये गठबंधन को फायदा होने वाली है

# मुखिया संघ की बैठक आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मोतिहारी।** जिला मुखिया संघ की बैठक की अध्यक्ष सह मुखिया कुंवरपुर शशिभूषण सिंह के अध्यक्षता में स्वागत पेट्रोल पम्प कुंवरपुर में हुई। बैठक में अतिथि के तौर पर प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश कुमार राय शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि सोलर स्ट्रीट लाइट का भुगतान करने का कोई भी आदेश मुख्य सचिव के तरफ से नहीं आया है। जिला स्तर के अधिकारी अपने फायदे के लिए भुगतान करने पर जोर दे रहे हैं कुछ अधिकारी ऑडिट के नाम पर भी उगाही करने का प्रयास कर रहे हैं। कोई भी मुखिया ऑडिट के नाम पर कोई राशि नहीं दे ना सोलर स्ट्रीट लाइट का भुगतान करे। अगर जो अधिकारी जबरदस्ती करते हैं उनका नाम पदनाम देकर हमे सूचित करें हम लोग विभागीय अधिकारी से बात करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार ने परिसीमन के बारे मे उलूल जुलूल बयान दे रही है उससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला सरकार दिशा निर्देश जारी करेगी तो हमलोग कानूनी लड़ाई लड़ने को बाध्य होंगे। बैठक को संबोधित करते हुए राजू बैठा मुखिया



गोढ़वा सह प्रदेश सचिव मुखिया संघ बिहार ने कहा कि सरकार ने 60दिनों के अंदर पंचायत प्रतिनिधियों को आर्म्स लाइसेंस देना का आदेश जारी किया है जिलाधिकारी आदेश का अनुपालन करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों के लिए विशेष कैंप लगाकर शस्त्र का लाइसेंस जारी करे, विवाह मंडप एवं पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के द्वारा तथा पंचायती राज विभाग के अधिकारियों के मनमानी के विरुद्ध भी शंखनाद किया जाएगा। बैठक में आदिल राणा, प्रेमशंकर यादव, गोपाल राय, रामेकबाल राय, किशोरी साहनी, मुन्ना कुमार शाही, गुड्डू सिंह, दारोगा साह, मदन मोहन दास, मोहन साहनी सोनालाल बैठा, जितेंद्र राम, विनोद सिंह कुशवाहा, बुलेट कुमार जयराम प्रशाद कुशवाहा, मणि कुंडल, राजू ठाकुर, सुरेंद्र राय, सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष एवं मुखिया गण बैठक में शामिल हुए। बैठक का संचालन राजू बैठा मुखिया ने किया।

## बिहार दिवस पर समहुता विद्यालय में उत्सव का माहौल

# प्रभात फेरी के बाद बच्चों का शैक्षणिक परिभ्रमण दल बोधगया रवाना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**काराकाट / रोहतास :** मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना तहत रविवार को बिहार दिवस के पावन अवसर पर काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय समहुता में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला । इस खास दिन की शुरुआत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई भव्य प्रभात फेरी से हुई,जिसमें बच्चों ने शिक्षा, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता से जुड़े नारों के माध्यम से पूरे गांव में सकारात्मक संदेश फैलाया । प्रभात फेरी के बाद विद्यालय परिसर में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया,जहां शिक्षकों ने बच्चों को बिहार के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और इस दिन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया । कार्यक्रम के दौरान बच्चों में खासा उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली । इसके उपरांत विद्यालय शिक्षा समिति की अध्यक्ष पिंकी देवी,नोडल शिक्षक अजीत कुमार दुबे सहित अन्य शिक्षकों के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं का एक दल शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बोधगया के लिए रवाना हुआ । बच्चों के चेहरों पर भ्रमण को लेकर खुशी और उत्सुकता साफ झलक रही थी ।

इस अवसर पर सरपंच पूनम प्रकाश, बीडीसी सतीश कुमार सिंह, समाजसेवी ओमप्रकाश पांडेय, समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि चिंटू सिंह सहित कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा दी । सभी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद जावेद अंसारी ने कहा,"मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना बच्चों के लिए एक सुनहरा अवसर है । किताबों तक सीमित ज्ञान से आगे बढ़कर जब बच्चे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को प्रत्यक्ष रूप से देखते हैं,तो उनका बौद्धिक और सामाजिक विकास तेजी से होता है । बिहार दिवस के मौके पर इस तरह का आयोजन बच्चों में अपने राज्य के प्रति गर्व और जुड़ाव की भावना को और मजबूत करता है । कार्यक्रम के सफल आयोजन से विद्यालय परिवार के साथ-साथ पूरे गांव में उत्साह का माहौल बना रहा । यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक साबित हुआ,बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी एक सराहनीय पहल रही ।

## संक्षिप्त समाचार

### गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी

**बांका**। डीएम नवदीप शुक्ला के नेतृत्व रसोई गैस वितरण को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की दिशा में लगातार कार्रवाई की जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में टीमें लगातार छापेमारी कर रही है। शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में 11 गैस एजेंसियों और तीन प्रमुख स्थानों पर जांच की गई, जबकि थाना स्तर की टीमों ने तीन गैस एजेंसियों समेत 39 स्थानों पर छापेमारी की। जांच के दौरान एजेंसियों के स्टॉक रजिस्टर, वितरण पंजी और उपभोक्ताओं को दिए जा रहे सिलेंडरों का भौतिक सत्यापन किया गया। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि गैस निर्धारित दर पर ही बेची जा रही है और कहीं भी अनियमितता नहीं हो रही है। एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की जमाखोरी या कालाबाजारी न होने दी जाए।

### ईद पर विधायक ने दी मुबारकबाद

**बांका**। चांदन में विधायक मनोज यादव ने अल्पसंख्यक समुदाय के बीच पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी। लगभग एक दर्जन गांवों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की और भाईचारे का संदेश दिया। विधायक ने कहा कि ईद आपसी प्रेम, अमन-चैन और सामाजिक सद्भाव का पर्व है, जो समाज को एकजुट रहने की प्रेरणा देता है। सभी लोगों से मिलकर गले लगाया और सुख-समृद्धि की कामना की। विधायक सबसे पहले धनुवसार के हरिपुर, चिहुतजोर, उत्तरी वारने और दोमुहान पहुंचे। इसके बाद असुड़ा के सरकंडा, जेरो पहरी, मंझला टीहा तथा उत्तरी कसवा-वसीला के झिलुवा, झिलुवा छिरा और दक्षिणी कस्बा का भ्रमण किया। साथ ही बसेला के पेसराहा, खिजुरिया, बड़फेर, तेतरिया और सुइया बाजार सहित अन्य गांवों में भी जाकर लोगों से मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ जनता दल (यूनाइटेड) के चांदन प्रखंड अध्यक्ष दीपक भारती, सद्दाम अंसारी, कयूम अंसारी, एहसान अंसारी, जमीर मुरतज़ा, मोहम्मद मुस्लिम, मकसूद अंसारी, मो. आदिल, मनोवर अंसारी, महक अंजुम, अनिल यादव, चेतन यादव, शहनाज और आदेश सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जनगणना के प्रथम चरण के लिए फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण 23 से

**बांका**। जनगणना-2027 के प्रथम चरण को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। समाहरणालय के प्रशिक्षण कोषांग की ओर से जारी पत्र के मुताबिक फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला प्रशिक्षण सत्र 23 मार्च से 25 मार्च 2026 तक और दूसरा सत्र 26 मार्च से 28 मार्च तक आयोजित होगा। दोनों चरणों का प्रशिक्षण जिला समाहरणालय, बांका में प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक चलेगा। पहले चरण में बांका, नगर परिषद बांका, चांदन, कटोरिया, बौंसी, रजौन, धोरैया और बाराहाट प्रखंडों के प्रशिक्षकों को शामिल किया गया है, जबकि दूसरे चरण में फुल्लीडुमर, शंभूगंज, अमरपुर, नगर पंचायत अमरपुर और बेलहर प्रखंडों के फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण निदेशक जनगणना कार्य-सह-मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी पटना के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी ने संबंधित फील्ड ट्रेनरों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित तिथियों पर समय से उपस्थित होकर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से भाग लें, ताकि जनगणना कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

### विकसित भारत के साथ बेहतर इंसान बनने पर जोर

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय से जुड़े राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के वॉलंटियर्स ने 9वें नॉर्थ ईस्ट यूथ फेस्टिवल 2026 में अपनी भागीदारी दर्ज कराते हुए राज्य का मान बढ़ाया। नागालैंड में आयोजित इस महोत्सव में बिहार-झारखंड कंटिनजैंट ने बीएनएम कॉलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रमोद यादव के नेतृत्व में हिस्सा लिया। यह युवा महोत्सव विकसित भारत और सांस्कृतिक अनेकता में एकता के संदेश को केंद्र में रखकर आयोजित किया गया था। जिसमें देश के लगभग सभी राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डॉ. प्रमोद ने बताया कि इस दौरान विभिन्न राज्यों के एनएसएस वॉलंटियर्स ने अपनी-अपनी संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत कर भारत की विविधता और एकता को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि बिहार-झारखंड टीम के वॉलंटियर्स ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्रीय परंपराओं को मंच पर जीवंत किया। छठ, झिझिया और सामा-चकवा जैसे लोक पर्वों पर आधारित गीतों की प्रस्तुति ने दर्शकों को आकर्षित किया। इस प्रस्तुति में अनमोल कुमारी, आकाश कुमार, शिवम कुमार, जागृति कुमारी और रॉबिंस कुमार ने प्रमुख भूमिका निभाई। उनकी प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों का मन मोह लिया, बल्कि बिहार-झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। सुविचार सत्र के दौरान अपनी बात रखते हुए टीम के नायक डॉ. प्रमोद यादव ने कहा कि देश को विकसित बनाने के साथ-साथ इंसान का विकास भी उतना ही जरूरी है। भारत को अपनी प्राचीन परंपरा वसुधैव कुटुंबकम् के सिद्धांत पर चलते हुए दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने पहले भी दुनिया को दिशा दिखाई है और आज भी वैश्विक स्तर पर भारत से काफी उम्मीदें हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को अपनी संस्कृति को समझने और उसे आगे बढ़ाने का अवसर मिलता है।

### शंकरपुर के पास गड्ढे में फिसली बाइक, युवक घायल

**बांका**। बांका के ढाकामोड़ मुख्य मार्ग पर स्थित शंकरपुर के पास शनिवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल की पहचान मीरगंज निवासी मोहम्मद शाहनवाज के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शाहनवाज बाइक से बांका की ओर जा रहा था। इसी दौरान बारिश के कारण सड़क पर पानी भर गया था, जिससे गड्ढे दिखाई नहीं दे रहे थे। युवक ने बताया कि तेज रफ्तार में चल रही बाइक एक गड्ढे में चली गई, जिससे संतुलन बिगड़ गया और बाइक फिसलकर गिर गई। हादसे में युवक को चोटें आईं। लोगों की मदद से उसे तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार किया।

### लिफ्ट में फंसा मरीज, दरवाजा तोड़ निकाला

**मुंगेर**| मॉडल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के सामने लिफ्ट में मरीज और उसके परिजन फंस गए, जिन्हें काफी मशक्कत के बाद लिफ्ट का दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला गया। घटना के दौरान मौके पर कोई भी सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं था, जिससे अस्पताल प्रबंधन की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, एक मरीज अपने परिजनों के साथ इमरजेंसी वार्ड के सामने स्थित लिफ्ट में सवार हुआ था। अचानक लिफ्ट बीच में ही बंद हो गई और अंदर मौजूद लोग फंस गए। कुछ ही देर में मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अस्पताल प्रबंधक तौसिफ हसनैन एवं अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे और किसी तरह लिफ्ट का गेट तोड़कर मरीज व परिजनों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मामले की सूचना सिविल सर्जन एवं अस्पताल उपाधीक्षक को दी गई है। अस्पताल उपाधीक्षक ने सुरक्षा एजेंसी के सुपरवाइजर से स्पष्टीकरण मांगा है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि खराब हुई लिफ्ट को ठीक करा लिया गया है तथा सभी सुरक्षाकर्मियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि उनकी उपस्थिति में ही लिफ्ट संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो।

# आर्मी जवान भोपाल में शहीद छोटे बेटे ने दी मुखाग्नि

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर के आर्मी मेडिकल कोर के हवलदार जवान नीरज कुमार शहीद हो गए। घटना ड्यूटी के दौरान हुई, जब जवान एक मेडिकल से दूसरे मेडिकल अस्पताल जा रहे थे। तभी बाइक बेकाबू हो गया और वो बेहोश होकर गिर गए। दूसरे दिन बाद उसे उठाकर अस्पताल में एडमिट करवाया गया। ये बौर थाना क्षेत्र अंतर्गत मिर्जापुर गांव के रहने वाले थे। जवान 4 दिनों तक जिंदगी और मौत से अस्पताल में जूझता रहे। 20 मार्च को मौत की खबर आई।आज इनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा। छोटे बेटे नयान (10) ने पिता को मुखाग्नि दी है। इससे पहले शहीद जवान ने अपनी पत्नी से फोन पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि " अभी आने की जरूरत नहीं हे, लेकिन फिर उसी दिन रात के दो बजे फोन आया कि तबियत ज्यादा खराब है, पत्नी आर्मी कैंप पहुंची, जिसके बाद जवान का निधन हो गया। पत्नी निशा (31) ने कहा कि पहले भी



मुझसे बात हुई थी। तो उन्होंने कहा था कि मैं ठीक हूं। हमारे 2 बच्चे है। एक लड़का और एक लड़की है। मैं चाहती हूं कि सरकार नौकरी दें।

**भोपाल स्थित आर्मी अस्पताल में भर्ती थे**: जवान के मौत की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शहीद के बड़े भाई ने बताया कि नीरज कुमार भोपाल स्थित आर्मी अस्पताल में भर्ती थे, जहां उनका ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान उनकी हालत बिगड़ गई और उन्होंने अंतिम सांस ली। रविवार को उनका पार्थिव शरीर गांव मिर्जापुर लाया गया। जैसे ही शव घर पहुंचा, परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी नीशा भारती पति के पार्थिव शरीर से लिपटकर फूट-फूट कर रोने लगीं। बेटे गोलू और बेटी नेहा भी पिता को देखकर बिलख उठे। बुजुर्ग मां की आंखों से भी आंसुओं की धारा बहती रही। पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। सेना के अधिकारी कर्नल योगेंद्र ने बताया कि ड्यूटी के दौरान एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते समय उनका एक्सीडेंट हो गया था। वे आर्मी मेडिकल सेक्टर में हवलदार के पद पर तैनात थे। 16 मार्च से उनका इलाज चल रहा था, लेकिन आखिरकार वे जिंदगी की जंग हार गए।

**सेना ने दिया शहीद का दर्जा**: सेना ने उनके बेहतर सेवा रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें शहीद का दर्जा दिया। गांव में सेना की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद जवान की अंतिम झलक पाने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग उमड़ पड़े।

# दिनदहाड़े सिलेंडर चोरी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बांका**। बांका टाउन थाना क्षेत्र में चोरी की एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। यहां एक युवक दिनदहाड़े घर में घुसकर गैस सिलेंडर चोरी कर ई-रिक्शा से लेकर फरार हो गया। गैस सिलेंडर चोरी की पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे पुलिस को जांच में मदद मिलने की उम्मीद है। एक चोर घर के अंदर चोरी करने घुसा और दूसरा चोर ई रिक्शा लेकर इंतजार कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार बांका शहर के आश्रम नगर इलाके में यह घटना हुई। आश्रम नगर निवासी राहुल कुमार के घर में एक युवक घुस गया और घर से गैस सिलेंडर उठाकर बाहर ले गया।

**घरों से गैस सिलेंडर तक चोरी होने लगी**: इसके बाद वह सिलेंडर को ई-रिक्शा पर रखकर आराम से मौके से निकल गया। पूरी घटना इतनी बेखौफ तरीके से हुई कि आसपास के लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि एक युवक गैस सिलेंडर को उठाकर ई-रिक्शा तक ले जाता है और फिर उसे लेकर वहां से फरार



हो जाता है। चोरी की यह वारदात सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का विषय बन गई है। लोगों का कहना है कि अब चोर घरों से गैस सिलेंडर तक चोरी करने लगे हैं, जिससे लोगों में चिंता बढ़ गई है।

**इलाके के लोगों में दहशत का माहौल**: घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोर की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व की शुरुआत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। नहाय-खाय के साथ 4 दिन तक चलने वाले चैती छठ महापर्व की शुरुआत हो गई है। इस अवसर पर भागलपुर में गंगा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। व्रतियों ने गंगा स्नान कर घाट किनारे पूजा-अर्चना किया। फिर मिट्टी के चूल्हे पर लौकी की सब्जी, चने की दाल और चावल बनाकर सात्विक भोजन ग्रहण किया। खाना सबसे पहले व्रत रखने वाली महिला या पुरुष को परोसा जाता है। इसके बाद ही परिवार के अन्य लोग भोजन ग्रहण करते हैं। इस प्रसाद को खाने के बाद ही छठ व्रत की शुरुआत हो जाती है।

**36 घंटे के कठिन निर्जला उपवास**: दूसरे दिन 23 मार्च को खरना है। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद शाम को मिट्टी के चूल्हे पर गन्ने के रस में बनी खीर, रोटी बनाकर सूर्य भगवान को अर्पित करेंगे। प्रसाद ग्रहण



करने के बाद व्रती 36 घंटे के कठिन निर्जला उपवास का संकल्प लेंगे।

**छठ को लेकर श्रद्धा और उत्साह का माहौल**: तीसरे दिन 24 मार्च को डूबते सूर्य और 25 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व का समापन होगा। मान्यता है कि यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया की उपासना का महापर्व है, जो परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और संतति के कल्याण के लिए किया जाता है।

# बेमौसम बारिश ने किसानों की तोड़ी कमर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर में जिलों में दो दिनों हुई बारिश और आंधी से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। इस प्राकृतिक आपदा से न केवल आम जन-जीवन पटरी से उतर गया, बल्कि किसानों और बिजली विभाग को भी भारी चपत लगी है। खेतों में तैयार खड़ी गेहूं, मक्का और दलहन की फसलों के साथ-साथ आम, लीची के बगीचों को भी नुकसान पहुंचा है। शुक्रवार शाम से शुरू हुए बारिश के बाद अगले 24 घंटों के अंदर फ्यूज कॉल सेंटर में बड़ी संख्या में शिकायतें आई। शहरी और सुल्तानगंज क्षेत्र को मिलाकर 900 से अधिक, जबकि ग्रामीण इलाकों से 112 से ज्यादा शिकायतें दर्ज की गई। इनमें से अधिकांश मामले पोल से बिजली मीटर तक सप्लाई न पहुंचने का था। बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, आंधी के कारण शहर से लेकर गांव तक तकनीकी खराबी (फॉल्ट) की समस्या बनी रही।

**आंधी से चार ट्रांसफार्मर गिर गए**: शहरी क्षेत्र के कार्यपालक अभियंता पंकज कुमार ने बताया कि करीब 30 जगहों पर 11 और 33 हजार केवी के तारों पर पेड़ों



की टहनियां और कपड़े गिरने से शॉर्ट सर्किट हुआ। लगभग 35 इंसुलेटर क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं, पूर्वी क्षेत्र के कार्यपालक अभियंता प्रभात कुमार रंजन ने बताया कि सबौर, पीरपैंती और विक्रमशिला जैसे इलाकों में चार ट्रांसफार्मर गिर गए और 14 से अधिक बिजली के पोल झुक गए, जिससे आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही। उपभोक्ताओं की परेशानियों को दूर करने के लिए बिजली विभाग के अभियंता और कर्मी देर रात तक फॉल्ट का पता लगाते रहे। पेड़ों की टहनियों की छंटाई की गई और क्षतिग्रस्त इंसुलेटर बदलकर फीडरों को बारी-बारी से चालू किया गया। शनिवार को बिजली आपूर्ति

♦ **आंधी से गेहूं-मक्के की फसल बर्बाद, बिजली विभाग के फ्यूज कॉल सेंटर में 1 हजार से ज्यादा शिकायत**

सुचारू करने के उद्देश्य से कई क्षेत्रों में पेड़ों की टहनियों की छंटाई का काम जारी रहा।

**आंधी-बारिश ने फसलों को भारी नुकसान**: जिले में शुक्रवार शाम से शुरू हुई तेज आंधी और बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। अवग-अलग प्रखंडों में गेहूं, मक्का और दलहनी फसलें (जैसे मसूर और चना) खराब हो गए। खेत में तैयार खड़ी फसलें तेज हवा के कारण जमीन पर बिछ गई, जिससे पैदावार घटने और दाने काले पड़ने की आशंका है। जिला कृषि पदाधिकारी प्रेम शंकर प्रसाद ने बताया कि जिले में आंधी-बारिश से किसानों का भारी मात्रा में फसल क्षतिग्रस्त हुआ है। टीम बनाकर फसल क्षतिग्रस्त का आकलन कराएंगे।

# आंधी-बारिश का असर, दूसरे दिन भी दहशत बरकरार, पीड़ित परिवारों की हालत गंभीर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया**। अररिया में आई तेज आंधी और बारिश का असर घटना के दो दिन बाद भी लोगों के जीवन पर साफ दिखाई दे रहा है। फारबिसगंज सहित विभिन्न इलाकों में प्रभावित परिवार अभी भी सदमे में हैं। प्रशासन की ओर से राहत और सहायता की प्रक्रिया जारी है, लेकिन हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाए हैं। फारबिसगंज के दरभंगिया टोला वार्ड संख्या 11 में पांच वर्षीय मुनाजिर की मौत के बाद उसका परिवार गहरे सदमे में है। घटना में घायल हुए अन्य बच्चों का इलाज जारी है। इनमें से एक बच्चे की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है, जबकि दूसरी बच्ची का उपचार चल रहा है। कोठीहाट वार्ड संख्या दो में तीन वर्षीय शिवम कुमार की मौत के बाद परिवार में शोक का माहौल है। परिवार में एक नवजात बच्ची के जन्म से खुशी भी है, लेकिन बेटे की असमय मौत का गम अभी भी बना हुआ है। अररिया शहर के चांदनी चौक में हुए हादसे में घायल मोहम्मद रुस्तम और परवेज हसमत का इलाज जारी है। दोनों की स्थिति में सुधार बताया जा रहा है, हालांकि पूरी तरह स्वस्थ होने में समय लगेगा। जाहगीर बस्ती में घायल आठ वर्षीय अहन का भी निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**प्रशासन ने प्रभावित घरों का आकलन कर रहा**: प्रशासन ने प्रभावित इलाकों का सर्वे



शुरू कर दिया है और क्षतिग्रस्त घरों का आकलन किया जा रहा है। कई कच्चे मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गए हैं, जिससे लोग खुले आसमान के नीचे या अस्थायी आश्रयों में रहने को मजबूर हैं। जिला प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान घरों से बाहर न निकलने की अपील की है। घटना को लेकर फारबिसगंज के दरभंगिया टोला वार्ड संख्या 11 निवासी मृत पांच वर्षीय बालक मुनाजिर की मां ने आंखों देखी तस्वीर बयां करते हुए बताती है कि उनके पांच बच्चे हैं और पति मोहम्मद नजीर अंसारी मजदूरी करते हैं और घटना के बाद सभी लोग घर में ही थे। इसी बीच तेज आंधी आई तो उनके दो बच्चे बाहर में थें।

**बरगद के पेड़ की टहनी टूट कर घर पर गिरी थी**: और तीन बच्चे बिछावन पर खेल रहे थे। इसी बीच जोर का तरका,तरका और एका एक मोटा सा बरगद के पेड़ का टहनी टूट कर उनके घर पर गिर गया और उनके घर की दीवारें टूटकर बिछावन पर खेल रहे बच्चों के ऊपर जा, गीरा इसके बाद उन लोगों के आंखों के सामने ओझल पर गई और चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों को दीवार के नीचे से निकल गया। और नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इस हादसे में पांच वर्षीय मुनाजिर की मौत हो गई। जबकि उसकी सात वर्षीय बड़ी बहन मंतसार उर्फ नसीबा एवं 12 वर्षीय बड़ा भाई मुंतजिर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

**पत्नी और बेटी को आई हल्की चोटें**: फिलहाल मुंतजिर का हाथ टूट गया है और वह खतरे से बाहर है जबकि सात वर्षीय बड़ी बहन मंतसार उर्फ नसीबा का इलाज किया जा रहा है। दूसरी घटना फारबिसगंज के कोठीहाट वार्ड संख्या दो की है जहां फुस के घर में भाड़े पर रह रहे संजय राय ने बताया कि आंधी आने से थोड़ी देर पहले वह कम से घर लौटे थे। और उनकी पत्नी और बच्चे घर में थें। इसी बीच तेज आंधी में उनका घर भर भर कर गिर पड़ा, जिसमें उनके तीन वर्षीय बेटे शिवम कुमार की दब कर मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी और बेटी को हल्की चोटें आई है। इसी बीच उनकी पत्नी को प्रसव पीड़ा हुआ और उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने एक बच्ची को जन्म दिया है।

# मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय जिले में बिहार दिवय पर भव्य आयोजन किया जा रहा है। उत्सव की शुरुआत सुबह गांधी स्टेडियम से निकाली गई प्रभात फेरी के साथ हुई। जिसमें सैकड़ों स्कूली बच्चों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लेकर बिहार की प्रगति और एकता का संदेश दिया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार दिवस की बधाई दी है। नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया और खुद भी शामिल हुए।

**विशाल मानव श्रृंखला बनाई गईः** प्रभात फेरी गांधी स्टेडियम से शुरू होकर कैंटीन चौक, नवाब चौक, नगर निगम चौक, नगर थाना चौक और कचहरी चौक होते हुए वापस गांधी स्टेडियम पहुंची। इस दौरान बच्चों के नारों और उत्साह से पूरा शहर गुंजायमान रहा। समापन के बाद गांधी स्टेडियम में एक विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई। इस श्रृंखला में अधिकारी, शिक्षक और छात्र एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आए। इस मौके पर सामूहिक रूप से बिहार गीत का गायन किया गया, जिससे पूरा माहौल देश भक्ति और क्षेत्रीय गौरव से भर गया। कार्यक्रम के दौरान शांति और प्रगति के प्रतीक के रूप में आसमान में रंग-बिरंगे गुब्बारे भी छोड़े गए।

**बिहार बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे**: नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर ने कहा कि यह हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। बिहार दिवस को हम हर साल पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाते हैं। हमारी हमेशा यही कामना रहती है कि बिहार निरंतर तरक्की और उन्नति के पथ पर अग्रसर रहे। समृद्ध और विकसित बिहार बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आज जिस तरह से बच्चों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया है, वह सराहनीय है। हम सभी का पूर्ण प्रयास रहेगा कि हम अपने बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। प्रेक्षागृह में भी सांस्कृतिक और अन्य विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर स्थानीय प्रतिभाओं को मंच दिया जा रहा है।

**अधिकारियों ने बच्चों का हौसला बढ़ाया**: इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, वरीय उप समाहर्ता पूजा कुमारी, डीपीआरओ नेहा कुमारी, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी सहित अन्य शामिल थे। अधिकारियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और बिहार के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बिहार दिवस को लेकर स्कूली बच्चों में खास उत्साह देखने को मिला।

# बिहार ने ज्ञान, शांति और मोक्ष का दिया संदेश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**अररिया**। अररिया में रविवार को बिहार दिवस के अवसर पर जिले भर में उत्साह का माहौल रहा। कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत एचई. हाई स्कूल, अररिया से प्रभात फेरी के साथ हुई। विभिन्न हिस्सों से निकली प्रभात फेरियां शहर में बिहार की संस्कृति और इतिहास का संदेश फैलाती हुई टाउन हॉल पहुंचीं। मुख्य समारोह का उद्घाटन जिला पदाधिकारी बिनोद दुहन, जिला परिषद उपाध्यक्ष चांदनी देवी और डीडीसी रोजी कुमारी ने संयुक्त रूप




से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इनमें समाज कल्याण विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, समेकित बाल विकास सेवाएं, जीविका, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य केंद्र, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, बिजली विभाग और परिवहन विभाग जैसे कई विभाग शामिल थे। अधिकारियों ने इन स्टॉलों पर सरकारी योजनाओं की जानकारी ली और लाभार्थियों से बातचीत की। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी बिनोद दुहन ने कहा कि बिहार की विरासत वैभवशाली रही है। यह सम्राट अशोक और भगवान गौतम बुद्ध की धरती है, जहां से ज्ञान, शांति और मोक्ष का संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचा है। उन्होंने बिहार के विकास और समृद्धि के प्रति प्रतिबद्धता जताई। जिला परिषद उपाध्यक्ष चांदनी देवी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जिले में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार दिवस हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और भविष्य के लिए प्रेरित करता है। शहर के विभिन्न इलाकों से निकली प्रभात फेरियों और टाउन हॉल के मुख्य कार्यक्रम में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। यह उत्सव बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक महत्व और आधुनिक विकास की यात्रा को दर्शाता है। इस आयोजन ने स्थानीय लोगों में एकता और गर्व की भावना जगाई, साथ ही बिहार की उन्नति की दिशा में बढ़ते कदमों को भी रेखांकित किया।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा नोटिस सं.–72 ऑफ 2025–26/खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू ।**

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग /डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **1. निविदासं.–35–डीडीयू– मं.इंजी.–मुख्यालय –25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन:** डीडीयू में मंडल रेलवे अस्पताल का उन्नयन/सुधार। **कार्य का अनुमानित लागत:** रू. 18628932.52, **धरोहर राशि:** रू. 372600.00

**निविदा सं.–37–डीडीयू–मं.इंजी.–मुख्यालय–25 –26, कार्य का नाम एवं लोकेशन:** पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन–डीडीयू में विभिन्न आरपीएफ पोस्ट का सुधार । **कार्य का अनुमानित लागत:** रू. 16522550. 40, धरोहर राशि: रू. 330500.00

**ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 15.04.2026 को 12:00 बजे तक, **बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in

**नोट:** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा ।

कृते मंडल रेल प्रबन्धक,
पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1964/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/25–26/40

## संक्षिप्त समाचार

### 112 पशुओं का किया गया उपचार

**गड़हनी।** स्थानीय गड़हनी प्रखंड के रामडीहरा गांव में पशु बांझपन सह जागरूकता शिविर का आयोजन गड़हनी पशु चिकित्सालय के द्वारा किया गया था। शिविर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग बिहार सरकार के आत्म निर्भर बिहार के सात निश्चय पार्ट 2 के तहत लगाया गया था। शिविर गड़हनी के पशु भ्रमण चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चंद्रकांत कुमार निराला के नेतृत्व में लगाई गई थी। ये शिविर प्रखंड के प्रत्येक गांव में एक एक कर लगाया जाएगा।

**शिविर में 112 पशुओं का हुआ उपचारः** शिविर में करीब 112 पशुओं का उपचार कर नि शुल्क किया गया और उपचार कर दवा भी वितरण की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य है कि वैसे पशुओं का उपचार करना है, जो गर्म नहीं हो पा रही है, या बार- बार गर्म हो रही है, पर गर्भ धारण नहीं कर पा रही है। वैसे पशुपालक शिविर में करीब 62 पशुपालक उपस्थित थे। सभी पशुपालकों ने अपना अपना पशु के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उनका समस्या बताया।

### गड़हनी में ईद पर दिखा आपसी भाईचारा व प्रेम

**गड़हनी।** नगर पंचायत गड़हनी सहित पूरे प्रखंड में आपसी भाईचारा के साथ मनाया गया ईद का त्यौहार। वहीं शाही जामा मस्जिद गड़हनी में सुबह 8 बजे सभी रोजादार व नमाजी लोग नमाज अदा कर सुख शांति को लेकर दुआ मांगी। नमाज के बाद सभी लोग एक दूसरे को गले मिल बधाई दिया। वहीं इस मैके पर सभी धर्म के लोग उपस्थित होकर आपसी भाईचारा का संदेश दिया। इस मौके पर चरपोखरी थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, अगिआंव इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, राजद नेता श्रीनिवास यादव, डॉ अकबर अली, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डु,असलम अंसारी, मंजूर आलम, प्रमोद गुप्ता, मों सोनू, इमरान अहमद उर्फ सोनू आदि थे।

### मंत्री ने रामपुर मठिया में सुनी जनसमस्याएं

**आरा**| स्थानीय आरा सदर प्रखंड के पिरौटा पंचायत के रामपुर मठिया गांव में श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर ने पहुंचकर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, जलनिकासी व अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। मंत्री ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने विशेष तौर से सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया। ताकि गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा मिल सके। इस मौके पर सुनील कुमार शर्मा, हरेराम सिंह, मोहन यादव, गजेन्द्र शर्मा व बब्लू साह समेत आसपास के क्षेत्र के कई गणमान्य लोग व ग्रामीण मौजूद रहे।

### 25 को स्कूलों में होगा साइबर सुरक्षा व मार्गदर्शन कार्यक्रम

**आरा।** जिले के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 25 मार्च 2026 को विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। यह कार्यक्रम फाइनेंशियल एंड डिजिटल लिटरेसी (साइबर सिक्योरिटी) एवं कैरियर गाइडेंस से संबंधित होगा, जिसमें छात्रों को डिजिटल सुरक्षा और करियर विकल्पों के प्रति जागरूक किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार, इक्विटी एवं एडोलसेंट प्रोग्राम फॉर गर्ल्स के तहत पहले चरण में 186 चयनित विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त राज्य स्तर के निर्देश पर 14 मार्च 2026 को 77 माध्यमिक विद्यालयों में भी इस कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ था। अब शेष विद्यालयों में इसे सुनिश्चित करने के लिए यह निर्देश जारी किया गया है। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक अपने-अपने स्कूलों में इस कार्यक्रम का आयोजन अनिवार्य रूप से कराएं और अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही,एडोलसेंट प्रोग्राम फॉर गर्ल्स के लिए प्रति विद्यालय 7000 रुपये की राशि भी निर्धारित की गई है, जिसका उपयोग निर्धारित तिथि तक कार्यक्रम संचालन में किया जाएगा।

### फिजियो फिट क्लीनिक में हुई शोक सभा

**आरा।** आरा शहर के पूर्व सीनेटर अजय कुमार तिवारी के 13 वर्षीय पुत्र आदित्य तिवारी के असामयिक निधन पर फिजियो फिट क्लीनिक, आरा के निदेशक डॉ. आर. कृष्णा सहित समस्त चिकित्सक एवं स्टाफ ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। डॉ. कृष्णा ने कहा कि यह क्षति अपूरणीय है और इस कठिन समय में पूरा समाज शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। क्लिनिक परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों एवं सामाजिक संस्थाओं ने भी शोक व्यक्त करते हुए आदित्य की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बताया जाता है कि आदित्य पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। इतनी कम उम्र में उनका यूं चले जाना परिवार और समाज के लिए अत्यंत दुखद माना जा रहा है।

### मुक्तिधाम में बने शेड व वाटर एटीएम से लोगों को मिली राहत

**बक्सर।** बंगाल प्रेसिडेंसी से अलग होकर 22 मार्च 1912 को बिहार के एक नए राज्य के रूप में अस्तित्व में आने के बाद, बक्सर सहित पूरे बिहार क्षेत्र में प्रशासनिक और ढांचागत विकास की गति तेज हुई। इन 114 वर्षों में बक्सर की तस्वीर बदली है। शहर में चौड़ी सड़कें, गंगा नदी पर दो पुल, जो जिले को यूपी से जोड़ती है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, कृषि आदि के क्षेत्र में काफी तरक्की हुई है। नगर परिषद ने मुक्तीधाम की बदल दी तस्वीरः शहर के चरित्रवन स्थित मुक्तिधाम (श्मशान घाट) में आधुनिक सुविधाओं का विकास अंतिम संस्कार के समय परिजनों की समस्याओं को कम कर रहा है। श्मशान घाट पर नए मॉडलों के अनुसार निर्मित पक्के शेड में बैठने की उत्तम सुविधा है। शेड में तीस से पैंतीस पंखा लगाने के साथ लाइट की अच्छी व्यवस्था है। एक साथ दो सौ से अधिक लोगों के बैठने का इंतजाम किया गया है। पेयजल के लिए दो-दो वाटर एटीएम, हाईमास्ट लाइट और स्वच्छता की व्यवस्था से परिजनों को राहत मिल रही है। नगर परिषद की ओर से की गई इस व्यवस्था की खूब सराहना हो रही है।

### पांडेय पट्टी–इटाढ़ी रोड की फिर मरम्मत, स्थाई समाधान नहीं

**बक्सर।** नगर के पांडेय पट्टी से होकर इटाढ़ी रोड जाने वाली सड़क के अकामिनी माता मंदिर चौक से इटाढ़ी रोड वाले हिस्से की बदहाली को दूर करने के लिए एक बार फिर मरम्मत कार्य शुरू किया गया है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि यह प्रयास स्थायी समाधान नहीं बल्कि खानापूर्ति साबित होता रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा अनुरक्षण नीति के तहत सड़क का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है, बावजूद इसके यह सड़क एक महीने के भीतर ही फिर से टूट जाती है और लंबे समय तक बदहाल बनी रहती है। ऐसे में लोग दुर्घटनाओं के खतरे के बीच इस रास्ते का उपयोग करने को मजबूर हैं। दरअसल, आंबेडकर चौक से बाजार समिति होते हुए पांडेय पट्टी के रास्ते इटाढ़ी, धनसोई और दिनारा जाने के लिए यह सड़क सबसे छोटा और सुविधाजनक मार्ग माना जाता है। इसी कारण इस पर वाहनों का दबाव लगातार बना रहता है। पांडेय पट्टी में स्थित एफसीआई गोदाम के चलते भारी ट्रकों का आवागमन भी इसी मार्ग से होता है, जिससे सड़क बार-बार क्षतिग्रस्त हो जाती है। सड़क टूटने पर छोटे वाहन और बाइक सवारों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अधर में लटकी बायपास निर्माण की योजना स्थायी समाधान के रूप में प्रस्तावित बायपास निर्माण योजना अब तक अधर में लटकी हुई है। नया बाजार मठिया मोड़ से पांडेय पट्टी होते हुए अस्कामिनी माता मंदिर चौक के रास्ते इटाढ़ी रोड तक करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ी और मजबूत बायपास सड़क बनाने की योजना तैयार की गई थी। सड़क की मापी और डीपीआर बनाकर विभाग को भेजा गया, लेकिन कोरोना काल के दौरान फंड की कमी के कारण इस योजना पर ब्रेक लग गया। बाद में करीब छह करोड़ रुपये की लागत से नया बाजार रेलवे क्रॉसिंग से इटाढ़ी रोड तक सड़क निर्माण कराया गया, लेकिन इससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल सका।

# खान सर से मिलने के लिए 500 किमी पैदल यात्रा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के छात्र प्रवीण चौधरी ने पटना में प्रसिद्ध शिक्षक खान सर से मिलने के लिए लगभग 500 किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू की है। उनका उद्देश्य संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्राप्त करना है। प्रवीण ने यह यात्रा 9 मार्च को प्रतापगढ़ से शुरू की थी। 22 मार्च, रविवार की सुबह वह बिहार के बक्सर जिले के चौसा पहुंचे, जो उनकी यात्रा का 13वां दिन था। चौसा पहुंचने पर स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर उनके जज्बे की सराहना की और आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

**पैर में चोट लगने के कारण छोड़ा हॉकीः** प्रवीण चौधरी का सपना एक प्रशासनिक अधिकारी बनना है। उन्होंने बताया कि वह पहले एक बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी थे, लेकिन पैर में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें खेल छोड़ना पड़ा। इसके बाद उन्होंने अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किया। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण प्रवीण को जीवनयापन के लिए एक होटल में रोटी बनाने का काम करना पड़ रहा है। इन चुनौतियों के बावजूद, उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी है। वह स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं और अब सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं।

**नॉन-टेक्निकल परीक्षा भी की उत्तीर्णः** प्रवीण ने बताया कि वह पहले भी खान सर की ऑनलाइन कक्षाओं से जुड़े रहे हैं और उन्हें इससे काफी लाभ हुआ है। उन्होंने एयरफोर्स की नॉन-टेक्निकल परीक्षा भी उत्तीर्ण की है, लेकिन उनका अंतिम लक्ष्य सिविल सेवा में चयनित होना है। उनका मानना है कि खान सर का मार्गदर्शन उन्हें अपने लक्ष्य के करीब पहुंचने में मदद करेगा। इस यात्रा की सबसे खास बात यह है कि प्रवीण ने पटना पहुंचने के लिए किसी भी आसान साधन का उपयोग नहीं किया। उन्होंने जानबूझकर पैदल यात्रा का रास्ता चुना। उनका कहना है कि वे चाहते हैं कि उनकी इस यात्रा का वीडियो और उनकी कहानी खान सर तक पहुंचे, ताकि उनके जज्बे से प्रभावित होकर वे उन्हें मिलने का अवसर दें और मार्गदर्शन करें।

**रोजाना 20 किलोमीटर चलते है पैदलः** प्रवीण रोजाना करीब 15 से 20 किलोमीटर पैदल चलते हैं। इस दौरान वह रास्ते में मंदिर, मस्जिद, रेलवे स्टेशन या किसी स्थानीय व्यक्ति के घर पर रुककर रात बिताते हैं। इस यात्रा में उन्हें अनजान लोगों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है, जो उनके लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं। छह भाई-बहनों में सबसे छोटे प्रवीण चौधरी का यह संघर्ष केवल उनके व्यक्तिगत सपनों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर उस युवा के लिए प्रेरणा है जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश कर रहा है।

## भाकपा-माले बक्सर का 11वां जिला सम्मेलन 30-31 मार्च को



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** भाकपा-माले बक्सर जिला का 11वां दो दिवसीय जिला सम्मेलन आगामी 30 और 31 मार्च 2026 को बक्सर टाउन स्थित निजी सभागार में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं और प्रतिनिधि चयन के लिए चुनाव प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। जिला सचिव सह निर्वाची पदाधिकारी नवीन कुमार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों के चयन के लिए नामांकन प्रक्रिया 21 मार्च से शुरू हो गई है, जो 22 मार्च की शाम 4 बजे तक चलेगी। पार्टी का कोई भी पूर्ण सदस्य उम्मीदवार के रूप में नामांकन कर सकता है। नामांकन के लिए दो प्रस्तावकों का होना अनिवार्य रखा गया है, जो निर्वाचक मंडल (मतदाता सूची) में शामिल हों।निर्वाचक मंडल में प्रखंड, एरिया, पंचायत और लोकल कमेटी के सदस्य सहित सभी ब्रांच सचिव शामिल होंगे, जो मतदान में भाग लेंगे। नामांकन प्रक्रिया सभी प्रखंड मुख्यालयों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संपन्न कराई जा रही है। चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए विभिन्न प्रखंडों में पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इनमें डुमरांव में ओम प्रकाश, चौगाई में बीर बहादुर पासवान, नवानगर में जगनारायण शर्मा, केसठ में वीरेंद्र यादव, ब्रह्मपुर में वीरेंद्र सिंह, इटाढ़ी में ललन प्रसाद तथा राजपुर में संजय शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## कला भवन में 150 बच्चों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर।** स्थानीय कला भवन, बक्सर में शनिवार को ताइक्वांडो से संबंधित सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एशियन क्वालिफायर के लिए चयनित खिलाड़ियों का स्वागत किया गया, जिससे आयोजन का माहौल उत्साहपूर्ण रहा। खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित निःशुल्क ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर में लगभग 150 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज की। प्रशिक्षकों द्वारा आत्मरक्षा के महत्वपूर्ण तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे युवाओं में आत्मविश्वास एवं उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिला। कार्यक्रम में ओएसडी विनीत मुख्य अतिथि, डीएसओ आलोक कुमार, विशिष्ट अतिथि तथा एसडीसी रवि कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया।

## बिहार दिवस पर दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा।** बिहार दिवस के अवसर पर प्रेरणा फाउंडेशन के बैनर तले दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हवाई अड्डा मौझवा परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में लड़कों के लिए 1600 मीटर और लड़कियों के लिए 1000 मीटर की दौड़ रखी गई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पीटीआई यशवंत सिंह, प्रेरणा फाउंडेशन के संस्थापक भुवन पांडेय, अध्यक्ष बबलू सिंह, जूडो संघ के सचिव रजनीश पाठक, तेजस अकादमी के सुनील चौधरी और क्रिकेट संघ के सचिव विजय गुप्ता सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और पूरे जोश के साथ दौड़ पूरी की। लड़कियों के वर्ग में तुलसी कुमारी ने बाजी मारी, जबकि खुशी कुमारी सेकंड और सपना कुमारी थर्ड रहीं। वहीं लड़कों के वर्ग में वरुण यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अभिनव कुमार द्वितीय और विष्णु कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

**खेल अनुशासन और आत्मविश्वास को बढ़ाता हैः** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यशवंत सिंह ने कहा कि बिहार दिवस के अवसर पर इस तरह के आयोजन युवाओं के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी है, बल्कि यह अनुशासन और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। प्रेरणा फाउंडेशन के संस्थापक भुवन पांडेय ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय में यह मंच युवाओं के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराएगा, जहां वे अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ा सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष बबलू सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन दीपू मिश्रा ने किया। आयोजन में रजनीश पाठक, विजय गुप्ता, बिट्टू पांडे, अनीश सिंह, रजनीस सिंह, कल्लू सिंह, बाबू धन सिंह, अभिषेक कुमार मिश्रा, सबदन पांडे, सुशील कुमार गुप्ता, सतीश सिंह, रवि सिंह और दिनेश गुप्ता मौजूद रहे।

# स्कॉर्पियो सवार 2 बदमाश गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा।** भोजपुर के चांदी थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर घेराबंदी कर स्कॉर्पियो सवार 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक देसी पिस्टल, मैगजीन, पांच कारतूस और 2 मोबाइल बरामद किया है। बंगाल रजिस्ट्रेशन नंबर की गाड़ी को जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान खनगांव निवासी विकास कुमार राय और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा निवासी बजरंगी कुमार यादव के तौर रूप हुई है। विकास कुमार का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है, जबकि बजरंगी के क्रिमिनल रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है।

**क्रिमिनल रिकॉर्ड खंगाला जा रहाः** पुलिस अधीक्षक राज ने शनिवार को प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चांदी थाना क्षेत्र के खनगांव निवासी विकास कुमार राय और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा निवासी बजरंगी कुमार यादव के रूप में की गई है। इनमें विकास कुमार का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है, जबकि बजरंगी के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। एसपी ने बताया की रात करीब 12:40 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि स्कार्पियो में सवार दो संदिग्ध बदमाश अखगांव बांध की ओर से खनगांव होते हुए चांदी की तरफ आ रहे हैं।

**घेराबंदी कर पुलिस ने पकड़ाः** एसपी राज ने बताया की रात करीब 12:40 बजे पुलिस को सूचना मिली थी। स्कार्पियो में सवार दो संदिग्ध बदमाश अखगांव बांध की ओर से चांदी की तरफ आ रहे है। इनपुट के आधार पर थानाध्यक्ष राकेश रौशन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। रात करीब 1:30 बजे बांध के पास घेराबंदी की गई। पुलिस को देखते ही दोनों बदमाश भागने लगे, लेकिन मुस्तैद टीम ने पीछा कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान विकास कुमार के पास से एक लोडेड देसी पिस्टल बरामद हुई, जिसमें तीन कारतूस पहले से लोड थे। बजरंगी के पास से दो अतिरिक्त कारतूस मिले। पुलिस रिकॉर्ड में विकास कुमार के खिलाफ वर्ष 2025 से जुड़े तीन मामले चांदी थाना में दर्ज हैं। जिनमें दो शराब से संबंधित और एक हत्या के प्रयास का मामला शामिल है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वे किसी बड़ी आपराधिक वारदात की योजना तो नहीं बना रहे थे।

## 12 साल के बच्चे की मौत



♦ दोस्तों के साथ बालू में गड्ढा बनाकर खेल रहा था, अचानक भरभरा कर गिरा, दम घुटने से गई जान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में बालू के नीचे दबने से 12 साल के बच्चे की मौत हो गई। खेलने के दौरान हादसा हुआ है। छठी क्लास में पढ़ता था। मृतक की पहचान अगरसंडा निवासी ओम प्रकाश प्रसाद के पुत्र रवीश कुमार के तौर पर हुई है। घटना धोबहां थाना क्षेत्र की है। पिता ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर रखे बालू में गड्ढा बनाकर अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। तभी बालू भरभरा कर उस पर गिर पड़ा। जिसके नीचे वह दब गया। साथ खेल रहे बच्चों की सूचना पर मौके पर पहुंचा। तब तक काफी देर हो चुकी थी। वहां से उठाकर अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दम घुटने से जान चली गई।

**परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हालः** मृत किशोर छह भाई-बहन में सबसे छोटा था। परिवार में मां रिंकी देवी, भाई सोनू, अमित, धोनी, मिस्टी और बहन ज्योति है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया। मां रिंकी देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## महिलाओं की सुरक्षा किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए होनी चाहिए प्राथमिकता : विधायक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर।** डुमरांव में शुक्रवार की शाम एक वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। वायरल वीडियो में राहुल कुमार सिंह की मौजूदगी में एक बाइक सवार युवक को थप्पड़ मारते हुए देखा जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद घटना को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन अब विधायक ने पूरे मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। विधायक राहुल कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि यह घटना डुमरांव रेल फाटक के पास की है। फाटक बंद था। फाटक खुलने के बाद एक बाइक सवार युवक ने स्कूटी सवार महिला को लगातार तीन बार पीछे से टक्कर मारी। महिला के विरोध करने के बावजूद युवक नहीं माना, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। विधायक ने बताया कि वो इस दौरान वो वहां से गुजर रहे थे, और पूरे मामले को देख रहे थे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए उन्होंने गाड़ी से उतरकर बीच-बचाव किया। विधायक ने युवक को डांटा और मामले को शांत कराने की कोशिश की। इसी बीच, घटनास्थल पर मौजूद एक राहगीर भी विधायक के बीच बचाव के बाद मौके पर आया और वह भी युवक को समझाने बुझाने लगा। इसी बीच बहसबाजी हुई जिस आक्रोश में आकर राहगीर ने युवक को थप्पड़ मार दिया, जिसका वीडियो वायरल हो गया। हालांकि थप्पड़ के बाद विधायक राहगीर को मारपीट करने से रोकते भी नजर आए। विधायक राहुल कुमार सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल विवाद को शांत करना और महिला की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान हर नागरिक का पहला कर्तव्य है, और इस मामले में उन्होंने वही किया जो उन्हें उचित लगा। सोशल मीडिया पर चल रही आलोचनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक ने कहा कि बिना पूरी जानकारी के कुछ लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने इसे साजिश करार देते हुए कहा कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में वह कभी समझौता नहीं करेंगे और आगे भी इसी तरह सक्रिय रहेंगे।

## ब्रह्मपुर में धूमधाम से मनाया गया ईद का पर्व

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर ब्रह्मपुर प्रखंड के रघुनाथपुर, ब्रह्मपुर, निमेज, पुरवां, बगेनगोला सहित आसपास के क्षेत्रों में ईद का पर्व पूरे उत्साह, हर्षोल्लास और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर "हम सब भाई-भाई" का संदेश दिया और पूरे इलाके में खुशियों की लहर दौड़ गई। ईद की नमाज के उपरांत लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर सेवई, पुड़ी, मिठाई, फल और विभिन्न व्यंजनों का आनंद लिया। हर तरफ अपनापन और भाईचारे की झलक देखने को मिली। छोटे-बड़े सभी ने भेदभाव भुलाकर प्रेमपूर्वक त्योहार मनाया। इस अवसर पर तुलसी विचार मंच के वरिष्ठ समाजसेवी एवं रघुनाथपुर के पूर्व मुखिया शैलेश कुमार ओझा ने अपने संदेश में कहा— "ईद का यह मुकद्दस अवसर हमारे जीवन में प्रेम, शांति, सौहार्द और भाईचारे की नई रोशनी लेकर आता है। यह त्योहार हमें आपसी रिश्तों को मजबूत करने, गिले-शिकवे मिटाने और एक-दूसरे के प्रति सद्भाव बढ़ाने की प्रेरणा देता है। आइए, हम सब मिलकर एक बेहतर, खुशहाल और सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण का संकल्प लें।" उनका यह संदेश लोगों के बीच खास चर्चा का विषय बना और सभी ने इसे सराहा। वहीं मोहम्मद राजू ने कहा कि ईद भाईचारे और आपसी प्रेम का पर्व है, जिसे सभी समुदायों के लोगों ने मिल-जुलकर मनाया। उन्होंने कहा कि ऐसे त्योहार समाज को जोड़ने का काम करते हैं। गणमान्य लोगों की रही मौजूदगी इस मौके पर तुलसी विचार मंच से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें शैलेश ओझा, रवि कुमार सिंह, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद शकील अहमद, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद फिरोज अंसारी, मोहम्मद परवेज आलम, मोहम्मद चंगेज आलम सहित अन्य लोग शामिल रहे। सभी ने मिलकर त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया। ब्रह्मपुर बना भाईचारे की मिसाल पूरे ब्रह्मपुर प्रखंड में गंगा-जमुनी तहज़ीब की खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली, जहां लोगों ने धर्म और जाति से ऊपर उठकर एक-दूसरे को गले लगाया और खुशियां साझा कीं। आपस में गले मिलते हिन्दू- मुस्लिम।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल की प्रैक्टिस छोड़, वैभव सूर्यवंशी ने थामा कैमरा हेलमेट उतारकर कहा-अपने हीरो को देख लो

**पटना।** IPL 2026 की तैयारियों को लेकर राजस्थान रॉयल्स टीम की ट्रेनिंग चल रही है। ट्रेनिंग सेशल के दौरान का वैभव सूर्यवंशी ने एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में वैभव बल्ला छोड़ कैमरे पर हाथ आजमाते नजर आ रहे हैं। हाथ में कैमरा लिए वैभव कहते हैं, "कुछ तो काम करो, टाइम पास करने से अच्छा है।" इसके बाद अलग-अलग एंगल से ग्राउंड का शॉट बनाने लगते हैं। कुछ देर कैमरे पर हाथ आजमाने के बाद वैभव कैमरे को लॉक करने की कोशिश करते हैं, लेकिन उनसे लॉक नहीं होता। तब वैभव कहते हैं, "बहुत मुश्किल है ये।" इसके बाद वे अपना हेलमेट उतार देते हैं। हेलमेट उतारने के बाद वैभव ने कहा, "हेलमेट निकाल लेता हूं तभी तो देखोगे हीरो को।' इसके बाद फिर वह कैमरे से वीडियो बनाने लगते हैं। थोड़ी देर संघर्ष करने के बाद वैभव हार मान लेते हैं और कहते हैं, 'मेरे से ये सब नहीं होगा। मेरे लिए क्रिकेट ही ठीक है।" अब एक बार फिर से राजस्थान को वैभव से काफी उम्मीदें हैं। सोशल मीडिया X पर राजस्थान रॉयल्स ने वैभव का एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वैभव IPL में 2 से 3 हजार बनाने की बात कह रहे हैं। दरअसल रिपोर्टर ने वैभव से पूछा- IPL 2026 में आपका लक्ष्य क्या है, आप कितने रन बनाना चाहते हैं और क्या ऑरेंज कैप जीतना चाहते हैं? इस पर वैभव ने हंसते हुए कहा, "ऐसे सवाल पूछेंगे तो मैं दो-तीन हजार रन बोल दूंगा।" उनका जवाब सुनकर वहां मौजूद लोग ठहाके लगाने लगे। इसके बाद वैभव ने कहा, "मैंने कोई खास लक्ष्य तय नहीं किया है। प्रक्रिया का पालन कर रहा हूं और टीम के लिए ट्रॉफी जीतना चाहता हूं। मेरा कोई निजी लक्ष्य नहीं है। हम बस इस सीजन में बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से आगे बढ़ रहे हैं।" इससे पहले BCCI ने नमन अवॉर्ड्स में वैभव ने अपने गोल के बारे में भी बताते हुए कहा, 'यही कोशिश है कि अपनी टीम के लिए ट्रॉफी जीतूं। अगर मैं टीम के लिए ट्रॉफी जीतूंगा तो मेरी फ्रेंचाइजी को फायदा होगा और मेरा भी परफॉर्मेंस निखरेगा।'



### बिहार दिवस पर हाजीपुर में चौकीदारी परेड, एसपी बोले- 'ग्रामीण-शहरी इलाकों में पुलिस तंत्र की आधारभूत कड़ी'





**हाजीपुर।** बिहार दिवस के अवसर पर हाजीपुर के अक्षयवट राय स्टेडियम में चौकीदारी एवं दफादारी परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह और पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग उपस्थित रहे। इस परेड में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए चौकीदार और दफादार शामिल हुए। अधिकारियों ने जवानों को स्वच्छ वर्दी पहनने, समय पर उपस्थित रहने और अपने-अपने क्षेत्रों में खुफिया जानकारी जुटाने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्हें आम जनता के साथ समन्वय स्थापित कर सूचना संकलन और अपराध नियंत्रण में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने चौकीदार-दफादार व्यवस्था के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में ये पुलिस तंत्र की आधारभूत कड़ी हैं, जिनकी सक्रियता से अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है। बिहार दिवस के उपलक्ष्य में, स्काउट एंड गाइड की टीम ने हाजीपुर शहरी क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली। इस प्रभात फेरी के जरिए नागरिकों को सामाजिक एकता, स्वच्छता और कानून के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन, पुलिस पदाधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### शराब तस्करी केस में मंत्री के रिश्तेदार पर आरोप, राजद ने 50 हजार इनामी बताकर तस्वीरें जारी कीं




**हाजीपुर।** बिहार में शराबबंदी को लेकर राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पीएचईडी मंत्री संजय सिंह पर शराब तस्कर को उनके रिश्तेदार होने का गंभीर आरोप लगाया है। मंत्री ने आरोप साबित करने की चुनौती दी। राजद ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर दावा किया कि मंत्री के करीबी रिश्तेदार चंदन सिंह वैशाली जिले में शराब तस्करी के एक बड़े मामले में शामिल हैं। पोस्ट के अनुसार, वैशाली के औद्योगिक क्षेत्र से शराब की बड़ी खेप पकड़े जाने के बाद आरोपी का नाम सामने आया है। राजद ने चंदन सिंह को कुख्यात तस्कर बताते हुए कहा कि उस पर पुलिस ने 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। राजद ने सोशल मीडिया पोस्ट में कुछ तस्वीरें भी साझा कीं, जिनमें आरोपी चंदन सिंह कई मंत्रियों और बड़े नेताओं के साथ नजर आ रहे हैं। पार्टी ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब सरकार के मंत्रियों के साथ तस्करों की तस्वीरें सामने आ रही हैं, तो यह भरोसा करना मुश्किल है कि ऐसे अपराधियों पर कोई कार्रवाई होगी। PHED मंत्री संजय सिंह वैशाली के जंदाहा मे एक कार्यक्रम मे शामिल होने पहुंचे इसी दौरान उन्होंने कहा की "विपक्ष के पास जब कोई मुद्दा नहीं बचता और न ही कोई विकल्प होता है, तो वे सरकार के लोगों पर प्रहार करने के लिए अनर्गल बयानबाजी करते हैं। हमारी सरकार विकास की काम करती है, बिहार के प्रति सोचती है। ऐसे में उनके पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, इसलिए वे इस तरह के आरोप लगाते हैं।" उन्होंने तस्वीरों को लेकर सफाई देते हुए कहा, " डेली मैं 200-300 लोगों के बीच फोटो खींचवाता हूं। तब यह पता नहीं चलता कि भीड़ में कौन-कौन है।" मंत्री ने विपक्ष को खुली चुनौती देते हुए कहा, "उन्होंने जो लिखा है, उसे साबित करें ओर मै चुनौती देता हूं। अगर वे साबित नहीं कर पाते हैं, तो मेरे पार्टी के लोग उन पर मानहानि का केस करेंगे और कार्रवाई करेंगे। ऐसे अनर्गल बयान देकर सोशल मीडिया पर माहौल खराब करने वालों को क्षमा मांगनी पड़ेगी।"

### निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया



**मसौढ़ी!** नगर के मसौढ़ी चिरंजीवी क्लिनिक में पटना में संचालित एएसजी नेत्र चिकित्सालय द्वारा रविवार को डॉ अमरजीत कुमार के द्वारा 250 से अधिक लोगों को नेत्र का जांच किया गया जिसमें 60रोगियों को मोतियाबिंद पाया गया है।डॉ अमरजीत कुमार ने बताया कि जिन मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया है।उन मरीजों को पटना एएसजी हॉस्पिटल में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा।निशुल्क शिविर कैंप का आयोजन कल्याण संस्थान के द्वारा किया गया था. जिसमें संस्था के सदस्य किशोरी मोहन प्रसाद मुखिया प्रत्याशी प्रेमचंद वियोगी भाजपा नेता धनेश्वर ठाकुर हरेंद्र कुमार उर्फ मंटू पांडे सुरेन्द्र चौधरी हरिशंकर शर्मा सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# पटना में पहली बार भव्य 'भूमिहार परिवार मिलन समारोह' आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

## शिक्षा व सामाजिक एकजुटता पर जोर




**पटना।** भूमिहार परिवार फाउंडेशन द्वारा 'भूमिहार बैठकी, गांधी मैदान' के सफल एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 52वें रविवार को राजधानी पटना में पहली बार भव्य 'भूमिहार परिवार मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के अनेक वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकजुटता, आपसी सहयोग और सौहार्द को मजबूत करना रहा। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें बिहार के पूर्व डीजीपी अभयानंद की विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समाज के लोगों को उच्च शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाएं और समाज के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में वे स्वयं भी सहयोग देने के लिए सदैव तैयार हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक अंकित चन्द्रायण ने कहा कि पटना शहर के सभी मोहल्लों में सदस्यता अभियान चलाकर भूमिहार समाज के हर परिवार को एक मंच से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाज के लोगों को इलाज के दौरान पटना में रहने की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी पहल की जा रही है, ताकि जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में सहयोग मिल सके।

उन्होंने आगे कहा कि समाज के व्यवसायियों को एक-दूसरे से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा, जिससे नए लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिले। इसके साथ ही पटना में जल्द ही एक लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी, जहां 100 से अधिक बच्चों को निःशुल्क शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

अंकित चन्द्रायण ने कहा कि केंद्र सरकार की स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इन पहलों का लाभ उठाकर समाज के युवा रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बन सकते हैं। उन्होंने युवाओं को प्रशिक्षण, उद्यमिता और स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के सामूहिक प्रयासों से भूमिहार समाज सामाजिक एकजुटता, सौहार्द और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ेगा तथा राज्य के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। कार्यक्रम को टिकारी युवराज हर्ष राज, प्रीति प्रिया, एस के पाण्डेय, डॉक्टर संजीव, कर्नल कुणाल, डॉ मारुत नन्दन इत्यादि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर अजय जी, पुरशोत्तम जी, दीपक जी, सुजीत जी, युगल जी, नीरज जी, रामजन्म जी, सुमन्त जी, किशोर, अभिजीत जी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# चैती छठ, पटना जू की झील में पूजा की तैयारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



◆ चूना-फिटकरी से पानी कर रहे साफ, पूजा के लिए लोगों को मिलेगी फ्री एंट्री

**पटना।** चैती छठ की आज से शुरुआत हो चुकी है। नहाए खाए के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लिया गया है। गंगा घाटों को तैयार किया जा चुका है। वहीं, जो भी छठ व्रती गंगा घाट तक नहीं पहुंच सकेंगी, उनके लिए आसपास के पार्क और तालाब तैयार किए जा रहे हैं। इसके लिए पटना जू की झील को भी तैयार किया जा रहा है। यहां अस्थाई घाट बनाए जा रहे हैं, जिससे छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को पूजा करने में आसानी हो सके।

**पानी सफाई के लिए मिलाया जा रहा चूना-फिटकरीः** जू प्रशासन के मुताबिक झील के पानी को साफ करने के लिए चूना और फिटकिरी मिलाया जा रहा है। झील में सफाई के बाद गंगा जल डाला जाएगा। बाथरूम की साफ-सफाई की जा रही है। चेंजिंग रूम, बैरिकेडिंग, आदि नगर निगम की तरफ से तैयार किए जाएंगे। जिस साइड पानी का बहाव ज्यादा है और स्थिति खतरनाक होगी, वहां लाल कपड़े से घेरा लगाया जाएगा।

**जानवरों की सुरक्षा पर रहेगा पूरा ध्यानः** छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं के लिए मंगलवार के दोपहर 2 बजे के बाद चिड़ियाघर में निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था है। वहीं, बुधवार को सुबह 3 बजे के बाद जू खोल दिया जाएगा। पटना जू में छठ के दौरान मेन फोकस जानवरों की सुरक्षा पर रहेगी। इस बात का खास ख्याल रखा जाएगा की जानवरों को कोई परेशानी न हो। विजिटर्स इधर-उधर न करें इसका भी ध्यान रखा जाएगा। साथ ही चिड़ियाघर परिसर में प्लास्टिक लाने पर रोक रहेगी।

# छठ व्रतियों के बीच कलसूप, नारियल व पूजा सामग्री वितरित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी!** छठ के पहले दिन नहाय-खाय के मौके पर रविवार को चपौर पंचायत के हरिवंशपुर गांव में वार्ड संघ के अध्यक्ष अरुण प्रसाद के द्वारा छठ व्रतियों के बीच नारियल,कलसुप वितरण किया।श्री कुमार ने बताया कि हम प्रत्येक वर्ष व्रतियों के बीच नारियल कलसुप का वितरण करते है।इस तरह के कार्य करने से हमारे जीवन मे सुख समृद्धि यश वैभव का प्राप्ति होती है।छठ पर्व लोक आस्था का महापर्व है। लोग हर्षोल्लास के साथ इस त्योहार को मनाएं।उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि पंचायत में जनता के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।साथ ही छठ घाटों पर पहुंचकर लोगों की मदद कर उनकी सुविधाओं का ख्याल रखेंगे। इस मौके पर छोटू प्रसाद दीपू प्रसाद आशीष कुमार चंदन कुमार नीरज कुमार सहित अन्य लोगों भी मौजूद रहे।

# एकतरफा प्यार में आशिक ने महिला को चाकू गोदा मौत, बीच-बचाव करने पर बेटी को मारा चाकू

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



❑ हफ्तेभर से कर रहा था परेशान

**पटना।** पटना के जक्कनपुर इलाके के बंगाली कॉलोनी में शादीशुदा महिला की चाकू गोद कर हत्या कर दी गई है। मृतका की पहचान संतोष कुमार की पत्नी मुन्नी देवी (35 वर्ष) के तौर पर हुई है। इस चाकूबाजी की घटना में मृतका की नाबालिग बेटी भी घायल हो गई है, जिसे हाथ और बाजू में चोट लगा है। फिलहाल, बच्ची का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

**12 से अधिक बार किया वार, मुझे भी चाकू मारा- बेटीः** मतका की 17 साल की बेटी ने पुलिस को बताया है कि, मैं घर पर मां के साथ मौजूद थी। लगभग 4 बजे के करीब राजा नाम का शख्स आया और चाकू मारना शुरू कर दिया। कम से कम 12 बार से अधिक वार किया। मैं बीच बचाव करने आई तो मुझे भी चाकू मार दिया। मैं शोर मचाने लगी। आस पास के लोग दौड़कर मेरे घर की ओर आने लगे तब तक राजा तेजी से फरार हो गया।'

**पड़ोस के लड़कों ने अस्पताल में कराया एडमिटः** पड़ोस के लड़के शैलेश कुमार ने बताया कि, 'कॉल करके मुझे पड़ोसी ने बुलाया। उसके बाद हम लोग गोद में उठाकर बाइक से अस्पताल लाये थे। यहां से गंभीर स्थिति देखते हुए डॉक्टर ने पीएमसीएच रेफर कर दिया।'

**एक तरफा प्यार में चाकू गोदने की आशंकाः** राजा अक्सर मृतका के घर पर आया जाया करता था। पिछले 1 सप्ताह से बच्चों ने उसे घर पर नहीं आने दिया था। यह बात आरोपी को नागवार गुजरी। आज अचानक चाकू लेकर घर पर पहुंच गया और सीधे हमला कर दिया। आशंका है कि एक तरफा प्यार में इस घटना को अंजाम दिया गया है। महिला का पति बाहर रहता है और महिला पास में ही ठेले पर नाश्ते की दुकान चलाती थी।

**क्या कहती है पुलिसः** एसडीपीओ 2 रंजन कुमार ने बताया कि, 'अभियुक्त की पहचान कर ली गई है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस की ओर से रेड की जा रही है।'

# 'पीएचईडी मंत्री के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट'

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



❑ पूर्व एमएलए मुकेश रोशन ने कहा-छत्तीसगढ़ के न्यायालय का आदेश, फिर भी सरकारी सुविधा ले रहे

**पटना।** मुकेश रोशन ने बिहार सरकार के PHED मंत्री संजय सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मुकेश रोशन का कहना है कि मंत्री संजय सिंह के खिलाफ छत्तीसगढ़ के एक न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इसके बावजूद वे मंत्री पद पर बने हुए हैं और सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। पटना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि यह संविधान और न्याय व्यवस्था का खुला उल्लंघन है। संजय सिंह महुआ विधानसभा क्षेत्र से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के टिकट पर पहली बार विधायक बने हैं। इसके बाद उन्हें बिहार सरकार में PHED मंत्री बनाया गया।

**राजीव नगर जमीन अवैध तरीके से जमीन कब्जा कियाः** पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि पटना के राजीव नगर इलाके में मंत्री ने फर्जी तरीके से जमीन पर कब्जा किया है। इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्य के DGP से की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसके अलावा, हाजीपुर और महुआ में बढ़ते शराब तस्करी के मामलों में मंत्री और सत्ताधारी तंत्र पर संरक्षण देने के आरोप लगाए गए हैं। 50 हजार रुपए के इनामी एक तस्कर को भी मंत्री का समर्थन प्राप्त होने का दावा किया गया है, जिससे कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**शैक्षणिक योग्यता और पहचान पर उठाए सवालः** मुकेश रोशन ने मंत्री संजय सिंह की शैक्षणिक योग्यता और पहचान पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि मंत्री ने दो अलग-अलग जन्म तिथियों का इस्तेमाल किया और नाम में भी बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि नामांकन के दौरान दिए गए एफिडेविट में गलत जानकारी दी गई। साथ ही पिछले तीन महीनों में PHED विभाग द्वारा जारी की गई निविदाओं की निष्पक्ष जांच की मांग की। उनका कहना है कि निविदा आवंटन में भी अनियमितता की आशंका है।

**न्यायालय जाने की चेतावनीः** पूर्व विधायक ने साफ कहा कि यदि सरकार इस पूरे मामले में जल्द कार्रवाई नहीं करती है तो वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। कानून और संविधान की रक्षा के लिए यह कदम जरूरी बताया गया है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए मंत्री को आमंत्रण पत्र सौंपा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी!** चैत्र रामनवमी 2026 को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिहार सरकार के मंत्री दीपक प्रकाश से मिलकर मसौढी में रामनवमी में शोभा यात्रा में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम में शामिल होने हेतु सादर निमंत्रण दिया।कार्यकर्ताओं उन्हें विधिवत निमंत्रण पत्र सौंपते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत और रामनवमी पर्व की गरिमा को लेकर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई।वही कार्यकर्ताओं द्वारा रामनवमी को भव्य,आकर्षक एवं अनुशासित तरीके से मनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है। इस मौके पर जिला महामंत्री विजय यादव राकेश कुमार नीरज शर्मा अजय शर्मा सुभाष कुमार सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# बीच सड़क पर पटना पुलिस की मेडिकल ट्रीटमेंट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** पटना के मीठापुर बाईपास पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के एक कांस्टेबल ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए एक CISF जवान की जान बचा ली। मीठापुर बाईपास पर यह घटना हुई, जहां जवान अचानक अचेत होकर सड़क पर गिर पड़ा। अचेत हुए व्यक्ति की पहचान नवादा जिले के रहने वाले कुंदन के रूप में हुई है, जो CISF में कांस्टेबल हैं। बताया जा रहा है कि उनकी तबीयत पहले से खराब थी और वे अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में वे बेहोश होकर गिर पड़े। मीठापुर ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात कांस्टेबल अंजनी कुमार गौरव ने बताया कि, एक व्यक्ति चेक पोस्ट से गुजर रहा था। पास में उसकी गाड़ी और परिवार मौजूद था। गाड़ी तक पहुंचने से पहले ही वह अचानक गिर गया। उसके शरीर से ज्यादा पसीना निकल रहा था और हाथ-पैर अकड़ रहे थे। स्थिति को देखते हुए उन्होंने हार्ट अटैक की आशंका जताई और बिना देर किए CPR देना शुरू कर दिया।

**कुछ ही सेकेंड में लौट आई सांसेंः** कांस्टेबल के मुताबिक, CPR शुरू करने के करीब 30 सेकेंड के भीतर ही जवान को होश आने लगा। कुछ ही मिनटों में उसकी हालत सामान्य हो गई। मौके पर मौजूद परिजन भी यह देख भावुक हो गए और कांस्टेबल को भगवान का रूप बताकर धन्यवाद दिया।

# नहाय-खाय के साथ चैती छठ महापर्व शुरू, व्रती पहुंच रहे घाट, गंगा स्नान कर लिया संकल्प

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना।** आज से नहाय-खाय के साथ चैती छठ की शुरुआत हो गई है। भरणी नक्षत्र और वैधृति योग में चार दिवसीय अनुष्ठान शुरू हो गया है। चैती छठ का व्रत पूर्वांचल व उत्तर भारत के अलावा पूरे देश में संयम व पवित्रता के साथ मनाया जाता है। चैती छठ का पर्व प्रकृति, सूर्य और जल के प्रति आस्था का प्रतीक है। चार दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। अस्ताचल व उदयमान सूर्य को अर्घ्य की परंपरा इसी वैदिक भावना की अभिव्यक्ति है।

**सुबह से व्रती पहुंच रहे घाट, गंगा स्नान कर लिया संकल्पः** चैती छठ में नहाए खाए के पहले दिन पूजा अर्चना करने के लिए व्रती गंगा घाट पहुंचे। पूजा के बर्तन को गंगा की मिट्टी और जल से धोकर शुद्ध किया गया। इसके बाद गंगा स्नान कर भक्तों ने पूजा अर्चना कर व्रत का संकल्प लिया। इस दौरान सुहागन महिलाएं एक दूसरे को पूजा का सिंदूर लगाती हुईं नजर आयीं। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालु गंगाजल को लेकर पूजा के लिए घर लेकर जाते भी दिखाई दिए।

**सुबह ही गंगा घाट आ गई, अब प्रसाद बनेगा- सुकृति सिंहः** छठ व्रती सुकृति सिंह ने कहा कि, 'मैं अपने पूरे परिवार के साथ सुबह 7 बजे ही गंगा घाट आ गई थी। बच्चों को बर्तन में गंगाजल भर के दे दिया है और वह घर लेकर गए हैं। अब प्रसाद बनेगा। छठ में पूरा परिवार मौजूद रहता है। घर में रौनक आ जाती है।' कदम घाट पर गंगा स्नान करने पहुंचे बच्चों ने कहा कि, छठ पूजा में काफी मजा आता है। ये हमारा सबसे पसंदीदा पर्व है। पूजा के बाद ठेकुआ खाने को मिलता है। सब परिवार के लोग एक साथ रहते हैं।'

**नहाय-खाय में कद्दू भात का बनेगा प्रसादः** पंडित झा राकेश झा ने बताया कि, 'इस महापर्व की शुरुआत में व्रती आज पवित्र गंगा नदी, जलाशय या अपने घरों में गंगाजल मिलाकर स्नान के साथ शुरू होगा। व्रत के प्रसाद के लिए मंगवाये गये गेहूं को गंगाजल में धोकर सुखाया जायेगा। इस हूं में कोई पक्षी, कीड़ा का स्पर्श नहीं हो इसके लिए खुद और परिवारजन के साथ पारंपरिक लोकगीत गाते हुए इसकी रखवाली करेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

# प्रकृति ही मानव सभ्यता की सबसे बड़ी संरक्षक : संजीव कुमार

### ऑल इंडिया स्प्रिंग आर्ट कैंप 'प्रकृति 2026' का समापन



**रांची।** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय स्प्रिंग आर्ट कैंप-2026 का समापन रविवार को "प्रकृति 2026" थीम के साथ हुआ। विश्व जल दिवस के अवसर पर संपन्न हुए इस आयोजन ने पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्द्धन का सशक्त संदेश दिया। समापन समारोह में राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख (पीसीसीएफ हॉफ) संजीव कुमार ने कहा कि प्रकृति मानव सभ्यता की सबसे बड़ी संरक्षक है। उन्होंने कहा, "जब कलाकार का हृदय प्रकृति के लिए धड़कता है, तब उसके कैनवास पर केवल चित्र नहीं उभरते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए चेतना, करुणा और संरक्षण का संदेश भी आकार लेता है।" उन्होंने कहा कि इस कला शिविर का समापन विश्व जल दिवस पर होना अत्यंत सार्थक है, क्योंकि जल जीवन का मूल आधार है और वन पर्यावरणीय संतुलन के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा, "यदि जल बचेगा तो कल बचेगा, यदि वन बचेंगे तो जीवन बचेगा और यदि प्रकृति सुरक्षित रहेगी तो मानवता भी सुरक्षित रहेगी।" तीन दिवसीय यह कला महोत्सव केवल चित्रकला तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और जनजागरूकता का एक प्रभावी अभियान बनकर सामने आया। समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। सरायकेला के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भारतीय संस्कृति और प्रकृति का संबंध केवल परंपरा तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन दर्शन का अभिन्न हिस्सा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों, कलाकारों, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया। अंत में शिविर में भाग लेने वाले कलाकारों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए स्मृति-चिह्न और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# विश्व जल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जल संरक्षण पर जोर



**खूंटी।** जल जीवन मिशन के तहत आठ से 22 मार्च तक जिले में चलाए गए जल महोत्सव पखवाड़ा के समापन के अवसर पर बिरसा कॉलेज, खूंटी के बहुउद्देश्यीय सभागार में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, जल स्रोतों के संरक्षण और जल के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन, झारखंड मनोहर मरांडी, मुख्य अभियंता सीडीओ, मुख्य अभियंता वॉटर क्वालिटी, अधीक्षक अभियंता रांची, उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, सांसद व विधायक प्रतिनिधि, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और कार्यपालक अभियंता सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही जल स्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन और जल के समुचित उपयोग को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। उल्लेखनीय है कि 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से शुरू हुए जल महोत्सव पखवाड़ा के दौरान उपायुक्त आर रॉनिटा के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत जल संरक्षण रैली, ग्राम सभाएं, जल स्रोतों की साफ-सफाई, वर्षा जल संचयन के प्रति जागरूकता अभियान, स्कूलों में निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता तथा जल अर्पण जैसे कार्यक्रम शामिल रहे। इन गतिविधियों के माध्यम से आम लोगों, खासकर महिलाओं और बच्चों को जल के महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान मुरहू प्रखंड के ग्राम प्रधान द्वारा जल वंदना कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं विद्यालयों के विद्यार्थियों की ओर से जल संरक्षण विषय पर बनाए गए निबंध और चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसकी मुख्य अतिथि ने सराहना करते हुए अपने हस्ताक्षर भी किए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय पदाधिकारी, अभियंता, ग्राम प्रधान, जलसहिया और अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने जल संरक्षण और जल के समुचित उपयोग के लिए संकल्प लिया।

# एनआरएआई राष्ट्रीय कोचिंग कोर्स में 33 कोच हुए प्रशिक्षित




**पूर्वी सिंहभूम।** राष्ट्रीय राइफल संघ भारत (एनआरएआई) की ओर से झारखंड राज्य राइफल संघ के सहयोग से आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय कोचिंग कोर्स का रविवार को समापन हो गया। इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम में पांच राज्यों से कुल 33 कोचों ने भाग लिया, जिनमें झारखंड के 19 कोच शामिल रहे। कोर्स को इस तरह तैयार किया गया था कि इसमें तकनीकी दक्षता के साथ-साथ खेल विज्ञान, कोचिंग पद्धति और व्यावहारिक प्रशिक्षण को एक साथ जोड़ा जा सके, जिससे प्रतिभागियों को समग्र और उपयोगी अनुभव प्राप्त हो। प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी सत्रों का संचालन ओलंपियन एवं भारतीय टीम के कोच संजीव राजपूत और कोच विद्या जाधव ने किया। इन सत्रों में हथियारों के सुरक्षित संचालन, शूटिंग तकनीकों, त्रुटि सुधार और प्रतियोगिता की तैयारी जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की खास बात खेल विज्ञान पर विशेष जोर रहा। स्पोर्ट्स साइकोलॉजी सत्र में ननकी चड्ढा ने कोचों को मानसिक प्रदर्शन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे लक्ष्य निर्धारण, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास निर्माण और कोच-एथलीट के बीच प्रभावी संवाद की बारीकियां सिखाईं। स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग सत्र में विजेंद्र पाल सिंह ने शूटिंग खिलाड़ियों के लिए आवश्यक शारीरिक संतुलन, मुद्रा, मांसपेशीय सहनशक्ति और थकान प्रबंधन पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने वार्म-अप और कूल-डाउन की व्यावहारिक तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया। मानव शरीर रचना पर आयोजित सत्र में पी.एन. विनील कुमार ने बायोमैकेनिक्स, मांसपेशियों के उपयोग, शरीर की स्थिरता और संतुलन जैसे पहलुओं को विस्तार से समझाया, जिससे कोच तकनीकी त्रुटियों के पीछे छिपे शारीरिक कारणों को बेहतर ढंग से समझ सकें। इस सत्र में यह बताया गया कि बेहतर संचार न केवल एथलीट के आत्मविश्वास को बढ़ाता है, बल्कि उनके प्रदर्शन और सीखने की क्षमता को भी मजबूत करता है। कोर्स का समापन प्रतिभागियों की परीक्षा के साथ किया गया, जिसमें उनके ज्ञान और समझ का मूल्यांकन किया गया। इसके बाद सभी कोचों को फील्ड प्रोजेक्ट सौंपे गए हैं, जिन्हें उन्हें अगले दो महीनों में पूरा कर प्रस्तुत करना होगा। कोर्स का दूसरा चरण भी जमशेदपुर में ही आयोजित किया जाएगा, जहां प्रतिभागी अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे और आगे की प्रशिक्षण प्रक्रिया पूरी करेंगे। झारखंड स्टेट राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि राज्य में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाएगा, ताकि कोचों की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो और शूटिंग खेलों को नई दिशा मिल सके।

# मंत्री ने की रोरो नदी पर पुल निर्माण की शुरुआत, बढ़ेगी कनेक्टिविटी

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**





जिले में विकास को नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत रोरो नदी पर बनने वाले पुल का शिलान्यास रविवार को किया गया। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत बनने वाले इस पुल की आधारशिला मंत्री दीपक बिरुवा ने विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर रखी। करीब ०4 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह पुल सदर प्रखंड के गाईसूटी पंचायत स्थित कांकी से गिनडीमुंडी को जोड़ने वाले मार्ग पर निर्मित होगा। पुल के तैयार होने के बाद चाईबासा और सरायकेला जिले के बीच सीधा संपर्क स्थापित हो जाएगा, जिससे क्षेत्रीय आवागमन पहले की तुलना में काफी आसान हो जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों की लंबे समय से इस पुल की मांग रही है। बरसात के दिनों में रोरो नदी पार करना मुश्किल हो जाता था, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में पुल निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि आसपास के गांवों में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांवों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है और हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उसकी प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सतीश सुंडी, मंगल सिंह तियू, मानाराम कुदादा, राजू सुंडी, प्रधान गोप, मनीष सुंडी और मुखिया अनिता तियू सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।

# चोरी का खुलासा, 15 लाख के जेवर के साथ आरोपित गिरफ्तार

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बारीडीह स्थित ट्यूब कॉलोनी में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बिरसानगर निवासी विक्की लोहार उर्फ बोंडा बताया गया है। इसके पास से चोरी किए गए कीमती गहने बरामद किए हैं। बरामद जेवरात की कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना के संबंध में रविवार को थाना प्रभारी फैज अहमद ने बताया कि ट्यूब कॉलोनी क्वार्टर नंबर डीएस-49 निवासी अभय कुमार सात मार्च को अपने परिवार के साथ शहर से बाहर गए हुए थे। 19 मार्च को जब वे वापस लौटे तो घर का ताला टूटा पाया और अंदर से गहने सहित अन्य सामान गायब थे। इसके बाद उन्होंने सिदगोड़ा थाना में शिकायत दर्ज कराई। मामले की



गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और तकनीकी एवं स्थानीय सूचना के आधार पर संदिग्ध विक्की लोहार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उसने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए जेवर को बरामद कर लिया।

# शहीदों की याद में निकली अखंड तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को जमशेदपुर में देशभक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला, जब नमन संस्था के तत्वावधान में अखंड तिरंगा सह शहीद सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान से शुरू हुई इस भव्य तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में युवा, महिलाएं, बच्चे और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आगे बढ़ी और पूरे रास्ते भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह यात्रा के आयोजक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि आमतौर पर देशवासी 15 अगस्त और 26 जनवरी को तिरंगा फहराते हैं, लेकिन शहीदों की याद में इस तरह की तिरंगा यात्रा निकालना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि 23 मार्च 1931 को शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी, जिसकी याद में हर वर्ष यह यात्रा निकाली जाती है। इस बार शहीद दिवस से एक दिन पहले ही यह आयोजन कर वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी गई। यात्रा में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, विहिप के जिला अध्यक्ष अरुण सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना, शहीदों के बलिदान को याद रखना और समाज में एकता को मजबूत करना रहा।

# लोक आस्था का महापर्व चैती छठ नहाय-खाय के साथ शुरू, 25 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ होगा समापन

**एजेंसी। रांची**



लोक आस्था और सूर्य उपासना का महान पर्व चैती छठ रविवार को नहाय-खाय के साथ श्रद्धा और भक्ति के माहौल में शुरू हो गया। चार दिनों तक चलने वाला यह कठिन व्रत प्रकृति, शुद्धता और अनुशासन का प्रतीक माना जाता है, जिसमें व्रती कठोर नियमों का पालन करते हुए भगवान भास्कर की आराधना करते हैं। यह महापर्व 25 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा। परंपरा के अनुसार पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को संध्या अर्घ्य और अंतिम दिन उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाता है। पुरोहित मनोज पांडेय के अनुसार, इस वर्ष छठ पर्व पर विशेष शुभ योग का संयोग बन रहा है। नहाय-खाय के दिन मां कूष्मांडा की पूजा की जाती है, जबकि खरना के दिन देवी स्कंद माता की आराधना होती है। संध्या अर्घ्य के दिन माता कात्यायनी और प्रातः अर्घ्य के समय माता कालरात्रि की पूजा का विशेष महत्व है। चैत्र नवरात्र के साथ पड़ने के कारण व्रत करने वाले श्रद्धालुओं को छठी मैया के साथ इन देवियों का भी विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**छठ महापर्व का कार्यक्रम-**
**23 मार्चः खरना (रात 8:42 बजे तक)24 मार्चः संध्या अर्घ्य (सूर्यास्त लगभग 6:00 बजे)25 मार्चः प्रातः अर्घ्य (सूर्योदय सुबह 5:49 बजे)**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस व्रत को करने से बल, आरोग्य, समृद्धि और संतान सुख की प्राप्ति होती है। विशेष रूप से संतान की कामना करने वाली महिलाओं के लिए यह व्रत अत्यंत फलदायी माना गया है। राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में इस पर्व को लेकर भक्तों में उत्साह देखा जा रहा है। घाटों की सफाई, पूजन सामग्री की खरीदारी और तैयारियों का दौर जारी है, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया है।

# तेजस्वी यादव पांच अप्रैल को आएंगे रांची , स्वागत की तैयारी को लेकर बैठक

**एजेंसी। खूंटी**



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पिछड़ा प्रकोष्ठ की एक बैठक रविवार को तोरपा प्रखंड के टाटी भंडार टोली में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ खूंटी जिलाध्यक्ष फागू साहू ने की। इस अवसर पर राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने वाले राजद के युवा नेता तेजस्वी यादव का आगमन पांच अप्रैल को झारखंड की राजधानी रांची में होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने के बाद तेजस्वी यादव पहली बार झारखंड आ रहे हैं। उनके स्वागत को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह है और रांची में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। जिलाध्यक्ष फागू साहू ने कहा कि इस स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने में खूंटी जिला की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि जिले में पिछड़ा वर्ग का आरक्षण शून्य होने के कारण कई होनहार छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय जनता दल ही पिछड़ों के अधिकार और सम्मान की लड़ाई मजबूती से लड़ने का काम कर रही है। बैठक में लक्ष्मीनाथ गोप, दुर्गा प्रजापति, बैजनाथ गोप, लखिन्द्र प्रजापति, चंदर महतो, पतंग लोहरा, लगनु महतो, अमर गोप, जगरनाथ प्रजापति, पुरन गोप, पवन महतो, सोमरा गोप सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को रांची पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।

# झारखंड में 26 मार्च से बदलेगा मौसम, गर्जन-बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में मौसम एक बार फिर से 26 मार्च से करवट लेगा। इस दौरान गर्जन, हल्की बारिश और वज्रपात होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने रविवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार, 26, 27 और 28 मार्च को राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात होने की संभावना है। इसके साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, 26 मार्च को राज्य के दक्षिणी जिले पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात हो सकती है। इसी प्रकार 27 और 28 मार्च को भी राज्य के अन्य हिस्सों में गर्जन बारिश और वज्रपात को लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 32.1 डिग्री और सबसे कम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया।

**रांची में 07 डिग्री गिरा तापमान-** राजधानी रांची में शनिवार को बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में 07 डिग्री की कमी दर्ज की गई। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान जहां 33 डिग्री था, वही रविवार को तापमान गिर कर 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसी प्रकार राज्य के अन्य जिलों में भी बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। इनमें जमशेदपुर में 04 डिग्री, डाल्टनगंज में 07 डिग्री और बोकारो में अधिकतम तापमान में 01 डिग्री सेल्सियस गिरावट दर्ज की गई। इस प्रकार राज्य भर में तापमान में सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। रविवार को रांची में अधिकतम 26.4 और न्यूनतम 13.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री और न्यूनतम 17.4 डिग्री सेल्सियस रहा। डाल्टनगंज में अधिकतम 29.4 और न्यूनतम 16.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह बोकारो में अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री और न्यूनतम 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि चाईबासा में अधिकतम 31 डिग्री और न्यूनतम 16.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

# सरहुल शोभायात्रा के दौरान बिछड़ा बच्चा रांची पुलिस की तत्परता से सुरक्षित परिजनों से मिला

**एजेंसी। रांची**



रांची पुलिस की तत्परता से सरहुल की शोभायात्रा के दौरान बिछड़ा एक बच्चा सुरक्षित रूप से अपने परिजनों के पास पहुंच गया। दरअसल, प्रकृति पर्व सरहुल की शोभायात्रा के दौरान शनिवार रात राजधानी रांची के कचहरी चौक के पास भारी भीड़ में एक छोटा बच्चा अपने परिवार से बिछड़ गया। लावारिस हालत में मिले बच्चे को मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्चे को सीसीआर कंट्रोल रूम में सुरक्षित रखा और उसकी पहचान तथा परिजनों की तलाश शुरू कर दी। कंट्रोल रूम से सभी थानों को सूचना भेजी गई, साथ ही वायरलेस और सोशल मीडिया के माध्यम से भी बच्चे के परिवार तक पहुंचने का प्रयास किया गया। अगले दिन आज (रविवार) सुबह लगभग 10 बजे बच्चे के परिजनों की पहचान हो गई। इसके बाद उसकी दादी और मौसी सीसीआर कंट्रोल रूम पहुंचीं। परिजनों ने बताया कि बच्चे की मां का पहले ही निधन हो चुका है, जबकि पिता बीमार हैं। शोभायात्रा के दौरान भीड़ में बच्चा उनसे बिछड़ गया था। परिजनों ने रातभर अपने स्तर पर बच्चे की तलाश की, लेकिन भारी भीड़ के कारण सफलता नहीं मिली और वे निराश होकर घर लौट गए थे। सुबह मोहल्ले के लोगों से जानकारी मिलने पर वे तुरंत कंट्रोल रूम पहुंचे। इस दौरान बच्चा शुरुआत में अपनी दादी और मौसी के साथ जाने में झिझक रहा था। बाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन के निर्देश पर कोतवाली और गोंदा थाना की पुलिस गश्ती टीम ने बच्चे और उसके परिजनों को पुलिस वाहन से सुरक्षित उनके गोंदा थाना क्षेत्र स्थित हथिया गोंदा स्थित घर पहुंचाया। घर पहुंचने पर बच्चे की उसके बीमार पिता से मुलाकात कराई गई। आवश्यक सत्यापन के बाद बच्चे को औपचारिक रूप से परिजनों को सौंप दिया गया। अपने परिवार से मिलकर बच्चा काफी खुश नजर आया। परिजनों ने इस मानवीय पहल के लिए रांची पुलिस का आभार जताया।

# सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता की पत्नी की मौत

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कोवाली गांव में शनिवार देर रात सड़क हादसे में भाजपा के पूर्व प्रत्याशी एवं एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य खेलाराम बेसरा की पत्नी रिंती महाली की मौत हो गई। घटना से इलाके में शोक का माहौल है। बताया जाता है कि खेलाराम बेसरा अपनी पत्नी रिंती महाली को मोटरसाइकिल से लेकर कोवाली से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कोवाली बाजार के पास हरिणा सरहुल कार्यक्रम से लौट रही एक अनियंत्रित टाटा मैजिक ने पीछे से उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि रिंती महाली बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद करते हुए उन्हें इलाज के लिए जमशेदपुर सदर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही कोवाली थाना थाना प्रभारी मुकेश कुमार साव घटनास्थल पर पहुंचे और कार्रवाई करते हुए टाटा मैजिक वाहन को जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### एनीमिया जागरूकता जन-आंदोलन' में सरकार भी सहयोग के लिए तत्पर: डॉ मोहन यादव

**भोपाल ।** एनीमिया के विरुद्ध चलाया जा रहा जागरूकता अभियान अब एक सशक्त जन–आंदोलन बन चुका है। इस अभिनव पहल का नेतृत्व प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी कर रहे हैं, जिनके प्रयासों से यह अभियान अब तक 20 लाख से अधिक लोगों तक पहुंच चुका है। भोपाल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में डॉ. द्विवेदी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष एनीमिया जागरूकता अभियान की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा एनीमिया जागरूकता पर आधारित पुस्तक की पहली प्रति भी डॉ एके द्विवेदी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भेंट की । डॉ. द्विवेदी ने बताया कि इस अभियान के तहत सरकार द्वारा चलाए जा रहे एनीमिया एवं सिकल सेल से संबंधित बीमारी के रोकथाम और उपचार के प्रयासों को भी व्यापक रूप से प्रचारित एवं प्रकाशित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय प्रयास बताया। उन्होंने डॉक्टर द्विवेदी से इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ते रहने के अनुरोध के साथ आश्वस्त किया कि इसके लिए सरकार भी सहयोग के लिए तत्पर है। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष के एनीमिया जागरूकता अभियान की शुरुआत मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने की थी । इसके अंतर्गत विशेष रूप से तैयार एनीमिया जागरूकता रथ के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में घर–घर जाकर लोगों को जागरूक किया गया। इसमें महिलाओं, बुजुर्ग और बच्चों एवं कमजोर वर्गों पर विशेष ध्यान देते हुए पोषण, स्वास्थ्य जांच और सरल जीवनशैली उपायों की जानकारी दी गई। अभियान के तहत गुड़ और चना खाएं, हीमोग्लोबिन (रक्त) बढ़ाएं जैसे अत्यंत सरल स्लोगन के जरिए लोगों को पारंपरिक एवं सुलभ पोषण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया ।

### बीके चौक से शहीद भगत संह चौक तक बंद रहेगा ट्रैफिक

**फरीदाबाद, एजेंसी।** शहीद दिवस 23 मार्च के अवसर पर एनआइटी क्षेत्र में आयोजित होने



वाली मेगा पदयात्रा को लेकर यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। पदयात्रा के दौरान बीके चौक से शहीद भगत सिंह चौक तक का मार्ग सुबह छह बजे से 11 बजे तक यातायात के लिए बंद रहेगा। इस दौरान सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा और मार्ग पर पार्किंग की भी अनुमति नहीं होगी। पुलिस के अनुसार मेरा युवा भारत के तत्वावधान में आयोजित पदयात्रा केएल मेहता कालेज से शुरू होकर डीसीपी एनआइटी कार्यालय के सामने से गुजरते हुए केसी रोड से शहीद भगत सिंह चौक एनआइटी पांच तक जाएगी। कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज, आईटीआई और एनसीसी के बड़ी संख्या में विद्यार्थी भाग लेंगे। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान केसी रोड और आसपास के मार्गों से गुजरने से बचें तथा वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता के साथ मार्ग उपलब्ध कराया जाएगा। यातायात पुलिस मौके पर मार्गदर्शन और सहायता के लिए तैनात रहेगी। ड्यूटी व्यवस्था की जिम्मेदारी एसीपी ट्रैफिक शैलेंद्र कुमार को सौंपी गई है। पदयात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर डायवर्जन भी लागू किए जाएंगे। पूरे रूट पर यातायात प्रबंधन और निगरानी की व्यवस्था रहेगी, ताकि आमजन को न्यूनतम असुविधा हो।

# कछुआ चाल में अटका रेवाड़ी के बनीपुर चौक का फ्लाईओवर, तीसरी डेडलाइन भी निकली

**बावल (रेवाड़ी), एजेंसी।** देश के व्यस्ततम हाईवे में से एक दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 स्थित बनीपुर चौक पर बन रहे फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की तीसरी डेडलाइन भी पूरी हो गई है, लेकिन फिर भी इसका निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। बार-बार होने वाले हादसों के बाद जिम्मेदार अधिकारियों ने मार्च में ओवरब्रिज की एक लेन शुरू कर देने का दावा किया था लेकिन अभी इस लेन के चालू होने में भी तीन माह से ज्यादा का समय और लग सकता है। ट्रैफिक का सारा दबाव सर्विस रोड पर होने की वजह से बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। सड़क के बीच में रखे सीमेंट के बेरिकेड्स अंधेरा होने पर हादसों का कारण बनते रहे हैं। दरअसल, करीब चार माह पहले बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार की ओर से यह मुद्दा विधानसभा में भी उठाया गया था। तब अधिकारियों ने जल्द निर्माण कार्य पूरा होने का दावा किया था। लेकिन अभी इस



फ्लाईओवर का 40% काम बचा हुआ है। एनएचएआइ के अधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है। बनीपुर चौक पर फ्लाईओवर नहीं होने की वजह से हर साल 100 से ज्यादा सड़क हादसे हो रहे थे, जिसके बाद एनएचएआइ ने 2019 में यहां फ्लाईओवर स्वीकृत किया। हालांकि इसका निर्माण कार्य कोरोना की वजह से दो साल की देरी से 2022 में शुरू हो सका था। 29 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस फ्लाईओवर को 2023 के अंत तक बन जाना था। लेकिन, काम में देरी होती चली गई। इतना ही नहीं 2024 में टेंडर लेने वाली एजेंसी ने काम ही बंद कर दिया था।

पिछले वर्ष जनवरी माह में इसका निर्माण दोबारा से शुरू किया गया था, लेकिन अभी भी यह कछुआ चाल से ही किया जा रहा है। दिल्ली और मुंबई के बीच मालवाहक वाहनों के लिए एनएच-48 सबसे सुगम हाईवे है। यही वजह है कि सबसे ज्यादा मालवाहक वाहन इसी हाईवे से गुजरते हैं। दिल्ली से जयपुर के बीच रेवाड़ी जिले की सीमा में पड़ने वाला एनएच-48 का करीब 45 किलोमीटर का हिस्सा कापड़ीवास से लेकर जयसिंहपुर खेड़ा तक एनएचएआइ के जयपुर मंडल के अधीन आता है। जबकि इससे पहले गुरुग्राम की सीमा में पड़ने वाले हाईवे का हिस्सा दिल्ली मंडल के अधीन आता है। जयपुर मंडल की तरफ से इस हाईवे पर होने वाले कार्यों में पहले भी देरी के आरोप लगते रहे हैं। कुछ दिन पहले बनीपुर चौक पर बावल के स्थानीय लोगों ने धरना देते हुए एनएचएआइ के जयपुर मंडल के अधिकारियों पर राजस्थान की सीमा में होने वाले निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने के आरोप लगाए थे।

## हिमाचल बजट: सीएम सुक्खू की 20 बड़ी घोषणाएं, किस वर्ग को मिली राहत; किसके हाथ लगी निराशा?

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को अपना चौथा बजट पेश किया। यह बजट कई वर्ग के लिए सौगात लाया तो कइयों के लिए झटका भी दे गया। सुक्खू सरकार के चौथे बजट के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं... मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बजट भाषण में अपना सुखी परिवार योजना की घोषणा की। एक लाख परिवारों को 300-300 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली मिलेगी। इसके अलावा गरीब परिवारों की एक लाख महिलाओं को 1500 रुपये मासिक भी दिए जाएंगे। सीएम सुक्खू ने विधायकों व अधिकारियों के वेतन में कटौती करने का फैसला लिया है। सीएम सुक्खू छह महीने खुद आधा वेतन लेंगे। हिमाचल प्रदेश विधनसभा में बजट भाषण के दौरान पहली बार व्यवधान पड़ा। सीएम की टिप्पणी के बाद विपक्ष बिफर गया और आधा घंटा कार्यवाही ठप रही। हिमाचल प्रदेश में पहली बार बजट का आकार कम हुआ। आरडीजी यानी राजस्व घाटा अनुदान बंद होने से हिमाचल सरकार ने 58 के बजाय इस बार 54 हजार करोड़ रुपये का बजट पारित किया।

हिमाचल प्रदेश में किसान आयोग के गठन की घोषणा गाय व भैंस के दूध खरीद मूल्य में 10-10 रुपये की बढ़ोतरी अदरक पर पहली बार एमएसपी 30 रुपये



में होगी खरीद, हल्दी खरीद का मूल्य 150 रुपये हुआ

25 करोड़ रुपये से नादौन में स्थापित होगा एक्वा पार्क 6000 मछुआरों को मिलेगी 3500-3500 सम्मान निधि प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में बनेंगे हेलीपोर्ट 27000 परिवारों को पक्के मकान बनाने के लिए आर्थिक मदद देगी सरकार

महिलाओं को 80 लाख से एक करोड़ रुपये की संपत्ति खरीदने पर अब देगी होगी चार प्रतिशत स्टांप ड्यूटी 100 प्रतिशत दिव्यांगजनों की पेंशन 1700 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये हुई।

आंगनबाड़ी वर्कर्स सहित अन्य के मानदेय में 500 से 1000 रुपये तक बढ़ोतरी हुई। नौकरियों की घोषणा ग्रामीण राजस्व अधिकारियों के 600 पद भरे जाएंगे पुलिस विभाग में होगी 1000 कांस्टेबल की भर्ती, पूर्व सैनिकों को मिलेगा मानद कांस्टेबल का दर्जा 50 महिला इंस्पेक्टर की सीधी भर्ती होगी।

### हिमाचल सरकार का बड़ा फैसला, अब दिव्यांगों को मिलेगी 3000 रुपये मासिक पेंशन

**शिमला, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय और कल्याण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दिव्यांगों और निराश्रितों के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। सरकार ने 100 प्रतिशत दिव्यांगता वाले लोगों की पेंशन में बढ़ोतरी करते हुए इसे 3,000 रुपये प्रति माह करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के लगभग 7,000 लाभार्थियों को 1,700 रुपये मासिक पेंशन दी जा रही थी। सुंदरनगर संस्थान में 200 श्रवण एवं दृष्टिबाधित बालिकाओं को मिलेगा प्रवेश दृष्टिबाधित और श्रवणबाधित बालिकाओं के लिए प्रदेश के एकमात्र सरकारी संस्थान सुंदरनगर की क्षमता को विस्तार दिया गया है। यहां सीटों की संख्या 150 से बढ़ाकर 200 करने का प्रस्ताव है। इस निर्णय से 50 अतिरिक्त बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित छात्रावास और बेहतर देखभाल मिल सकेगी। दो नए हाफ वे होम बनेंगे मानसिक बीमारी से ठीक हो चुके उन व्यक्तियों के लिए, जिन्हें परिवार ने नहीं अपनाया है, सरकार दो नए हाफ वे होम स्थापित करेगी। इनके संचालन के लिए सरकार 90:10 के अनुपात में अनुदान देगी। स्वीकृत संस्थाओं को रखरखाव के लिए 50 लाख रुपये आवर्ती और 10 लाख रुपये अनावर्ती व्यय की अनुमति होगी। सरकार का लक्ष्य समाज के हर कमजोर वर्ग को सुरक्षा और समान अवसर सुनिश्चित करना है।

### पंजाब सरकार के खिलाफ एकजुट हुआ विपक्ष, कांग्रेस और बीजेपी ने बुलाई आपातकालीन बैठक

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब राज्य वेयर हाउस कारपोरेशन के जिला तरनतारन और अमृतसर के जिला मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा के आत्महत्या के मामले में पूरा विपक्ष एकजुट हो गया है। रंधावा ने आत्महत्या के लिए कैबिनेट



मंत्री लालजीत भुल्लर को जिम्मेदार ठहराया था। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भुल्लर का इस्तीफा ले लिया था। इस मामले को लेकर कांग्रेस, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल ने रविवार 22 मार्च को मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करने की घोषणा कर दी है। भाजपा के प्रदेश प्रधान सुनील जाखड़ और कांग्रेस के प्रदेश प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने आपात कालीन बैठक बुला ली है। जबकि शिरोमणि अकाली दल के नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया पार्टी की कमान संभालेंगे। जानकारी के अनुसार सारी पार्टियों ने सेक्टर 3 स्थित एमएलए हॉस्टल में एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के आवास की तरफ बढ़ने का फैसला किया है। वहीं, चंडीगढ़ पुलिस ने भी सुरक्षा बढ़ा दी है। भाजपा ने 11.30 बजे पार्टी दफ्तर से एमएलए हॉस्टल जाने की घोषणा की है तो कांग्रेस ने 12 बजे सभी जिला प्रधानों व प्रदेश नेताओं की बैठक बुलाई है। यह पहला मौका हैं जब सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ पूरा विपक्ष एकजुट हुआ हो। वहीं, चंडीगढ़ पुलिस ने सेक्टर 15 स्थिति कांग्रेस भवन और सेक्टर 37 स्थित भाजपा दफ्तर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। माना जा रहा हैं कि पुलिस दोनों ही पार्टियों के नेताओं को पार्टी दफ्तर के पास ही रोक सकती है। जबकि शिरोमणि अकाली दल के नेताओं ने सीधे एमएलए हॉस्टल पहुंचने का फैसला किया है। विपक्षी पार्टियों का एकजुट होना सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के लिए परेशानी का कारण बन सकती है।

## नोएडा में निवेश के नाम पर 43 लाख की ठगी, शेयर बाजार में 500 प्रतिशत मुनाफा का दिलाया था भरोसा

**नोएडा, एजेंसी।** शेयर बाजार में छह माह में 300 से 500 प्रतिशत का मुनाफा कमाने का झांसा देकर सेक्टर 52 के रहने वाले वरिष्ठ प्रबंधक को साइबर ठगों ने ठगी के जाल में फंसा लिया। शुरुआत में बैंक खाते में रकम ट्रांसफर कराकर विश्वास जीता। फिर वरिष्ठ प्रबंधक से 18 बार में 43 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। मुनाफे समेत रकम नहीं निकलने पर वरिष्ठ प्रबंधक को ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। नोएडा सेक्टर 52 के रहने वाले ललित कपिला एक कंपनी कार्यालय में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। वह शेयर बाजार में भी रुचि रखते हैं। 21 फरवरी 2026 को वॉट्सएप पर आदित्य बिरला सन लाइफ कंपनी प्रबंधन के नाम से स्टाक, ओटीसी और आइपीओ ट्रेडिंग करने के एक व्यावसायिक अवसर का प्रस्ताव मिला। मैसेज में दिए नंबर पर संपर्क किया तो कथित दीया मेहरा नाम की महिला कर्मी से बात हुई। उसने निवेश करने पर 3-6 महीनों के अंदर 300 से 500 प्रतिशत तक रिटर्न मिलने का दावा किया। ललित ने पंजीकरण कर छोटा निवेश किया तो मुनाफा हुआ। उन्होंने बैंक खाते में एक



बार 200 रुपये और दूसरी बार मे छह हजार रकम ट्रांसफर किए तो वह आसानी से बैंक खाते में आ गए। फिर क्या था। जैसे-जैसे ठग कहते गए। वैसे-वैसे ललित करते गए। वह यह नहीं समझ पाए कि वह जिस एप पर मुनाफा होने का ग्राफ देख रहे हैं। वह गूगल स्टोर डाउनलोड एप नहीं बल्कि ठगों द्वारा लिंक से भेजी डब्बा ब्रोकर एप है। ललित ने छह मार्च तक करीब 18 बार में 43 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। उन्होंने जरूरत पड़ने पर कुछ रकम निकालने का प्रयास किया तो ठगों कर के रूप में और रकम जमा कराने को बोला। इससे पीड़ित को मामला संदिग्ध लगा। उन्होंने पहले एनसीआरपी पोर्टल और फिर साइबर क्राइम थाना पुलिस से शिकायत की। डीसीपी साइबर सुरक्षा शैव्या गोयल ने बताया कि पीड़ित की शिकातय पर मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है। ठगी में संलिप्त बैंक खातों की जानकारी की जा रही है। जल्द ही ठगी का पर्दाफाश किया जाएगा। साइबर क्राइम थाना प्रभारी विजय सिंह राणा ने बताया कि बिना गूगल प्ले स्टोर की एप से निवेश करने से बचें। ठग खुद से लिंक भेजकर डब्बा ब्रोकर जैसी एप के जाल में फंसाकर ठगी करते हैं। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर या साइबर क्राइम पोर्टल पर पूरी जानकारी के साथ शिकायत दर्ज कराएं।

### आई-आरएडी एप की अनदेखी, घायलों का डेटा दर्ज नहीं कर रहे अस्पताल; डीएम ने जताई नाराजगी

**गाजियाबाद, एजेंसी।** सड़क हादसों की रोकथाम को लेकर केंद्र सरकार द्वारा संचालित आइ–आरएडी एप को चिकित्सक गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिला एमएमजी, संयुक्त अस्पताल के अलावा सीएचसी की इमरजेंसी में भर्ती होने वाले घायलों का विवरण आइ–आरएडी एप पर दर्ज नहीं किया जा रहा है। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में रिपोर्ट देखकर डीएम द्वारा भी स्वास्थ्य विभाग के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। इसको लेकर सीएमओ डा. अखिलेश मोहन ने जिला एमएमजी अस्पताल, संयुक्त अस्पताल, डूंडाहेड़ा और लोनी के संयुक्त अस्पताल के सीएमएस के अलावा लोनी, डासना, मुरादनगर, मोदीनगर, बम्हैटा और भोजपुर के सीएचसी प्रभारी को नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण मांगा है। भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मोबाइल एप्लीकेशन इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटा (आइआरएडी) एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस तैयार करते हुए लागू कर रखा है। इस एप से पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण विभाग व स्वास्थ्य विभाग को जोड़ा गया है। दुर्घटना की स्थिति का मौका मुआयना कर संबंधित विभाग पूरी रिपोर्ट एप पर दर्ज करते हैं।

## गाजियाबाद में एलपीजी नहीं मिलने से इंडस्ट्री पर लगा ब्रेक, 10 दिन से ठप पड़ी कई फैक्ट्रियां




**साहिबाबाद, एजेंसी ।** एलपीजी की किल्लत का असर उद्योगों पर भी दिख रहा है। साहिबाबाद साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र में एलपीजी की कमी के चलते उत्पादन प्रभावित हो रहा है। साहिबाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि यांत्रिकी और इलेक्ट्रोनिक उत्पादों की कई इकाइयों में पिछले 10 दिन से काम बंद है। इसके अलावा कामगार भी फैक्ट्री नहीं आ रहे हैं। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में करीब 2200 छोटे-बड़े उद्योग हैं। इनमें इलेक्ट्रोनिक्स, यांत्रिकी, कैमिकल समेत अन्य इकाइयों में उत्पादन होता है। उद्यमियों का कहना है कि एलपीजी की किल्लत से छोटी इकाइयों में काम प्रभावित हुआ है। खासतौर पर कोटिंग करने वाली इकाइयों में भट्ठी बंद होने से उत्पादन पूरा नहीं हो पा रहा है। उद्योगों में ईंधन के तौर पर पीएनजी, सीपीसीबी अप्रूव्ड लकड़ी, बायोमास प्रोडक्ट, छोटी इंडस्ट्री में कोटिंग के लिए एलपीजी का प्रयोग होता है। इन दिनों एलपीजी की किल्लत से कोटिंग करने वाली इंडस्ट्री सबसे ज्यादा मुश्किल में हैं। उद्यमी राहुल गुप्ता ने बताया कि उनकी फैक्ट्री में पंखे और अन्य इलेक्ट्रोनिक्स उत्पादों की कोटिंग होती है। एलपीजी का प्रयोग इसके लिए किया जाता है लेकिन एलपीजी न मिलने से दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया कि पीएनजी के लिए आवेदन किया है। इसके अलावा फैक्ट्री में काम करने वाले कामगार भी एलपीजी न मिलने पर खाना नहीं बना पा रहे हैं। कई कामगार काम पर नहीं आ रहे हैं।

0000

### 30 वर्षीय महिला की बेरहमी से हत्या; इलाके में दहशत

**चंडीगढ़, एजेंसी ।** मलोया स्थित ग्वाला कॉलोनी (माड़ी के पास) में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की उम्र करीब 30 से 32 वर्ष बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस मृतका की पहचान करने और आरोपियों तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है।



## फरीदाबाद में 1 अप्रैल से प्रॉपर्टी खरीदना होगा महंगा, 19 गांवों में काटे जाएंगे 12 सेक्टर

**फरीदाबाद, एजेंसी।** प्रदेश सरकार एक अप्रैल से कलेक्टर रेट (सर्किल रेट) बढ़ाए जाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए तहसीलों में भी प्रस्ताव तैयार होने लगे हैं। सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार अपनी-अपनी रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। मंगलवार को इस संबंध में बैठक हो सकती है। इसमें तहसीलदारों की रिपोर्ट पर गौर किया जाएगा। इसके बाद देखा जाएगा कि कहां के रेट बढ़ाने हैं और कहां के घटाने हैं। याद रहे जिले में तीन तहसील व पांच उपतहसील हैं। करीब नौ माह पहले ही कलेक्टर रेट बढ़ाए गए थे। हालांकि तब सरकार की तरफ से देरी से रेट बढ़ाए गए थे। इस बार जिन क्षेत्रों में प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त ज्यादा हो रही है, वहां कलेक्टर रेट में अधिक बढ़ोतरी की संभावना है। इस समय ग्रेटर फरीदाबाद में भी प्रापर्टी की खूब खरीद-फरोख्त चल रही है। अनुमान है कि व्यावसायिक इलाकों में पांच से 10 प्रतिशत तक वृद्धि की जा सकती है। कलेक्टर रेट बढ़ने से प्रॉपर्टी खरीदना महंगा हो जाएगा, क्योंकि



स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन शुल्क भी उसी के आधार पर बढ़ते हैं। इससे आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। पिछली बार कलेक्टर रेट बढ़ाने के फैसले पर काफी विरोध हुआ था। क्योंकि एक साथ काफी रेट बढ़ा दिए थे। नायब तहसीलदार अजय ने बताया कि कलेक्टर रेट बढ़ाने जाने को लेकर तैयारी कर रहे हैं। मंगलवार को होने वाली मीटिंग में सही दिशा-निर्देश मिलेंगे, उसके बाद ही तैयारी तेजी की जाएगी। जिले में सेक्टरों का विस्तार होने वाला है। प्रदेश सरकार ने एक बार फिर से जिले के 19 गांव में 4500 एकड़ जमीन खरीदने की तैयारी शुरू कर दी है। इसलिए इन गांव की जमीनों के कलेक्टर रेट बढ़ाए जा सकते हैं। जिले में 12 सेक्टर विकसित होने हैं। इनके लिए 19 गांव की करीब 4500 एकड़ जमीन खरीदी जानी है। मास्टर प्लान 2031 में शामिल इन 12 सेक्टरों में सेक्टर 94ए, 96, 96ए, 97ए, 99, 100, 101, 102, 103, 140, 141 व 142 शामिल हैं। इनमें सेक्टर-100 कामर्शियल सेक्टर होगा। सेक्टर 96ए व 97ए पब्लिक व सेमी पब्लिक यूज के लिए हैं। खेड़ी कलां, नचौली, ताजापुर, बदरपुर सैद, साहूपुरा, सोतई, सुनपेड़, मलेरना, जाजरू, भैंसरावली, फत्तुपुरा, भुआपुर, जसाना, फरीदपुर, सदपुरा व तिगांव की जमीन पर सेक्टर विकसित किए जाएंगे। सेक्टर 140, 141 व 142 पृथला विधानसभा क्षेत्र में पड़ते हैं। इनके लिए सोतई, सुनपेड़, साहुपुरा, मलेरना व जाजरू की जमीन खरीदी जानी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

*कृतज्ञता का भाव विकसित करना, सकारात्मक सोच अपनाना, अपने संबंधों को समय देना, स्वास्थ्य का ध्यान रखना, दूसरों की सहायता करना और जीवन के छोटे-छोटे क्षणों का आनंद लेना-ये सभी सरल उपाय हैं लेकिन इनका प्रभाव अत्यंत गहरा होता है। मुस्कुराना और हंसना न केवल तनाव को कम करता है, बल्कि हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार भी करता है।*

## प्रसन्नता का वैश्विक संकल्प और भारतीय संदर्भ

**(ललित गर्ग)**

भारतीय संस्कृति में खुशी का अर्थ बाहरी संसाधनों से अधिक आंतरिक संतोष से जुड़ा है। यहां 'संतोष परम सुखम्' का सिद्धांत जीवन का आधार रहा है। भारतीय दर्शन यह सिखाता है कि इच्छाओं की असीमित पूर्ति नहीं, बल्कि इच्छाओं का संयम और आत्मनियंत्रण ही स्थायी प्रसन्नता का मार्ग है। मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य क्या है-धन, वैभव, पद या प्रतिष्ठा। इन सबके पार जाकर यदि कोई तत्व जीवन को वास्तविक अर्थ देता है तो वह है खुशी। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2012 में 20 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के रूप में घोषित किया और 2013 से यह दिवस पूरी दुनिया में मनाया जाने लगा। यह केवल एक औपचारिक दिवस नहीं है, बल्कि एक वैश्विक चेतना का विस्तार है, जो इस विश्वास पर आधारित है कि खुशी प्रत्येक मनुष्य का मौलिक अधिकार है और उसके बिना विकास अधूरा है। इस वर्ष की थीम 'एक साथ खुश रहें है', जो हमें यह संदेश देती है कि खुशी का वास्तविक अर्थ केवल व्यक्तिगत संतोष नहीं, बल्कि सामूहिक आनंद और सामाजिक जुड़ाव में निहित है। पिछले वर्षों में 'साथ मिलकर खुश रहना' और 'खुशी बाँटना' शामिल थे, जो लोगों को दयालुता और मित्रता के माध्यम से खुशियां फैलाने के लिए प्रोत्साहित करते थे। 2026 का विषय है 'देखभाल और साझा करना' जो इस बात पर ज़ोर देता है कि स्थायी खुशी एक-दूसरे की देखभाल करने, जुड़ाव महसूस करने और एक समुदाय का हिस्सा होने से मिलती है। विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2024 के अनुसार भारत 143 देशों में 126वें स्थान पर है। यह आंकड़ा पहली दृष्टि में चिंताजनक लगता है, लेकिन इसके पीछे की वास्तविकताओं को समझना भी आवश्यक है। भारत जैसा विशाल, बहुविधताओं से भरा और अनेक चुनौतियों से जूझता देश, जिसकी जनसंख्या विश्व में शीर्ष पर है, उसकी तुलना छोटे और कम जटिल देशों से करना कितना उचित है, यह विचारणीय है। जिन देशों को शीर्ष पर रखा गया है, वहां आबादी कम है, सामाजिक संघर्ष सीमित हैं और प्रशासनिक समस्याएं अपेक्षाकृत सरल हैं। इसके विपरीत भारत में गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, असमानता और क्षेत्रीय विषमताओं जैसी जटिल समस्याएं हैं, जिनसे निपटना एक बड़ा दायित्व है। फिर भी भारत ने पिछले एक दशक में उल्लेखनीय प्रगति की है। लगभग 25 करोड़ लोगों का गरीबी रेखा से बाहर आना, डिजिटल क्रांति के माध्यम से आम नागरिक का सशक्त होना, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका, ये सभी उपलब्धियां इस बात का संकेत हैं कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी भारत की आर्थिक और सामाजिक प्रगति की सराहना कर रही हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या केवल आय, सामाजिक सुरक्षा और जीवन प्रत्याशा जैसे संकेतकों के आधार पर ही खुशी को मापा जाना उचित है? क्या सांस्कृतिक मूल्यों, पारिवारिक संबंधों, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को नजरअंदाज कर देना न्यायसंगत है? भारतीय संस्कृति में खुशी का अर्थ बाहरी संसाधनों से अधिक आंतरिक संतोष से जुड़ा है। यहां 'संतोष परम सुखम्' का सिद्धांत जीवन का आधार रहा है। भारतीय दर्शन यह सिखाता है कि इच्छाओं की असीमित पूर्ति नहीं, बल्कि इच्छाओं का संयम और आत्मनियंत्रण ही स्थायी प्रसन्नता का मार्ग है। आज की उपभोक्तावादी संस्कृति में हमने खुशी को वस्तुओं और सुविधाओं से जोड़ दिया है। नई वस्तु मिलने पर क्षणिक प्रसन्नता अवश्य मिलती है, लेकिन वह जल्दी ही समाप्त हो जाती है और उसके स्थान पर नई इच्छाएं जन्म ले लेती हैं। इस प्रकार व्यक्ति एक अंतहीन दौड़ में उलझ जाता है, जहां संतोष का कोई ठहराव नहीं होता। खुशी का वास्तविक पैमाना यह नहीं है कि हमारे पास कितना है, बल्कि यह है कि हम जो कुछ है, उसमें कितना संतुष्ट और कृतज्ञ हैं। एक प्रसन्न समाज का निर्माण तभी संभव है जब नागरिक स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और आशावान महसूस करें। आर्थिक अवसरों की समानताएं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की सरलताएं सामाजिक संबंधों की मजबूती और नैतिक मूल्यों की प्रतिष्ठा-ये सभी तत्व मिलकर खुशहाली का आधार बनाते हैं। यदि आम नागरिक को अपने प्रयासों का उचित प्रतिफल मिले और उसे जीवन में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो, तो उसकी प्रसन्नता स्वाभाविक रूप से बढ़ेगी। आज के समय में बढ़ती नकारात्मकता, तनाव और अकेलापन खुशी के मार्ग में सबसे बड़ी बाधाएं बनकर उभरे हैं। कई लोग भौतिक रूप से समृद्ध होते हुए भी मानसिक रूप से थके हुए, निराश और ऊर्जा विहीन महसूस करते हैं। वे पर्याप्त विश्राम के बावजूद थकान का अनुभव करते हैं, कार्य के प्रति उत्साह खो देते हैं और जीवन में उद्देश्यहीनता महसूस करते हैं। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी है कि विकास के साथ-साथ मानसिक और भावनात्मक संतुलन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। इस वर्ष की थीम 'एक साथ खुश रहें' हमें यह सिखाती है कि खुशी का सबसे बड़ा स्रोत हमारे संबंध हैं। परिवार के साथ बिताया गया समय, मित्रों के साथ साझा की गई हंसी, समाज के लिए किया गया सेवा कार्य और किसी जरूरतमंद की सहायता-ये सभी अनुभव हमें भीतर से समृद्ध करते हैं। जब हम दूसरों की खुशी का कारण बनते हैं, तो हमारी अपनी खुशी कई गुना बढ़ जाती है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसका अस्तित्व संबंधों के बिना अधूरा है। इसलिए आवश्यक है कि हम अपने संबंधों को मजबूत करें, संवाद बढ़ाएं और सामूहिकता की भावना को पुनर्जीवित करें। खुशहाल राष्ट्र के निर्माण में सरकार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गरीबी, भूख, कुपोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्यमिता जैसी चुनौतियों का समाधान किए बिना व्यापक खुशहाली संभव नहीं है। सरकार को नीतियों और योजनाओं के माध्यम से आम नागरिक के जीवन स्तर को सुधारने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। साथ ही प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना भी आवश्यक है ताकि नागरिकों का विश्वास मजबूत हो सके। जब शासन निस्वार्थ भाव से कार्य करता है तभी समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसके साथ ही समाज और नागरिकों की भी जिम्मेदारी कम नहीं है। यदि हम भ्रष्टाचार, अनैतिकता और अपराध के खिलाफ जागरूकता नहीं फैलाएंगे तो खुशहाली का सपना अधूरा ही रहेगा। बुराइयों से मुक्ति तभी संभव है जब उनके दुष्परिणामों का सही ज्ञान हो और अच्छाइयों को अपनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाए। नैतिकता, ईमानदारी और सेवा भाव को जीवन में स्थान देना ही स्थायी प्रसन्नता का मार्ग प्रशस्त करता है। हर व्यक्ति की खुशी की परिभाषा अलग होती है, लेकिन कुछ सार्वभौमिक सिद्धांत ऐसे हैं जो सभी के जीवन में प्रसन्नता ला सकते हैं।

## संपादकीय

### तेल-गैस ठिकानों पर हमले से हिला ग्लोबल मार्केट; मंडराया मंदी का खतरा

ईरान में सत्ता परिवर्तन और उसके परमाणु कार्यक्रम को खत्म करने के नाम पर जो लड़ाई शुरू हुई थी, वह अब एनर्जी वॉर में बदल चुकी है। दोनों पक्ष एक-दूसरे के ऑयल-गैस इंफ्रास्ट्रक्चर को खत्म करने पर तुले हैं। इस जंग ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट को हिलाकर रख दिया है। गैस और तेल के दाम यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे ऊंचे स्तर पर हैं। इससे दुनिया के मंदी में फंसने का डर सता रहा है।इस्राइल ने पहले साउथ पार्स गैस फील्ड पर हमला किया था। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई में कतर और सऊदी अरब के तेल-गैस ठिकानों पर अटैक किए। साउथ पार्स दुनिया का सबसे बड़ा नैचुरल गैस रिजर्व है, जो कतर तक फैला है। ईरान की घरेलू ऊर्जा जरूरत यहीं से पूरी होती है। इससे पहले अमेरिका ने खर्ग द्वीप पर हमला किया था, जहां से ईरान का 90 प्रतिशत तेल आयात होता है। गैस फील्ड पर हमलों के बाद यूरोप में एक ही दिन में नैचुरल गैस की कीमतों में 30त्न का उछाल आया। वहीं क्रूड ऑयल 114 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। मौजूदा संघर्ष शुरू होने के बाद से इसमें करीब 60 प्रतिशत की तेजी आ चुकी है। भारत की बात करें, तो देश पहले ही एलपीजी को लेकर मुश्किलों का सामना कर रहा है। ऐसे में कतर के रास लफान एलएनजी टर्मिनल पर अटैक से उसकी चिंताएं बढ़ेंगी। भारत अपनी जरूरत की लगभग आधी नैचुरल गैस कतर से ही खरीदता है। यह लड़ाई जिस ढंग से आगे बढ़ रही है, पूरे पश्चिम एशिया के लंबे वक्त तक अस्थिर रहने का खतरा खड़ा हो गया है। इस इलाके के देशों की आय का सबसे बड़ा जरिया पेट्रोलियम है। इनके प्रॉडक्शन और सप्लाई चेन में गड़बड़ी आने पर उसे दोबारा सामान्य करने में समय लगेगा। खाड़ी देश लगभग एक तिहाई तेल और 18त्न नैचुरल गैस की आपूर्ति करते हैं। इसके बिना बाकी दुनिया का भी काम नहीं चल सकता। अमेरिका और इस्राइल चाहते हैं कि ईरान की जनता आगे बढ़कर मौजूदा सत्ता को बेदखल कर दे। लेकिन, जिस तरह से वे ईरान के महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर को तबाह कर रहे हैं, उससे सवाल उठता है कि अगर रेजीम बदलती है, तो भी वह मलबे का ढेर बन चुके देश को कैसे संभालेगी? डॉनल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें पार्स गैस फील्ड पर हमले की जानकारी नहीं थी। ऐसा लगता है कि कुछ बातों को लेकर अमेरिका और इस्राइल में भी मतभेद हैं। एकतरफा और मनमाने हमले बात और बिगाड़ेंगे।

### युद्ध के उन्माद में क्या वैश्विक नियमों का वजूद खत्म हो गया

आज जब पूरे विश्व को प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ना था, तब कई देश युद्ध के उन्माद में इस कदर डूबे हुए हैं कि मानवीयता तार-तार हो रही है। सैन्य संघर्ष लगातार बढ़ते जाने से शांति कायम होने की उम्मीदें धूमिल पड़ रही हैं। हमलों का जख्म इतना गहरा है कि उसकी कीमत प्राय- निर्दोष लोग चुका रहे हैं, जिनका युद्ध से कोई वास्ता नहीं।सबसे दुखद यह कि कई बड़े और यहां तक कि छोटे देश भी युद्ध संबंधी अंतरराष्ट्रीय नियम-कायदों को मानने के लिए तैयार नहीं। पूरी दुनिया ने गाजा से लेकर यूक्रेन और तेहरान तक यह देखा है कि किस तरह उन ठिकानों पर भी हमले किए गए, जो नियम के विरुद्ध था।पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे सैन्य टकराव के बीच सोमवार रात जो दृश्य सामने आया, उससे साबित हो गया कि मानवीय संवेदनाओं के सारे तकाजों को ताक पर रख दिया गया है। यह बेहद दुखद है कि अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में पाकिस्तानी हवाई हमले में एक अस्पताल को निशाना बनाया गया, जिससे चार सौ बेकसूर लोगों की मौत हो गई।भारत ने इस मामले में उचित ही सवाल उठाया है कि रमजान के पवित्र माह में इस हवाई बमबारी को किस तरह से देखा जाए। युद्ध के दौरान गैरजरूरी हिंसा रोकने और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए बनाए गए नियमों में स्पष्ट कहा गया है कि जंग के दौरान आम नागरिकों, स्कूल-अस्पताल और शरण लेने वाली जगहों को निशाना नहीं बनाया जाएगा।कोई देश रिहाइशी इलाकों, अस्पतालों, विद्यालयों और राहत केंद्रों पर हमला करता है, तो यह युद्ध अपराध है। मगर मानवीय तकाजे के बावजूद नियमों को ताक पर रख कर हमले किए जा रहे हैं, तो इसका मकसद क्या है।

## धुरंधर द रिवेंज ने तोड़ी सरहदें, पाकिस्तान में मचाया तूफान

**(नीरज कुमार दुबे)**

भारतीय यूजर्स ने इसे फिल्म निर्माताओं का अपमान बताया, तो पाकिस्तान के लोगों ने उन्हें देश विरोधी कंटेंट देखने के लिए निशाने पर लिया। कई लोगों ने कहा कि यह न सिर्फ गैर जिम्मेदाराना हरकत है बल्कि पेशेवर मर्यादा की भी धज्जियां उड़ाता है। धुरंधर द रिवेंज फिल्म को लेकर भारत में तो जबरदस्त दीवानगी देखने को मिल ही रही है साथ ही यह फिल्म पाकिस्तान में भी सबसे ज्यादा चर्चा और सुर्खियां बटोर रही है। हम आपको बता दें कि भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित फिल्म धुरंधर द रिवेंज ने रिलीज होते ही ऐसा तूफान खड़ा कर दिया है कि सीमाएं भी इसे रोक नहीं पाई। एक तरफ भारत में यह फिल्म रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है, तो दूसरी तरफ पाकिस्तान में इस फिल्म को लेकर विवाद, गुस्सा और पाइरेसी का काला खेल खुलकर सामने आ गया है। सबसे बड़ा विवाद तब भड़का जब पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार खालिद महमूद खालिद ने सोशल मीडिया पर लाहौर में बैठकर फिल्म देखने का वीडियो साझा कर दिया। बात यहीं तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह साफ दिख रहा था कि वह फिल्म का पाइरेटेड संस्करण देख रहे थे। बस फिर क्या था, सोशल मीडिया पर तूफान मच गया और भारतीय व पाकिस्तानी दोनों यूजरों ने उन्हें जमकर घेरा। भारतीय यूजर्स ने इसे फिल्म निर्माताओं का अपमान बताया, तो पाकिस्तान के लोगों ने उन्हें देश विरोधी कंटेंट देखने के लिए निशाने पर लिया। कई लोगों ने कहा कि यह न सिर्फ गैर जिम्मेदाराना हरकत है बल्कि पेशेवर मर्यादा की भी धज्जियां उड़ाता है। दिलचस्प बात यह है कि पाकिस्तान में भारतीय फिल्मों पर आधिकारिक रोक होने के बावजूद वहां के लोग इन्हें देखने के लिए किसी भी हद तक जा रहे हैं। यही कारण है कि धुरंधर द रिवेंज रिलीज के पहले ही दिन पाइरेसी के जरिए वहां पहुंच गई। हम आपको बता दें कि हाल ही में न्यूजीलैंड के यूट्यूबर कार्ल रॉक ने भी इस काले कारोबार का खुलासा किया था। उन्होंने कराची के बाजार में दिखाया था कि कैसे भारतीय फिल्मों की नकली प्रतियां खुलेआम बेची जा रही हैं और वह भी बेहद सस्ते दाम पर। उधर, पाकिस्तान में सामने आये घटनाक्रम के बाद सोशल मीडिया पर मीम्स और तंज की बाढ़ आ गई। किसी ने लिखा कि फिल्म इतनी दमदार है कि दुश्मन देश भी खुद को रोक नहीं पा रहा, तो किसी ने मजाक उड़ाते हुए कहा कि अपने ही पतन को मनोरंजन की तरह देखना शायद यही मानसिकता है। हालांकि हर कोई इस पर हंस नहीं रहा। पाकिस्तान के कई यूजर्स ने पाइरेसी और इस तरह फिल्म देखने की कड़ी निंदा की और इसे शर्मनाक बताया। हम आपको यह भी बता दें कि फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान में थिएटरों पर रिलीज नहीं होने के बावजूद यह वहां सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल माध्यमों पर नंबर एक पर ट्रेंड कर रही है। यह साबित करता है कि कंटेंट की ताकत किसी भी बंदिश से बड़ी होती है। बताया जा रहा है कि धुरंधर द रिवेंज में कंधार अपहरण, मुंबई हमले और लियारी गैंगवार जैसे संवेदनशील मुद्दों को दिखाया गया है। यही वजह है कि पाकिस्तान के राजनीतिक हलकों में भी इस पर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली है। सिंध के एक मंत्री ने इसे नकारात्मक प्रचार बताया और अपने क्षेत्र की छवि खराब करने का आरोप लगाया।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6039

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | | | 9 | 7 | 3 |
| | | | | 4 | | | 8 | |
| | 1 | 3 | 9 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 3 | | 2 | 1 | 4 | | 9 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | | 9 | 1 | 6 | |
| | 5 | | | 7 | | | | |
| 1 | 7 | 9 | | | 2 | 4 | 3 | 5 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6038

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |

## वर्ग पहेली 6039



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. थाईलेंड में रामायण का यह थाई वर्जन है जो इस नाम से जाना जाता है (4)
4. लावा का ठंडा होकर ठोस टुकड़ों में बदलने की क्रिया यह कहलाती है (3)
7. आक्रमण, चढ़ाई, वार करने की क्रिया या भाव (3)
8. स्थिति, दशा, अवस्था (3)
9. जल नित्तल, तलवा, निम्न भाग (2)
10. अज्ञान अधिकार, तमोगुण, भीष्म साहनी का एक चर्चित उपन्यास (3)
12. शास्त्रीय संगीत में पंचव स्वर (1)
13. मवेशी, ढोर, पशु (4)
15. उन्नति या वैभव के दिन, बढती का समय, अभ्युदय काल (2)
17. शरीर के संवेदी अंगों में से एक, नासिका (2)
18. रस्म, प्रथा, रिवाज, निमय (3)
19. इधर-उधर, कोने-कोन में (5)
21. नाना का पिता यह कहलाता है (4)
23. लिपिक, लिखने वाला, लेखक (3)
24. युवावस्था, तारूर्ष्य (3)

**ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर यह शाहर मूलतः, इंदौर का निवासी है (6)
2. कोई गूढ बात, माजरा, मुकदमा (3)
3. दुर्ग, कोटा, फोर्ट (2)
4. राजा या देवता के बैठने का आसन (4)
5. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
6. कुछ लाल या सुर्खी लिए हुए (4)
11. मनोरंजन करना, आमोद-प्रमोद करना (5)
14. मौजूदगी, विद्यमानता (3)
16. रति के पति होने के कारण कामदेव का एक नाम, मदन, मनोज (4)
17. ध्वनि करना, बजाना, घनकना (3)
20. सितार की तरह का एक वाद्य (3)
22. प्रभु, परमेश्वर (2)

### वर्ग पहेली 6038 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | म्मू | क | श्मी | र | | सं | ग |
| यं | | म | | सा | म | वे | द |
| त | स्वी | र | | य | | द | र |
| | ड | | अ | न | म | ना | |
| अ | न | ब | न | | हे | | सु |
| फ | | ल | व | कु | श | | न |
| सो | म | वा | र | | | मा | सा |
| स | | न | त | | पा | ल | न |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। हालांकि सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, लेकिन फिर भी आप अपने कामों को पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ पूरा करने की कोशिश करेंगे। जिसके कारण आप किसी बड़े निवेश के बारे में भी सोच सकते हैं। कोई करीबी परिजन आपके सामने निवेश से जुड़ा कोई नया प्रस्ताव रख सकता है।

### वृष
आज का दिन भाग्य के दृष्टिकोण से आपके लिए अच्छा साबित होगा। जीवनसाथी के साथ चल रही दूरियां कम होंगी और रिश्ते में फिर से मधुरता आएगी। आप दोनों साथ में कहीं घूमने-फिरने का भी कार्यक्रम बना सकते हैं। हालांकि माता-पिता की भावनाओं का सम्मान करना भी जरूरी रहेगा, दूसरों के मामलों में ज्यादा दखल देने से बचें और अपने काम पर ध्यान दें। घर में किसी अतिथि के आगमन से माहौल खुशहाल रहेगा।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रह सकता है। हालांकि आपकी कोई मनोकामना पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा। काम के सिलसिले में आपको कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। संतान की पढ़ाई को लेकर कुछ चिंता हो सकती है, ऐसे में उनके शिक्षकों से सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

### तुला
आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहेगा। हालांकि आय से ज्यादा खर्च होने के कारण मन थोड़ा परेशान रह सकता है। दोस्तों और सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे कई काम आसान हो जाएंगे। अपनी आय बढ़ाने के नए रास्तों पर भी ध्यान देना जरूरी रहेगा। मेहनत से किए गए काम ही आपको सफलता दिलाएंगे।

### वृश्चिक
आज आपको लेन-देन के मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। यदि ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से मतभेद चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है। घर में पूजा-पाठ या किसी धार्मिक आयोजन का माहौल बन सकता है। कुछ कामों को लेकर आप थोड़ा परेशान रह सकते हैं, लेकिन भाइयों का सहयोग आपको राहत देगा। परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

### धनु
आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन संतोषजनक रहेगा। आय में बढ़ोतरी होने से मन खुश रहेगा और आप अपने जरूरी खर्च भी आसानी से कर पाएंगे। परिवार में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सुझाव आपके बॉस को पसंद आ सकते हैं, जिससे आपकी सराहना भी होगी। हालांकि पड़ोस में किसी बात को लेकर विवाद की स्थिति बन सकती है।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपनी आय और खर्च के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा। छोटे बच्चों के लिए आप कोई उपहार या जरूरी सामान खरीद सकते हैं। व्यापार में अच्छे लाभ मिलने के संकेत हैं। यदि आप किसी निवेश के बारे में सोच रहे हैं, तो विशेषज्ञ की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। प्रॉपर्टी से जुड़े नए अवसर आपके सामने आ सकते हैं, जो भविष्य में अच्छा लाभ दे सकते हैं। भाई-बहनों का सहयोग भी आपको पूरा मिलेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी रहेगा और आपको घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन प्रगति देने वाला रहेगा। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसके पूरे होने की संभावना है। आपके नए प्रयास भी अच्छे परिणाम दे सकते हैं। आप अपने अटके हुए धन को वापस पाने की कोशिश करेंगे और इसमें सफलता भी मिल सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखने के लिए बजट बनाकर चलना जरूरी रहेगा।

### मकर
आज का दिन आर्थिक दृष्टि से आपके लिए अच्छा साबित होगा। आप अपने अधूरे कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। नौकरी करने वाले लोगों को किसी बड़े फैसले को लेने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार करना होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और किसी प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले सकते हैं।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहेगा। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को नई पहचान मिल सकती है और सम्मान भी प्राप्त हो सकता है। आपकी प्रतिष्ठा और साख में वृद्धि होगी। संतान आपसे किसी चीज की मांग कर सकती है,परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बैठकर आप कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर सकते हैं और किसी भी समस्या का समाधान मिल-बैठकर निकालने की कोशिश करेंगे।

### मीन
आज आय में बढ़ोतरी होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी मनोरंजन कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं और परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। यदि किसी जरूरतमंद की मदद करने का अवसर मिले, तो पीछे न हटें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में लापरवाही से बचना होगा, वरना आगे चलकर उन्हें अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है। आज आपको किसी पुराने मित्र की याद भी आ सकती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# भारतीय टीम की मेजबानी की तैयारी में जुटा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बड़ा फैसला लेते हुए सितंबर में प्रस्तावित अपनी टीम के आयरलैंड दौरे को टाल दिया है. बीसीबी ने ये फैसला भारत के खिलाफ लंबे समय से लंबित व्हाइट बॉल सीरीज के मद्देनजर लिया है. यह सीरीज टीम के लिए 2027 वनडे वर्ल्ड कप से पहले बेहद अहम मानी जा रही है. हालांकि भारत का यह दौरा अभी अंतिम रूप से तय नहीं है. इसे भारत सरकार की मंजूरी मिलना बाकी है और हालिया कूटनीतिक परिस्थितियों के चलते इस पर अंतिम निर्णय लिया जाना है. अगर सरकार से मंजूरी मिली, तो भारतीय टीम 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी. इस दौरे में तीन वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाने हैं. वनडे मुकाबले 1, 3 और 6 सितंबर को आयोजित होंगे. जबकि टी20 सीरीज के मुकाबले 9, 12 और 13 सितंबर को होने हैं. यह व्हाइट बॉल सीरीज मूल रूप से 2025 में होनी थी।

# पाकिस्तानी शो विवाद पर सुनील गावस्कर ने तोड़ी चुप्पी, आलोचना पर दिया बड़ा बयान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान पाकिस्तानी क्रिकेट शो में जाने को लेकर हो रही आलोचना पर खुलकर जवाब दिया है। उन्होंने साफ कहा कि वह उस शो में गए थे, लेकिन इसके लिए उन्होंने कोई पैसा नहीं लिया था। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया।

**चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान पाकिस्तानी शो में आए थे नजर–** चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान दुबई में पाकिस्तान के शो में पैनलिस्ट के रूप में शामिल हुए थे। इस शो के प्रसारण के बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने उनकी आलोचना की और उनके रुख पर सवाल उठाए। खासकर तब जब उन्होंने भारतीय मालिकों वाली टीमों द्वारा पाकिस्तानी खिलाड़ियों को साइन करने पर आपत्ति जताई थी।

**'मैंने शो के लिए कोई पैसे नहीं लिए'–** आलोचना के बाद गावस्कर ने सफाई देते हुए कहा, 'मैं दुबई में जो शो करने गया था, उसके लिए मैंने न तो कोई फीस मांगी और न ही मुझे कोई भुगतान किया गया।' उन्होंने यह भी कहा कि वह टूर्नामेंट्स में कमेंट्री करते हैं, और इन टूर्नामेंट्स की कमाई सभी सदस्य देशों में बांटी जाती है। इसलिए यह कहना गलत है कि वह किसी एक देश से पैसा ले रहे थे।

**भारतीय मालिकों और पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर दिया बड़ा बयान–** गावस्कर ने कहा कि अगर किसी विदेशी लीग की टीम भारतीय कंपनी या भारतीय मालिक की है, तो उसे पाकिस्तानी खिलाड़ियों को साइन करने से बचना चाहिए।

# ऑस्ट्रेलिया ऐतिहासिक 4 टेस्ट सीरीज के लिए करेगा न्यूजीलैंड की मेजबानी

**मेलबर्न (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार चार-मैच की टेस्ट सीरीज और बांग्लादेश के ख़िलाफ दो-टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया की बिजी इंटरनेशनल गर्मियों की खास बातें हैं, जिसमें 14 जगहों पर पुरुषों और महिलाओं के क्रिकेट के 27 इंटरनेशनल मैच शामिल हैं। सीजन की



शुरुआत उत्तर में बांग्लादेश के अगस्त में डार्विन और मैके में दो टेस्ट मैचों के दौरे से होगी, जिसके बाद महिलाओं की टीम के लिए तीन वनडे और तीन टी20 मैचों का एक व्हाइट-बॉल लेग होगा, जो सभी ब्रिस्बेन और सिडनी में होस्ट किए जाएंगे। नवंबर में इंग्लैंड का व्हाइट-बॉल टूर होगा, जिसमें तीन मेन्स वनडे और पांच मैचों की टी20 सीरीज़ शामिल है। वनडे पर्थ, एडिलेड और होबार्ट में खेले जाएंगे, जबकि टी20 मेलबर्न, गोल्ड कोस्ट, ब्रिस्बेन, सिडनी और कैनबरा में होंगे। गर्मियों का सबसे खास समय न्यूज़ीलैंड के खिलाफ ऐतिहासिक चार-टेस्ट सीरीज के आसपास रहेगा, जो दिसंबर की शुरुआत से जनवरी की शुरुआत तक चलेगी। चार टेस्ट पर्थ, एडिलेड, मेलबर्न और सिडनी में खेले जाएंगे।

इसके बाद महिला टीम फरवरी और मार्च में तीन टी20 और तीन वनडे के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी, जिसके बाद गर्मियों का अंत 11 से 15 मार्च तक एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की मेन्स टीमों के बीच एक बार के 150वीं एनिवर्सरी टेस्ट के साथ होगा।



# साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 19 रन से हराया

## चौथे टी-20 में एस्टरहुइजन की फिफ्टी, कूट्जी ने 3 विकेट लिए, सीरीज 2-2 से बराबर

**वेलिंग्टन (एजेंसी)।** वेलिंगटन में खेले गए चौथे टी-20 में साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 19 रन से हराकर सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। पांचवां मैच हेग्ले ओवल में 25 मार्च को खेला जाएगा। रविवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 164/5 का स्कोर बनाया। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 18.5 ओवर में 145 रन पर ऑलआउट हो गई।

- **एस्टरहुइजन के 57 रन –** साउथ अफ्रीका के लिए कॉनर एस्टरहुइजन ने 36 गेंद में 57 रन की पारी खेली। उनके अलावा रुबिन हरमन ने नाबाद 28 रन जोड़े। अंत में जॉर्ज लिंडे ने तेज 14 रन बनाकर टीम को 160 के पार पहुंचाया। न्यूजीलैंड की ओर से काइल जैमीसन ने शुरुआत में विकेट मेडेन डालकर दबाव बनाया। बाद में बेन सीयर्स ने भी कसी हुई गेंदबाजी की और आखिरी ओवर में सिर्फ 2 रन दिए।

### न्यूजीलैंड की तेज शुरुआत

लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड को टिम रॉबिन्सन और डेब्यू कर रहे कैटेन क्लार्क ने तेज शुरुआत दिलाई। पावरप्ले में टीम ने 63/2 का स्कोर बना लिया था। रॉबिन्सन ने 32 रन बनाए, जबकि डेन क्लेवर ने भी कुछ अच्छे शॉट लगाए।

- **साउथ अफ्रीका ने लगातार 3 विकेट लिए –** मध्य ओवर में साउथ अफ्रीका ने मैच पर पकड़ बना ली। टीम ने लगातार विकेट लेकर न्यूजीलैंड को 96/5 पर रोक दिया। प्रेनेलन सुब्रायन ने क्लेवर और बेवन जैकब्स को आउट किया, जबकि ओटनील बार्टमैन और केशव महाराज ने भी अहम विकेट लिए। आखिरी ओवरों में न्यूजीलैंड की कोशिशें जारी रहीं, लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी। जेराल्ड कूट्जी ने 3 विकेट लेकर जीत पक्की की और 19वें ओवर में आखिरी विकेट लेकर मैच खत्म किया।

# युवा क्रिकेटर ने रचा इतिहास, 15 साल की फैनी उटागुशिमानिंदे ने डेब्यू टी-20 मैच पर जड़ा शतक

**नाईजीरिया (एजेंसी)।** क्रिकेट इतिहास में ऐसे पल कम ही आते हैं, जब कोई युवा खिलाड़ी अपनी पहली ही अंतरराष्ट्रीय पारी में ऐसा कमाल कर दे कि पूरी दुनिया उसका नाम याद रखे। रवांडा की 15 वर्षीय बल्लेबाज़ फैनी उटागुशिमानिंदे ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। नाइजीरिया में खेले गए महिला टी-20 टूर्नामेंट में उन्होंने अपने डेब्यू मैच में शतक जड़कर न सिर्फ रिकॉर्ड बुक में जगह बनाई, बल्कि यह साबित कर दिया कि उम्र सिर्फ एक संख्या है। उनकी यह पारी अब उभरते क्रिकेटरों के लिए नई प्रेरणा बन चुकी है।

**डेब्यू मैच में ऐतिहासिक शतक –** फैनी उटागुशिमानिंदे ने नाइजीरिया इनविटेशनल विमेंस टी-20 में घाना के खिलाफ खेलते हुए 65 गेंदों पर नाबाद 111 रन बनाए। इस शानदार पारी में उन्होंने 17 चौके लगाए और पूरे मैच में विपक्षी गेंदबाज़ों पर दबदबा बनाए रखा। खास बात यह रही कि उन्होंने सिर्फ 15 साल और 223 दिन की उम्र में यह कारनामा किया, जो उन्हें टी20 इंटरनेशनल में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाली खिलाड़ी बनाता है।

### रिकॉर्ड्स की झड़ी

- महिला टी-20 डेब्यू में शतक लगाने वाली पहली खिलाड़ी
- टी-20 में सबसे कम उम्र में शतक
- डेब्यू मैच में सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक

इससे पहले यह रिकॉर्ड करेन रोल्टन के नाम था, जिन्होंने 2005 में 96* रन बनाए थे। वहीं सबसे कम उम्र में शतक का रिकॉर्ड प्रोस्कोविया अलोका के पास था, जिसे अब फैनी ने पीछे छोड़ दिया।

## पूर्व ओपनिंग पार्टनर पर वीरेंद्र सहवाग का बड़ा बयान

# मुझे स्ट्राइक दो, मुझसे मुकाबला मत करो



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज सहवाग का एक पुराना बयान इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस बयान में उन्होंने अपने पूर्व ओपनिंग पार्टनर मनन वोहराको लेकर जो बात कही, उस पर फैंस की मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कुछ लोग सहवाग का समर्थन कर रहे हैं, तो कुछ ने उनके बयान को 'सेल्फिश' बताया है।

**सहवाग ने मनन वोहरा को क्या कहा था–** एक इंटरव्यू के दौरान सहवाग ने बताया कि जब वह पंजाब के लिए खेलते थे, तब वह मनन वोहरा के साथ ओपनिंग करते थे। उस समय उन्होंने मनन वोहरा से कहा था कि वह उनसे मुकाबला करने की कोशिश न करें, बल्कि स्ट्राइक रोटेट करें। सहवाग ने कहा, 'जब मैं मनन वोहरा के साथ ओपनिंग करता था, तो वह मेरे साथ मुकाबला करने की कोशिश करते थे। मैं उन्हें समझाता था कि आपका काम मुझसे कंपटीशन करना नहीं है, आपका काम मुझे स्ट्राइक देना है ताकि मैं पावरप्ले का फायदा उठा सकूं।'

**'दिमाग का इस्तेमाल करो' – सहवाग–** सहवाग ने आगे कहा कि उन्होंने मनन वोहरा से कहा था कि अगर उनका स्ट्राइक रेट ज्यादा है, तो उन्हें ज्यादा गेंदें खेलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रिकेट में टीम के हित को ध्यान में रखकर खेलना चाहिए। सहवाग के अनुसार, 'आंकड़े खराब हो सकते हैं, लेकिन दिमाग खराब नहीं होना चाहिए। अगर किसी खिलाड़ी का स्ट्राइक रेट 200 है, तो दूसरे बल्लेबाज को स्ट्राइक उसे देनी चाहिए, ताकि टीम ज्यादा रन बना सके।'

- **सोशल मीडिया पर फैंस की मिली-जुली प्रतिक्रिया–** सहवाग का यह बयान सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई। कुछ फैंस ने कहा कि सहवाग का बयान टीम के हित में था, क्योंकि वह पावरप्ले में तेजी से रन बना सकते थे। वहीं कुछ लोगों ने उनकी तुलना सचिन और राहुल जैसे दिग्गज खिलाड़ियों से करते हुए कहा कि बड़े खिलाड़ी हमेशा अपने साथी खिलाड़ियों को सपोर्ट करते हैं, न कि इस तरह की बात करते हैं।

# 'अपना गेम अपग्रेड करो और कमजोरी पर काम करो'

## वैभव सूर्यवंशी को इरफान पठान ने दी सलाह, कहा- रन बनाना होगी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2026 में सबकी निगाहें इस बात पर टिकी रहने वाली है कि इस सीजन में खेलने वाला सबसे कम उम्र का बैटर क्या कमाल करता है। पिछले सीजन में वैभव को राजस्थान रॉयल्स के लिए ओपन करने का मौका मिला और उन्होंने क्या कुछ किया ये सबने देखा था। क्या वैभव उसी अंदाज में इस सीजन में बल्लेबाजी करेंगे या फिर उन्हें इस बात दिक्कतों का सामना करना होगा। वैभव को आईपीएल 2026 में किस तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है इसके बारे में टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने बताया। इरफान ने वैभव को आगाह किया कि अब सबकी नजर उन पर रहने वाली है और अब वो किसी के लिए अनजान नहीं हैं। ऐसे में गेंदबाज उनके खिलाफ पूरी तैयारी के साथ और ठोस रणनीति बनाकर मैदान पर उतरेंगे।

## वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप

# अमेरिका के जॉर्डन एंथनी का गोल्ड

- **60 मीटर की दौड़ 6.41 सेकंड में पूरा किया; नौ महीने पहले फुटबॉल छोड़ा**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रैक एंड फील्ड की दुनिया में एक नई स्प्रिंट सनसनी उभरकर सामने आई है। अमेरिका के 21 वर्षीय जॉर्डन एंथनी ने वर्ल्ड इंडोर चैम्पियनशिप की 60 मीटर दौड़ में गोल्ड जीतकर न सिर्फ इतिहास रचा, बल्कि अपनी संघर्ष भरी कहानी से सभी को प्रेरित भी किया।

एंथनी ने 6.41 सेकंड का समय निकाला, जो इतिहास का चौथा सबसे तेज समय है। रेस से सिर्फ 36 घंटे पहले उन्हें गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा था। पोलैंड पहुंचने के बाद डोप टेस्ट के दौरान एक अधिकारी ने जब खून लिया तो सुई नस में नहीं लगी, बल्कि बाहर लग गई, जिससे उनके हाथ में ब्लड क्लॉट हो गया।

### नौ महीने पहले फुटबॉल छोड़कर चुना एथलेटिक्स

जॉर्डन एंथनी की कहानी और भी खास इसलिए है क्योंकि उन्होंने महज नौ महीने पहले ही पेशेवर एथलेटिक्स में कदम रखा है। इससे पहले वे कॉलेज फुटबॉल में अर्कांसस रेजरबैक्स टीम से खेलते थे। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने एनएफएल का सपना क्यों छोड़ा, तो उन्होंने साफ कहा, 'क्योंकि यहां कोई मुझे टक्कर मारने के लिए मेरी तरफ नहीं दौड़ रहा है।'

# दिल्ली कैपिटल्स के पास बहुत मजबूत टीम है, उम्मीद है कि यह साल उनका होगा : पूर्व क्रिकेटर इरफान

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स इस सीजन के शुरू होने पर आईपीएल टाइटल के लिए अपने 18 साल के इंतजार को खत्म करना चाहेंगे। जियोस्टार के 'आईपीएलटुडे लाइव' पर बात करते हुए जियोस्टार एक्सपर्ट इरफान पठान और आकाश चोपड़ा ने अपने विचार शेयर किए कि पहले डीसी और पंजाब टीम को किन चीजों से दिक्कत हुई और 2026 में कौन सी टीम कागज पर ज्यादा मजबूत दिखती है जो आखिरकार इस बुरी किस्मत को तोड़ देगी।

आकाश चोपड़ा ने उन चुनौतियों के बारे में बताया जिनसे डीसी और पंजाब किंग्स जैसी टीमों को पहले भी परेशानी हुई है। उन्होंने कहा, जिसने भी कई ट्रॉफ़ी जीती हैं, यहाँ तक कि गुजरात टाइटन्स भी, जो दो बार फाइनल में पहुंची और अपने पहले दो सालों में ट्रॉफी जीती, आप पाएंगे कि कंसिस्टेंसी और स्टेबिलिटी ने उन्हें सफल होने में मदद की। जहां कोई सफलता नहीं मिलती, वहां टीमें उसे पाने के लिए काट-छांट और बदलाव करती रहती हैं, यह सोचकर कि एक बार सफल हो जाने पर, वे स्टेबल हो जाएंगी। फिर यह मुर्गी और अंडे वाली स्थिति बन जाती है।

पंजाब और दिल्ली दोनों के साथ यही समस्या रही है। एक टीम के 15 कप्तान रहे हैं, दूसरी के 17। इसलिए, अगर आप अपना वर्तमान बदलना चाहते हैं, तो स्टेबिलिटी से कोई समझौता नहीं हो सकता। हमने अक्सर



देखा है कि बेहतर टीमें पहले या दूसरे मैच में ही अपने सबसे अच्छे कॉम्बिनेशन पर पहुंच जाती हैं, जबकि जो टीमें 25 में से लगभग 22 खिलाड़ियों का इस्तेमाल करके काट-छांट और बदलाव करती रहती हैं, वे टॉप के बजाय सबसे नीचे खत्म करती हैं।

ऑक्शन में डीसी के बेहतर प्रदर्शन पर चोपड़ा ने कहा, %आईपीएल को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि आपको रीबूट करने का मौका मिलता है। हर तीन साल बाद, एक बड़ा ऑक्शन होता है। दिल्ली को शाबाशी, क्योंकि 2019 से, वे लगातार वहीं या उसके आस-पास रहे हैं, और 2020 में फाइनल में पहुंचे। महिला टीम सभी चार आईपीएल सीजन में फाइनल तक पहुंची है। उन्होंने अपने ऑक्शन सही किए हैं और इस साल, मुझे लगता है कि उनके पास एक बहुत मज़बूत यूनिट है। इसलिए, उम्मीद है कि यह उनका साल हो सकता है।

पंजाब और दिल्ली के बीच कागज़ पर बेहतर दिखने वाली टीम पर उन्होंने कहा, कागज पर, मुझे लगता है कि दिल्ली एक ज़्यादा पूरी यूनिट है, जिसमें दो स्पिनरों को छोड़कर लगभग हर स्लॉट के लिए काफी बैकअप हैं, लेकिन आपको पूरे देश में भी अक्षर पटेल और कुलदीप के लिए बैकअप नहीं मिलेंगे।

इरफान पठान ने 2010 की शुरुआत में डीसी के सामने टैलेंट पहचानने की चुनौती के बारे में बताया, मैं तीन-तीन साल पंजाब और दिल्ली के साथ था। जब मैं दिल्ली में था, तो एरिक सिमंस, जो अब सीएसके के बॉलिंग कोच हैं, कोच थे, और स्टेबिलिटी लाने की कोशिश की गई थी। लेकिन जब आप एबी डिविलियर्स जैसे खिलाड़ियों को छोड़ देते हैं और आपके पास आंद्रे रसेल होते हैं, तो शुरू से शुरू करना आसान नहीं होता। मैं रसेल के साथ एक ही ड्रेसिंग रूम में खेला था और उसे और मौके देने के बारे में बहुत चर्चा हुई थी, लेकिन वे लगातार ढ्ढ में उसके लिए जगह नहीं बना पाए। इसलिए, टैलेंट की पहचान बहुत ज़रूरी है, और मुझे लगता है कि दिल्ली उस मामले में पीछे रह जाती थी।

## न्यूज बाइट्स

### जिलेभर में चला सघन वाहन जांच अभियान

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा मद्यनिषेध कानून को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई से पूरे जिले में हड़कंप मच गया और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई। अभियान के दौरान प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष जांच दल तैनात किए गए। वाहनों की गहन तलाशी ली गई, वहीं संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान "लक्ष्य – सुरक्षित औरंगाबाद" के तहत चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह से रोक लगाना है।

### लीटर देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले में मद्यनिषेध कानून को सख्ती से लागू करने के क्रम में औरंगाबाद पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। बड़ेम थाना क्षेत्र में की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 10 लीटर देसी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बड़ेम थाना की पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध रूप से शराब का कारोबार किया जा रहा है।

# देव में चैती छठ मेला व बिहार दिवस का भव्य उद्घाटन, आस्था और गौरव का संगम





- देव में दोनों आयोजनों का एक साथ होना जिले के लिए गौरव : डीएम

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**

देव स्थित सूर्य नगरी में चैती छठ मेला 2026 एवं बिहार दिवस 2026 का विधिवत उद्घाटन रविवार को सांसद अभय कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार गीत के सामूहिक गायन से हुई, जिसके बाद जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, कुटुम्बा विधायक ललन राम, जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सांसद को पौधा एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया, वहीं अन्य अतिथियों का भी पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने स्वागत भाषण में कहा कि छठ महापर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन और सामाजिक एकता का प्रतीक है, जो समाज को जोड़ने का कार्य करता है।

अपने संबोधन में जिला पदाधिकारी ने चैती छठ और बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देव में दोनों आयोजनों का एक साथ होना जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने देव सूर्य मंदिर की ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मंदिर छठी से आठवीं शताब्दी के बीच निर्मित माना जाता है, जबकि पौराणिक मान्यताओं में इसका संबंध त्रेता युग से जोड़ा जाता है। मंदिर की विशिष्ट स्थापत्य कला और परिसर में मौजूद शिलालेख इसकी प्राचीनता के साक्ष्य हैं। उन्होंने बताया कि चार दिवसीय छठ महापर्व के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। मंदिर और कुंड तक जाने वाले मार्गों की मरम्मत, सिगनेज की व्यवस्था, पेयजल, टेंट-पंडाल, प्रकाश, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए भी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिला पदाधिकारी ने बिहार दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन बिहार के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति और ज्ञान परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने वैशाली के प्रथम गणतंत्र, नालंदा और विक्रमशिला विश्वविद्यालयों तथा सम्राट अशोक और महात्मा बुद्ध की विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार आज विकास के नए दौर में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी से आत्मनिर्भर, शिक्षित और समृद्ध बिहार के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारी, मंदिर न्यास समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक गौरव से सराबोर नजर आया।

## देव चैती छठ मेला की तैयारियों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**

देव चैती छठ मेला-2026 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में रविवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल ने संयुक्त रूप से मेला क्षेत्र एवं विभिन्न आवासन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों और विधि-व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले जिला पदाधिकारी ने कुंड परिसर में स्थापित स्वास्थ्य शिविर कैंप का जायजा लिया और सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं को बेहतर एवं त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। इसके बाद अधिकारियों ने विभिन्न आवासन स्थलों का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने स्वयं व्रतियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन इस महापर्व के सुचारू, सुरक्षित और श्रद्धापूर्ण आयोजन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी आवासन स्थलों पर पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता और चिकित्सा सुविधाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी स्थलों पर स्वच्छता व्यवस्था लगातार बनी रहे और 24 घंटे सफाई कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। साथ ही व्रतियों की सुविधा के लिए प्रत्येक आवासन स्थल पर सुरक्षित और सुव्यवस्थित चेंजिंग रूम की व्यवस्था करने को कहा गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी स्थानों पर चिकित्सा टीम की सतत उपस्थिति बनी रहे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत इलाज उपलब्ध कराया जा सके। वहीं विधि-व्यवस्था को लेकर दंडाधिकारी स्तर पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया गया, ताकि छठ पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके।

## नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ चैती छठ महापर्व



- व्रतियों ने कद्दू-भात ग्रहण कर चार दिवसीय व्रत का लिया संकल्प
- जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा और सुविधाओं के व्यापक इंतजाम
- सूर्यकुंड व मंदिर परिसर में पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती

**निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**

उत्तर भारत के अत्यंत पवित्र और लोक आस्था से जुड़े चार दिवसीय चैती छठ महापर्व की शुरुआत रविवार को 'नहाय-खाय' के साथ हो गई। पर्व के प्रथम दिन श्रद्धालुओं और छठ व्रतियों ने अपने अंतःकरण की शुद्धि के लिए नदियों, सरोवरों और पवित्र कुंडों में स्नान कर भगवान सूर्य को नमन किया। इसी कड़ी में औरंगाबाद जिले के विश्व प्रसिद्ध सौर तीर्थस्थल देव में आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने पौराणिक सूर्यकुंड में डुबकी लगाकर नहाय-खाय की परंपरा का निर्वहन किया। मान्यता के अनुसार, यह सूर्यकुंड कुष्ठ निवारक है और यहां स्नान करने से न केवल रोगों से मुक्ति मिलती है, बल्कि मनोकामनाएं भी पूर्ण होती हैं। चैती छठ महापर्व के आरंभ के साथ ही देव की सूर्यनगरी पूरी तरह भक्तिमय हो गई है। देश के विभिन्न हिस्सों से लाखों श्रद्धालु और व्रती यहां पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान के बाद भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की और शुद्ध शाकाहारी भोजन 'कद्दू-भात' ग्रहण कर चार दिवसीय कठिन व्रत का संकल्प लिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए औरंगाबाद जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मेला क्षेत्र और त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। सूर्यकुंड के चारों ओर बैरिकेडिंग की गई है तथा घाटों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देव स्थित सूर्यकुंड में स्नान और सूर्य मंदिर में दर्शन का विशेष महत्व है। छठ महापर्व के दौरान यहां का दृश्य अत्यंत भव्य और श्रद्धामय हो जाता है, जब लाखों लोग एक साथ भगवान सूर्य की आराधना करते हैं। चार दिवसीय इस महापर्व के दूसरे दिन सोमवार को 'खरना' के साथ 36 घंटे का निर्जल उपवास शुरू होगा। इसके बाद मंगलवार को अस्ताचलगामी सूर्य और बुधवार को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। पारण के साथ यह महान लोक आस्था का पर्व पूर्णता को प्राप्त होगा।

# दो दिवसीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी आरंभ, आधुनिक खेती की तकनीकों से रूबरू हुए किसान

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




बिहार दिवस के अवसर पर कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) एवं यंत्रीकरण सेल, कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को दो दिवसीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरीय वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आयोजित मेला में आत्मा, कृषि विज्ञान केंद्र, मिट्टी जांच, पौधा संरक्षण, माप-तौल, भूमि संरक्षण, उद्यान, प्राकृतिक कृषि, कृषि यंत्र विक्रेता सहित विभिन्न उपादान विक्रेताओं द्वारा कुल 15 स्टॉल लगाए गए, जहां किसानों को नई तकनीकों और योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। किसान मेला के प्रथम दिन जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 400 किसानों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों को विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अनुदानित दर पर बीज वितरण, मुख्यमंत्री तीव्र बीज विस्तार योजना, जलवायु अनुकूल कृषि, प्राकृतिक खेती, जैविक प्रोत्साहन योजना के तहत वर्मी पीट एवं बायोगैस यूनिट, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना तथा फार्मर रजिस्ट्री से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेले में लगभग 50 प्रकार के कृषि यंत्रों का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। साथ ही 91 विभिन्न यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान की जानकारी भी किसानों को दी गई। अधिकारियों ने बताया कि यंत्रीकरण योजना के तहत अनुदान राशि सीधे किसानों के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाएगी। इस दौरान फसल अवशेष प्रबंधन पर भी विशेष जोर दिया गया। किसानों को अवशेष न जलाने की सलाह देते हुए स्ट्रॉ रीपर, स्ट्रॉ बेलर, सुपर सीडर एवं रीपर जैसे आधुनिक यंत्रों के उपयोग के बारे में बताया गया। साथ ही कृषि यंत्रों के लिए आवेदन प्रक्रिया एवं अनुदान प्राप्ति की जानकारी भी साझा की गई। सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण ने ड्रोन के माध्यम से कीटनाशी एवं उर्वरक के छिड़काव की आधुनिक तकनीक की जानकारी दी, जबकि सहायक निदेशक, उद्यान ने ड्रिप सिंचाई के साथ-साथ स्ट्रॉबेरी, अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, प्याज, धनिया एवं हल्दी की उन्नत खेती तकनीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# औरंगाबाद में एलपीजी आपूर्ति सामान्य प्रशासन की सख्त निगरानी जारी

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था फिलहाल सामान्य बनी हुई है। 22 मार्च 2026 को जिला स्तर पर की गई समीक्षा में यह स्पष्ट हुआ कि विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है और लंबित बुकिंग का भी लगातार निष्पादन किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के जरिए प्रतिदिन औसतन 8689 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6843 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था नियंत्रित बनी हुई है।

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया है कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, लंबित बुकिंग को शीघ्र पूरा करें और वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि किसी भी परिस्थिति में कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। प्रखंड स्तर पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है और संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था पर नजर रखने तथा किसी भी समस्या की सूचना तुरंत जिला प्रशासन को देने के निर्देश दिए गए हैं। आम नागरिकों की शिकायतों के निवारण के लिए जिला नियंत्रण कक्ष सक्रिय है, जहां प्राप्त 15 शिकायतों में से 13 का निष्पादन कर दिया गया है, जबकि शेष 2 शिकायतों पर कार्रवाई जारी है। जिले की 37 गैस एजेंसियों में से 6 संवेदनशील एजेंसियों को चिन्हित कर वहां पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। प्रशासन द्वारा कालाबाजारी और जमाखोरी की रोकथाम के लिए लगातार औचक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं और अब तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

गौरतलब है कि देश के कई हिस्सों में हाल के दिनों में एलपीजी आपूर्ति को लेकर चिंता और शिकायतें सामने आई हैं, जहां कहीं-कहीं कमी या देरी की स्थिति भी देखी गई है , लेकिन औरंगाबाद जिले में फिलहाल आपूर्ति व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ काम कर रहा है। जिला प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी या जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें और अफवाहों से बचते हुए व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## बिहार दिवस पर योग शिविर का आयोजन, लोगों ने लिया निरंतर योग करने का संकल्प

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



बिहार दिवस के अवसर पर शांतिपुरी, सत्येंद्र नगर में योग प्रशिक्षकों के नेतृत्व में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों ने प्राणायाम एवं योगाभ्यास जैसे अनुलोम-विलोम, कपालभाति और सूर्य नमस्कार सहित अन्य योग क्रियाएं कीं। प्रशिक्षकों ने नियमित योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है।

यह आयोजन स्वामी रामदेव बाबा द्वारा चलाए जा रहे योग जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर किया गया, जिसे जिले के विभिन्न वार्डों में भी सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। आयोजकों ने जानकारी दी कि आगामी 5 अप्रैल को पंचदेव धाम में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक अजीत मिश्रा, संतोष मिश्रा, पंकज सिंह, सुधीर सिंह, उपेंद्र सिंह, संजय सिंह, पंकज पप्पू, रतन सिंह सहित अन्य लोगों ने निरंतर योग करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

## दाउदनगर में गैस संकट को लेकर राजद का प्रदर्शन, पुतला दहन कर जताया विरोध

**निज संवादाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)**



अनुमंडल मुख्यालय दाउदनगर में रसोई गैस की किल्लत और बढ़ती कालाबाजारी के विरोध में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शन की शुरुआत अनुमंडल कार्यालय मोड़ से हुई, जहां से राजद कार्यकर्ता हाथों में गैस सिलेंडर और पुतला लेकर जुलूस की शक्ल में भखरुआं मोड़ तक पहुंचे। पूरे रास्ते कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारे लगाए और गैस संकट को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। भखरुआं मोड़ पहुंचकर नेताओं ने पुतला दहन किया और सरकार के खिलाफ तीखा हमला बोला। इस मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह, पूर्व मुखिया कुणाल प्रताप, सुमित यादव और पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जीतेंद्र सिंह सहित कई नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों और विदेश नीति की विफलता के कारण देश में गैस संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रसोई गैस की भारी कमी के बीच कालाबाजारी तेजी से बढ़ रही है, जिससे आम जनता को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नेताओं ने कहा कि हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों के पास अनाज होने के बावजूद गैस नहीं मिलने से भोजन बनाना मुश्किल हो गया है। इसका सबसे अधिक असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने इसे अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति बताते हुए सरकार पर जनता की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया।

# विश्व कविता दिवस पर औरंगाबाद में सजी साहित्यिक संध्या, विचार गोष्ठी में कविता की भूमिका पर मंथन

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



विश्व कविता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के सत्येंद्र नगर स्थित अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह के आवास 'कला कुंज' में साहित्यिक संध्या एवं विचार गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध साहित्यकारों, शिक्षकों और कवियों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयं डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने की, जबकि संचालन कवि नागेंद्र प्रसाद केसरी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, पर्यावरणविद् डॉ. रामाधार सिंह, महामंत्री धनंजय जयपुरी, उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी, हास्य-व्यंग्य कवि विनय 'मामूली बुद्धि', वरीय अधिवक्ता योगेश मिश्रा, कवि लवकुश प्रसाद सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राम सुरेश सिंह, वरिष्ठ कवि अनिल मिश्र 'अनल' तथा शिक्षक विद्या भूषण भारद्वाज सहित अन्य विद्वानों ने भाग लिया। साहित्यिक संध्या की शुरुआत धनंजय जयपुरी की सरस्वती वंदना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक भाव से भर दिया। इसके बाद काव्य पाठ का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें अनिल मिश्र 'अनल' की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। लवकुश प्रसाद सिंह ने सनातन संस्कृति पर केंद्रित अपनी रचनाओं के माध्यम से सांस्कृतिक चेतना को स्वर दिया, वहीं डॉ. रामाधार सिंह की 'मां' पर आधारित कविता ने उपस्थित लोगों की संवेदनाओं को गहराई से छुआ। हास्य-व्यंग्य कवि विनय 'मामूली बुद्धि' ने अपने व्यंग्यात्मक अंदाज से माहौल को हल्का और आनंदमय बना दिया, जिस पर श्रोताओं ने खुलकर ठहाके लगाए। विचार गोष्ठी के दौरान "वर्तमान समय में कविता अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम" विषय पर गंभीर विमर्श हुआ। उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि आज की कविता अपने मूल उद्देश्यों से कहीं भटकती नजर आती है, ऐसे में आवश्यक है कि उसे पुनः समाज के सरोकारों से जोड़ा जाए। डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने अपने वक्तव्य में कविता को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि यह समय और परिस्थितियों का सजीव प्रतिबिंब प्रस्तुत करती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 1999 में यूनेस्को द्वारा विश्व कविता दिवस की शुरुआत की गई थी, जिसका उद्देश्य कविता के माध्यम से सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देना है।

अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि कविता केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को जोड़ने का सशक्त सेतु है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी मातृभाषा और संस्कृति से जुड़ें तथा रचनात्मक लेखन के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करें। कार्यक्रम का समापन साहित्यिक संवाद और काव्य रस के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों ने कविता की प्रासंगिकता और उसकी सामाजिक भूमिका पर गंभीरता से विचार साझा किए।

## रंगदारी कांड में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बारुण (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत औरंगाबाद पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। बारुण थाना क्षेत्र में रंगदारी के मामले में वांछित एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई ग्राम बभण्डी में की गई, जहां से आरोपी को दबोचा गया। पुलिस को लंबे समय से आरोपी की तलाश थी। गुप्त सूचना के आधार पर बारुण थाना की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बभण्डी गांव में छापेमारी की और अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी रंगदारी से जुड़े एक मामले में फरार चल रहा था और पुलिस उसे पकड़ने के लिए लगातार प्रयासरत थी। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेजा गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है, ताकि इस तरह के अपराधों में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी सूरत में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# शहीद दिवस पर 'मेरा युवा भारत' का श्रमदान युवाओं ने संभाली स्वच्छता की कमान

**निज संवाददाता | बारुण (औरंगाबाद)**



शहीद दिवस 2026 के अवसर पर 'मेरा युवा भारत' (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में बारुण प्रखंड के बरौली गांव में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नव युवा समिति बरौली के सहयोग से बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और गांव की सड़कों तथा पोखरों के किनारे साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। यह श्रमदान कार्यक्रम देश के वीर सपूतों—भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को समर्पित था। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत करना रहा, जिसके तहत इस वर्ष की थीम "मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी" निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए न केवल स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाया, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश भी दिया। गांव के विभिन्न हिस्सों में सफाई कर यह दिखाया गया कि युवा शक्ति यदि संगठित हो जाए तो किसी भी सामाजिक अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

जिला युवा अधिकारी सुशील करोलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शहीद दिवस के अवसर पर जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 22 मार्च को श्रमदान कार्यक्रम संपन्न हुआ, जबकि 23 मार्च को बरौली गांव में एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रोशन कुमार, मुकेश कुमार, चंदन कुमार, कुंदन कुमार, राजेश कुमार, विनय कुमार, संजय कुमार, योगेश कुमार और रोशन सहित कई युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि शहीदों के बलिदान को केवल याद करने तक सीमित न रखकर उसे समाज के उत्थान और जिम्मेदारी के निर्वहन के रूप में आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है।